सुप्रभात
रांची, बुधवार
30.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 137

12 पोलैंड के खिलाफ अर्जेंटीना की नजरें एक बार फिर मेस्सी पर

## न्यूज डायरी

### गुजरात में पहले चरण का शोर थमा, एक को वोटिंग

**अहमदाबाद।** गुजरात की कुल 182 विधानसभा सीट में से 89 सीटों पर मंगलवार को शाम पांच बजे चुनाव प्रचार अभियान थम गया। दक्षिण गुजरात के 19 जिलों और कच्छ-सौराष्ट्र क्षेत्रों की 89 सीट के लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां एक दिसंबर को मतदान होगा। पहले चरण के मुख्य उम्मीदवारों में आप के सीएम पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी भी हैं। वहीं गुजरात के पूर्व मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी, क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा भी मैदान में हैं।

### प्रेम में धोखा खाये युवक ने की खुदकुशी

**बोकारो।** सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-2 बी स्थित सौरभ शिशु विद्या मंदिर की छत पर बने कमरे में 25 वर्षीय एक युवक फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम कुणाल कुमार है। आत्महत्या से पूर्व उसने वीडियो बनाकर सुसाइड नोट भी छोड़ा। सुसाइड नोट में उसने आत्महत्या की वजह प्रेमिका का धोखा देना बताया।

### गढ़वा में धमाके से घर उड़ाने का प्रयास

**गढ़वा।** विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के अमहर खास पंचायत के कोइरी टोला निवासी बनारसी मेहता के घर को अज्ञात लोगों ने बम से उड़ाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात करीब एक बजे की है। विस्फोट में घर का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने पीड़ित के घर जाकर जांच शुरू कर दी है।

### टेरर फंडिंग में 20 जगहों पर एनआइए का छापा

**नयी दिल्ली।** एनआइए, दिल्ली-एनसीआर समेत 20 जगहों पर छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी लॉरेंस विश्नोई से जुड़ी गैंगस्टर-टेरर फंडिंग मामले में की जा रही है। एजेंसी इससे पहले भी इस मामले में देशभर में तमाम जगह छापेमारी कर चुकी है। छापेमारी में सनसनीखेज खुलासे भी हुए थे। सूत्रों का कहना है कि इसमें टेरर फंडिंग से गैंगस्टर्स और उनके लोगों का हाथ होने के बारे में सबूत जुटाए जा रहे हैं।

### बारात गाड़ी-ट्रैक्टर से टकरायी, दो की मौत

**रांची।** मांडर थाना क्षेत्र के रांची-डालटेनगंज मार्ग पर बाराती गाड़ी और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में दो की मौत हो गयी। इस हादसे में तीन लोग जख्मी हुए हैं, इन तीनों को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। हादसा एनएच 75 पर तिग्गा फ्यूल पास कंदरी गांव के चिल्हटोली के पास रात में हुई। सभी चान्हो थाना क्षेत्र के सोंस पतरातू गांव से बैलोरो गाड़ी से रामगढ़ जिला के गोला चितरपुर गांव शादी में जा रहे थे। सामने से आ रही ट्रैक्टर के ट्रॉली से बाराती गाड़ी की टक्कर हो गयी। मृतकों के नाम सोस पतरातू गांव निवासी अनंत महतो (50) और राशन डीलर विजय कुमार गुप्ता (35) बताया गया।

### रामगढ़ : डंपर की चपेट में आ कर महिला, बच्ची की मौत

**रामगढ़।** कुज्जु ओपी क्षेत्र के आरा कांटा डीएवी स्कूल के पास सड़क हादसे में छह वर्षीय एक बच्चे और एक महिला की मौत हो गयी। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुज्जु घाट मुख्य सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित सीसीएल के डंपर की चपेट में दो महिला और एक बच्चा आ गया। दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 49,700 रु./10 ग्राम
चांदी : 65,000 रु./प्रति किलो

---

अव्यवस्था पर रिम्स को हाइकोर्ट ने लगायी कड़ी पटकार, कहा

# नहीं संभल रहा तो निदेशक पद छोड़ें, किसी आइएएस को सौंपे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रिम्स की अव्यस्था पर निदेशक को कड़ी फटकार लगायी। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि अगर रिम्स के निदेशक से व्यवस्था नहीं संभल रही है तो ऐसे निदेशक की क्या जरूरत, क्यों ना इस पद पर एक आइएएस को नियुक्त कर दिया जाये। मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने निदएसक से कहा, अगर आप यह पद नहीं संभाल पा रहे हैं, तो छोड़ दें। सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ सचिव अदालत में सशरीर उपस्थित हुए थे।

इलाज की लचर व्यवस्था और विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद को शो कॉज नोटिस जारी किया था। मंगलवार को इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई छह दिसंबर को होगी।



**स्वास्थ्य सचिव सशरीर हुए हाजिर :** हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य के स्वास्थ सचिव सशरीर उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान अदालत ने जमकर फटकार लगायी है। स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह से पूछा कि किस प्रावधान के तहत आपने आउटसोर्सिंग का सहारा लिया। रिम्स के निदेशक को काम नहीं करना, तो इस्तीफा दे दीजिए। हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए निदेशक को बदलने की भी सलाह दी है।

**नियुक्ति और अव्यवस्था को पर कई सवाल :** कोर्ट ने पिछली बार हुई सुनवाई में राज्य के स्वास्थ सचिव को सशरीर उपस्थित होने आदेश दिया था। 28 जनवरी 2022 को चार माह के अंदर सभी स्वीकृत और खाली पदों को भरने का आदेश दिया गया।

**किस नियम के तहत मांगा गया था आवेदन :** चतुर्थ वर्ग के 467 विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए जो विज्ञापन निकाला गया। उसमें झारखंड के नागरिकों, बाद में सुधार कर झारखंड के निवासियों से आवेदन क्यों मांगा गया। यह किस कानून, नियम, परिनियम, सर्कुलर या सरकार के किस आदेश से इस तरह का आवेदन मांगा गया है। रिम्स में इलाज की लचर व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था ।

### काम नहीं करना चाहते रिम्स निदेशक

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने विभिन्न मामलों की सुनवाई एक साथ की है। रिम्स की अव्यस्था को देखते हुए हाईकोर्ट ने यह भी सुझाव दिया है कि किसी आईएएस अधिकारी के हाथ में रिम्स की जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने मौखिक कहा कि रिम्स डायरेक्टर के खिलाफ अवमानना का मामला भी चलायेंगे। कोर्ट ने रिम्स निदेशक के खिलाफ कड़ी टिप्पणी की साथ ही कहा कि रिम्स निदेशक काम नहीं करना चाहते हैं, ऐसे में उन्हें रिजाइन कर देना चाहिए। वे रांची की बजाय दिल्ली या विदेश में ज्यादा समय बिताना चाहते हैं। अब मामले की अगली सुनवाई अगले मंगलवार छह दिसंबर को होगी।

---

# झारखंड को जीएसटी मद में मिला 338 करोड़

तंबाकू, सिगरेट, हुक्का, मोटर व्हीकल्स पर जारी रहेगा सेस

### केंद्र ने जारी की अंतिम किस्त




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार ने जीएसटी मुआवजे की अंतिम किस्त के रूप में राज्यों के लिए 17000 करोड़ जारी कर दिया है। इनमें बिहार को महज 91 करोड़ और झारखंड 338 करोड़ ही मिलेगा। उत्तर प्रदेश को 1202 और बंगाल को 814 करोड़ रुपए मिलेंगे।

एक जुलाई 2017 से नये कर कानून जीएसटी लागू किया गया था। तब राज्यों को केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया था कि जीएसटी लागू होने से उन्हें राजस्व का जो नुकसान होगा, पांच साल तक केंद्र सरकार उसकी भरपाई करेगी। जीएसटी के पहले वैट के दौरान राज्यों को राजस्व ग्रोथ करीब 8.9 फीसदी था और बिहार का 13 फीसदी था। इस आधार पर जीएसटी के तहत प्रोटेक्टेड रेवन्यू में 14 फीसदी ग्रोथ नहीं होने पर मुआवजा का प्रावधान किया गया था, जिसकी मियाद 30 जून, 2022 को खत्म हो गयी। बिहार को अंतिम किस्त चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही यानी अप्रैल से जून 2022 की अवधि तक के लिए जारी की जायेगी। केंद्र ने मुआवजा देने के लिए जीएसटी के तहत विलासितापूर्ण वस्तुओं पर सेस लगाया है। सेस की राशि से ही राज्यों को मुआवजा की राशि जाती रही थी, लेकिन केंद्र ने सेस वसूले जाने की अवधि बढ़ाकर जुलाई 2026 तक के लिए कर दिया है। अब इस राशि से केंद्र सरकार कोरोना काल में राज्यों को दिये ऋण की कैपिटल और सूद की भरपाई करेगी। दो वित्त वर्षों के दौरान राज्यों ने जो लोन लिया था, उसे चुकता करना है। इसके लिए तंबाकू, सिगरेट, हुक्का, एयरेटेड वॉटर, हाइ-एंड मोटरसाइकिल, एयरक्राफ्ट, याट और मोटर व्हीकल्स पर सेस जारी रहेगा। यानी इनके लिए अब भी उपभोक्ता को अधिक कीमत चुकानी होगी।


---

# झारखंड में बढ़ी कनकनी डाल्टनगंज रहा सबसे ठंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उत्तर की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण पूरे झारखंड में कनकनी बढ़ी है। कुछ इलाकों में कोहरा भी पड़ रहा है, जो अभी जारी रहेगा। डालटनगंज में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। सोमवार को वहां का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री रिकार्ड रिकार्ड किया गया। इसके बाद सबसे कम तापमान सिमडेगा का 9.9 डिग्री रहा। पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के मुताबिक अगले पांच दिनों में पलामू, चतरा, गढ़वा, लातेहार और कोडरमा में औसत तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

### ठंड में प्रवासी पक्षियों से झारखंड गुलजार



**झारखंड प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। ठंड में यहां की खूबसूरती को चार चांद लग जाती है। ठंड में के मौसम में प्रवासी पक्षियों साइबेरियन डक एवं साइबेरियन क्रेन की चहचहाहट तेज हो जाती है। इन पक्षियों के कलरव से पूरा इलाका गूंजने लगता है। खासकर गिरिडीह जिले का खंडोली जलाशय। साइबेरियन डक एवं साइबेरियन क्रेन के अलावा पोचार्ड, लिटिल ग्रेवी, ब्राह्मणी जैसी विदेशी प्रजातियां भी खंडोली में चार माह तक अपना डेरा जमाते हैं। विदेशी मेहमानों से गिरिडीह के सभी डैम और तालाब भर गये हैं।**

### और बढ़ेगी सर्दी लापरवाही नहीं बरतने की सलाह

चिकित्सकों के मुताबिक ऐसे सर्द मौसम में लापरवाही नहीं बरते। थोड़ी सी भी लापरवाही घातक हो सकती है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखना होगा। मौसम केंद्र के मुताबिक अगले चार दिनों के बाद रात के तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। किसान भाईयों को कृषि केंद्र का सुझाव है कि अगर रबी फसलों की बुआई कर चुके हैं लेकिन अंकुरण समान रूप से नहीं हो पाया है तो खाली जगहों पर दोबारा बीच बोएं। अगर एक ही जगह पौधों की संख्या ज्यादा हो गयी है तो उसे उखाड़कर खाली जगहों पर लगायें।

---

# एक दिसंबर से डिजिटल रुपये में कर सकेंगे लेनदेन

## चार शहरों से होगी पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** थोक डिजिटल रुपये के बाद आरबीआइ एक दिसंबर से खुदरा डिजिटल रुपए का चलन शुरू करने जा रहा है। खुदरा डिजिटल रुपये से ग्राहक आपस में लेनदेन के साथ किसी भी दुकान से खरीदारी भी कर सकेंगे। खुदरा डिजिटल रुपए का चलन अभी देश के चार शहरों से पायलट रूप में शुरू किया जा रहा है। इन शहरों में मुंबई, दिल्ली, बंगलुरू और भुवनेश्वर शामिल हैं। इसके बाद अहमदाबाद, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, लखनऊ, पटना और शिमला जैसे शहरों में




डिजिटल रुपए का चलन शुरू होगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से मंगलवार को यह जानकारी दी गयी।

**पायलट प्रोजेक्ट के शुरू होगा पूर्ण चरण :** डिजिटल रुपये के थोक व खुदरा चलन के पायलट प्रोजेक्ट के बाद पूर्ण रूप से डिजिटल रुपये के चलन को शुरू किया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

### कैसा होगा डिजिटल रुपया

बैंक बिल्कुल पेपर के नोट जैसे आकार में ही डिजिटल रुपया जारी करेंगे। इसे रखने के लिए बैंक ही ग्राहकों को डिजिटल वैलेट मुहैया करायेंगे जिसे मोबाइल फोन या अन्य डिवाइस में स्टोर किया जा सकेगा। हालांकि डिजिटल रुपया रखने पर बैंक की तरफ से कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा, जबकि पेपर नोट को बैंक में रखने पर ब्याज मिलता है। डिजिटल रुपये से ग्राहक आपस में लेनदेन भी कर सकेंगे और दुकान से खरीदारी भी कर सकेंगे। खरीदारी करने के लिए वे दुकानदार के क्यूआर कोड का इस्तेमाल करेंगे।

---

# विशाल चौधरी ने मांगा इडी से दो सप्ताह का समय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेताओं व नौकरशाहों का करीबी विशाल चौधरी ने प्रवर्तन निदेशालय से पेश होने के लिये दो सप्ताह का समय मांगा है। इडी ने विशाल चौधरी को 28 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। उसने ईडी को पत्र लिखकर दो हफ्ते का समय मांगा है। ईडी ने उसके पत्र पर विचार नहीं किया है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द ही उसे दूसरा समन भेजा जायेगा। विशाल चौधरी की संदिग्ध गतिविधियों और देश से भागने की आशंका के मद्देनजर इडी के अनुरोध पर उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के आलोक में इमिग्रेशन

### नेताओं व नौकरशाहों का करीबी है विशाल

अधिकारियों ने 24 नवंबर को उसे दिल्ली स्थित हवाई अड्डा पर थाइलैंड भागने के दौरान रोका और इडी को इसकी सूचना दी थी। मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान विशाल चौधरी के रांची और मुजफ्फरपुर स्थित ठिकानों पर छापामारी की गयी थी। अशोक नगर रोड नंबर छह स्थित उसके आवास, अरगोड़ा आइडीबीआइ बैंक के ऊपर के मंजिल स्थित उसके कार्यालय, मोरहाबादी के वसुंधरा गार्डन स्थित एक फ्लैट में छापामारी की गयी थी। इसी के मद्देनजर उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। (शेष पेज 11 पर)

### शराब, ताड़ी का धंधा छोड़ें, एक लाख पायें

**पटना।** बिहार में लीतीश कैबिनेट में 31 एजेंडे पास किये गये। बैठक में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए जीविकोपार्जन के तहत शराब का धंधा छोड़ने वालों को सरकार आर्थिक रूप से मदद देने का बड़ा फैसला लिया है। बिहार कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया है कि जो लोग शराब का धंधा कर रहे हैं वो उसे छोड़कर सरकार द्वारा दी जा रही सहायता का लाभ लें। जो लोग शराब का धंधा छोड़ेंगे उनको राज्य सरकार 1 लाख रुपए की आर्थिक मदद करेगी। राज्य सरकार शराब, ताड़ी के उत्पादन और बिक्री में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन और अनुसूचित जाति, जनजाति परिवारों को एक लाख रुपए देगी। सरकार का कहना है कि इस पैसे से शराब-ताड़ी के पेशे में लगे लोग अपने लिए नया रोजगार खड़ा कर पायेंगे।

---

# एअर इंडिया-विस्तारा के मर्जर की घोषणा

## टाटा की 74.9% हिस्सेदारी, लो-कॉस्ट वाली पहली एयरलाइन होगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन्स का मर्जर होने वाला है। नयी फर्म में टाटा की 74.9% और सिंगापुर एयरलाइन (एसआइए) की 25.1% स्टेक होगी। नयी फर्म का नाम एआइ-विस्तारा एक्सप्रेस-एयरएशिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एआइपीएल) होगा। टाटा संस और एसआइए ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2024 तक इस प्रोसेस को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

**फुल-सर्विस और लो-कॉस्ट वाली पहली एयरलाइन :** एअर इंडिया (एअर इंडिया एक्सप्रेस और एयर एशिया इंडिया सहित) और



विस्तारा के पास कुल 218 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी एयरक्राफ्ट हैं, जो 38 इंटरनेशनल और 52 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन पर सर्विस देते हैं। विस्तारा, टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड के बीच 51:49 का जॉइंट वेंचर है। इसे 2013 में स्थापित किया गया था और यह मध्य पूर्व, एशिया और यूरोप में इंटरनेशनल ऑपरेशन्स के साथ भारत का लीडिंग फुल सर्विस कैरियर है। मर्जर के बाद, एयर इंडिया फुल-सर्विस और लो-कॉस्ट वाली पैसेंजर सर्विस दोनों को ऑपरेट करने वाला एकमात्र भारतीय एयरलाइन ग्रुप होगा।

**वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनेगी :** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा, 'विस्तारा और एयर इंडिया का विलय एअर इंडिया को वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने की हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम हर ग्राहक को शानदार अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से एअर इंडिया को बदल रहे हैं। परिवर्तन के हिस्से के रूप में, एअर इंडिया अपने नेटवर्क और बेड़े दोनों को बढ़ा रहा है।
(शेष पेज 11 पर)

### अब 10 हजार से अधिक बकाये पर कटेगी बिजली

**रांची।** वित्तीय घाटे को कम करने के लिए जेयूवीएनएल ने राजस्व संग्रह पर जोर देने का निर्णय लिया है। इसके लिए कंपनी ने दस हजार से अधिक के बकायादारों का बिजली कनेक्शन काटने का निर्णय लिया है। एक तरफ राज्य में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर ऊर्जा विभाग बकायादारों से बिजली बिल वसूलने में जुटा है।

विभागीय अधिकारियों ने अधीनस्थों से कहा है कि 10 हजार से ऊपर के बकायादारों पर रहम न किया जाय उनकी बिजली काट दी जाये। इसके लिए बकायादारों की लिस्ट बनायी गयी है। रांची प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने बकायेदारों से भुगतान में सहयोग की अपील की है।

---

# अगले साल तक 200 गांवों को सोलराइज करने का लक्ष्य

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार को बढ़ावा देने के प्रति सरकार कृतसंकल्प

### सोलर सिटी बन रहा गिरिडीह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य सौर नीति-2022 के तहत 1000 गांवों को सोलराइज करने के लक्ष्य तय किया गया है। इसके प्रथम चरण में 2023 तक झारखंड के 200 गांवों को सोलराइज करने को दिशा में सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। इसका उद्देश्य गांवों को सोलराइज करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास को बढ़ावा, बिजली आपूर्ति की



विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार, ग्रामीण आय को बढ़ाना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने देना है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सौर को एकीकृत करके रोजगार का अवसर प्रदान किया जा सकेगा। इस कड़ी में गिरिडीह को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां घरेलू उपभोक्ता के लिए कुल 17 मेगावाट एवं वाणिज्यिक सेक्टर के लिए 5 मेगावाट का रूफटॉप पॉवर प्लांट, एक मेगावाट सोलर स्ट्रीट लाइट एवं ग्राउंड माउंटेड सोलर पॉवर प्लांट 18 मेगावाट का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 5 मेगावाट रूफटॉप लगाने की कार्यवाही चल रही है। (शेष पेज 11 पर)

### रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान

सौर नीति के तहत बिजली की अधिक खपत वाले गांवों को प्राथमिकता देने का कार्य किया जायेगा। मध्यम आकार के गांवों या अधिक छोटे समूहों की पहचान करने का निर्देश सरकार ने दिया है। साथ हीए गांव में कृषि उद्योग के अतिरिक्त नौकरी के अवसर सृजित करने पर अधिक जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड के प्रत्येक जिले में चयन मानदंडों के आधार पर सौर गांवों में तब्दील किए जाने वाले गांवों की प्राथमिकता सूची की पहचान, चिन्हित गांवों की सूची उपायुक्तों के साथ साझा करनेए गांवों में आजीविका को लेकर सौर ऊर्जा के नए प्रयोगों को लागू करने की संभावनाओं, सामुदायिक सौर प्रतिष्ठानों के लिए उपयुक्त सरकारी और भूमि बैंकों की पहचान कर नक्शा बनाने और गांवों की मांग को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित का निर्देश दिया है। किसानों को ध्यान में रखते हुए माइनर इरिगेशन में भी सौर ऊर्जा के उपयोग पर ध्यान देने का निर्देश मिला है।

---

# ओबीसी आरक्षण को ले सुप्रीम कोर्ट से सरकार को नोटिस

**रांची(खबर मन्त्र संवाददाता)।** झारखंड नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गयी अवमाननावाद याचिका पर किया गया है। अदालत ने मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार ने पक्ष रखा। याचिका में सांसद की ओर से कहा गया कि झारखंड सरकार ने पंचायत चुनाव के पहले सर्वोच्च न्यायालय में जो शपथपत्र दायर किया था उसका पालन नहीं किया। सरकार ने उक्त शपथपत्र के विरुद्ध बिना ओबीसी के आरक्षण का निकाय चुनाव कराने का निर्णय ले लिया। पहले झारखंड सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में शपथपत्र देकर बताया था कि ओबीसी आरक्षण से संबंधित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रियाधीन है। झारखंड सरकार भविष्य में होने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा कर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गए निर्देश का अनुपालन करेगी।
(शेष पेज 11 पर)

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (समाज कल्याण शाखा)

### अति अल्पकालीन निविदा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में रामगढ़ जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 09.12.2022 को अपराह्न 12:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 09.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष रामगढ़ समाहरणालय ब्लॉक–A सभागार में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि स्वेटर के नमूने के साथ भाग लेंगे। आवश्यक जानकारी निम्नवत है :–

| क्र0 | विवरणी | तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| 1. | निविदा की कुल राशि | 89,38,000/– |
| 2. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.11.2022 |
| 3. | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ |
| 4. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 09.12.2022 को अपराह्न 12:00 बजे तक |
| 5. | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | 09.12.2022 को अपराह्न 01:30 बजे तक |
| 6. | निविदादाताओं का क्रय/निविदा समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | 09.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे (निविदादाता या उनके प्रतिनिधि स्वेटर के नमूने के साथ बैठक में भाग लेंगे) |

उपरोक्त निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी **ramgarh.nic.in** पर देखा जा सकता है।

आदेशानुसार
ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.283757 District(22-23):D


# राहुल गांधी को झारखंड में भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण

## इंदौर में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुए झारखंड कांग्रेस के नेता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा के उपयात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मंगलवार को मध्यप्रदेश के इन्दौर के सांबेर से राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के दरम्यान राजेश ठाकुर ने इसके लिए उन्हें आमंत्रण दिया। इस यात्रा में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख, भारत जोड़ो यात्रा के राज्य संयोजक सुबोधकांत सहाय सहित कई विधायक भी इसमें शामिल हुए थे।



इन्दौर में राहुल गांधी से मुलाकात करतें झारखंड कांग्रेस के नेता

इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि यात्रा के दौरान हीं मध्या भोजन के समय राहुल गांधी ने झारखंड से आये नेताओं के संग राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात और राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे विकास के कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दे में जो कार्य कर रही है, वो काबिले तारीफ है। इसी क्रम में राजेश ठाकुर ने झारखंड में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा के उपयात्रा में राहुल गांधी को शामिल होने का आमंत्रण दिया।

**विकासशील चेहरे को बदनाम कर रही है भाजपा:** राहुल गांधी ने भेंट के क्रम में कहा कि झारखंड सरकार के विकासशील चेहरे को बदनाम करने का षड़यंत्र भाजपा के द्वारा किया जा रहा है। राजेश ठाकुर के नेतृत्व में इसका डटकर मुकाबला सभी लोग करें। नफरती माहौल, महंगाई, देश की गिरती अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर जो लड़ाई कांग्रेस लड रही है, उसी का परिणाम है कि भाजपा बेचैनी में संवैधानिक संस्थाओं द्वारा उस आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। लेकिन न हम डरेंगे, न झूकेंगे बल्कि जनता की आवाज बनकर जनता के साथ मिलकर इस निरंकुश सरकार को हराने का काम करेंगे। इस यात्रा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सहभागिता के लिए झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को राहुल गांधी ने साधुवाद भी दिया।

**अंग्रेजों की नीति का अनुसरण कर रही भाजपा:** मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भारत जोडो यात्रा के क्रम में कहा कि आज इस यात्रा की जरूरत क्यों पड़ी, यह सोचनीय है। देश से अंग्रेज चले गये पर उनकी फूट डालो और राज करो की नीति को भाजपा ने आत्मसात कर लिया है। अंग्रेजों के शासनकाल से भी बदतर स्थिति अभी देश में है। भाजपा ने देश को जात, पात, धर्म के नाम पर नफरत का जहर घोल दिया है। गंगा-जमुनी तहजीब की धरती पर आज लोगों के दिमाग में नफरत का जहर घोला जा रहा है।

**पदयात्रा में शामिल कांग्रेस नेता**

पदयात्रा कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, विधायक प्रदीप यादव, अनुप सिंह, अम्बा प्रसाद, रामचन्द्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव, अमुल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, काली चरण मुंडा, विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, शशिभूषण राय, शकील अख्तर अंसारी, भानू प्रताप बड़ाईक सहित अन्य कांग्रेस जन झारखंड से शामिल हुए।

## डुमरदगा, लालगंज व सुगनू की समस्याएं सांसद ने उठायी



**रांची।** सांसद संजय सेठ रक्षा मंत्रालय की विधान संबंधी संसदीय समिति की बैठक में मंगलवार को शामिल हुए। सांसद ने बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सुगनू, डुमरदगा और लालगंज के भूतपूर्व सैनिकों और ग्रामीणों के आवागमन की समस्या को रखा। उन्होंने समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों से इसके त्वरित समाधान के लिए पहल करने की अपील की। अधिकारियों ने सांसद को बताया कि देश स्तर पर ऐसी जितनी भी समस्याएं सामने आ रही हैं, सबके समाधान के लिए खुद रक्षा मंत्री गंभीर है। समस्याओं का समाधान जल्द हो, इसके लिए लगातार सकारात्मक तरीके से पहल हो रही है। सांसद ने रक्षा मंत्रालय द्वारा कार्यों और उपलब्धियों के लिए सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने सहित अधिकारी मौजूद थे।


## अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (बाजार समिति, खूँटी)

### गोदाम आवंटन हेतु आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि बाजार समिति, खूँटी अन्तर्गत बुण्डू अनुमंडल स्थित बुण्डू पूरान बाजारटांड़ स्थित गोदामों का आवंटन किया जाना है, जो निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | गोदाम का स्थान | गोदाम की क्षमता (मे0 टन) | निर्धारित मासिक किराया | गोदाम आवंटन हेतु जमा की जाने वाली अग्रीम किराया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना बाजार टांड, बुण्डू | 500 | 3.75 रु0 प्रति वर्गफीट | तीन माह का किराया |

गोदाम लेने के इच्छुक व्यक्ति/सरकारी–गैर सरकारी संस्था/कम्पनी (व्यापारी) दिनांक– 01.12.2022 से दिनांक– 07.12.2022 तक कार्यालय कार्यवधि में आवेदन दे सकते है।

नोट:– विशेष जानकारी/नियम एवं शर्तें हेतु कार्यालय अवधि बाजार समिति, खूँटी से सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी –सह–विशेष पदाधिकारी, कृषि उत्पादन बाजार समिति,खूँटी।

PR 283712 District(22-23)D


# सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने पूछा- टेट पास पारा शिक्षकों समायोजन के लिए क्या कदम उठाये गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में टेट पास पारा शिक्षकों के समायोजन से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने सरकार से पूछा था कि टेट पास शिक्षकों के समायोजन को लेकर क्या कदम उठाए गए हैं। जिसपर सरकार ने अदालत में कहा, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गठित कमेटी ने कई सुझाव दिए हैं। इसके बाद अदालत ने सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देते हुए बुधवार को फिर मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया है।

प्रार्थी सुनील कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन एवं नियमितिकरण के मामले में हाईकोर्ट में दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। वे शिक्षक पद की अहर्ता भी पूरी करते हैं। याचिका में मुख्य मांग यह की गई है कि राज्य सरकार उनकी सेवा स्थाई करे और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित करे। साथ ही समान कार्य के बदले समान वेतन दिया जाए।



## पत्रकार बैजनाथ की हत्या के आरोपी बेंगा को हाईकोर्ट से बेल नहीं

**रांची।** पत्रकार बैजनाथ महतो की हत्या का मुख्य आरोपी आकाश कुमार गुप्ता उर्फ बेंगा को जमानत देने से झारखंड हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। अदालत ने मंगलवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी आकाश उर्फ बेंगा की जमानत याचिका खारिज कर दी। निजी चैनल के कैमरामैन बैजनाथ महतो पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी आकाश उर्फ बेंगा को गिरफ्तार किया था। यह घटना पिछले वर्ष सितंबर की है. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद के कोर्ट ने आरोपी बेंगा की बेल याचिका पर सुनवाई की।

## नक्शा पास करने में अवैध वसूली पर हाईकोर्ट गंभीर, लिया स्वत: संज्ञान,1 दिसंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल से संबंधित छपी रांची के स्थानीय समाचार पत्र में खबर के आधार पर मामले में स्वत संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई 1 दिसंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आरआरडीए एवं रांची नगर निगम के अधिवक्ता को बुलाकर उनसे नक्शा स्वीकृति के मामले में जानकारी मांगी। कोर्ट ने 1 दिसंबर को इस मामले की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन को उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है।

बता दें कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है की राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना (2nd Call)

**PR No. -281731 Urban Development and Housing (22-23)D**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, हजारीबाग झील रोड स्थित निर्मित भवन का खुला डाक के माध्यम से बन्दोवस्ती किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 30.11.2022 से 08.12.2022 तक नगर निगम कार्यालय के एकल खिड़की से फार्म 2500.00 रुपये की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो Municipal commissioner, Hazaribag Municipal Corporation के नाम से भुगतेय होगा का बैंक ड्रॉफ्ट जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | झील रोड स्थित निर्मित भवन का संचालन एवं रख–रखाव | 20,00,000/- | 10,000/- |

नोट – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 283721 Urban Development (22-23)_D



## Jharkhand State Building Construction Corporation Limited

(Govt. of Jharkhand Undertaking), Corporation Identification No.-U45201JH2015SGC003325
Regd. Office:- Building Construction Department, Govt. of Jharkhand,
Project Building, P.O.- Dhurwa, Ranchi-834004, Jharkhand
Phone No.:- 0651-2446257/2446258/2446259, e-mail:-jsbccljharkhand@gmail.com

Notice No. JSBCCL/RFP/02/2022-23 Date.29.11.2022

### VERY SHORT NOTICE INVITING PROPOSALS

For Appointment of Project Implementation Consultant (PIC) for Construction of 50/100 Bedded Prefabricated field Hospital at 12 different Places of Jharkhand.
NO. 02/2022-23(2nd call)

Jharkhand State Building Construction Corporation Limited (JSBCCL) hereby invites proposals from qualified, experienced and financially sound consultants. Interested in providing Project Implementation Consultancy for JSBCCL projects. For details of scope of work, Eligibility criteria, Selection mechanism, Evaluation procedure and other terms and conditions can be seen in the Request for proposal (RFP) document. Copies of the Request for Proposal (RFP) document can be downloaded from the e-tendering portal of i.e. www.jharkhandtenders.gov.in from **30.11.2022 till 14.12.2022.**

**A Pre-Proposal meeting with the willing parties will be held on 02.12.2022 at 11:30 A.M. in the office of Executive Director, JSBCCL, Ranchi.**

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Jharkhand State Building Construction
Corporation Ltd., Ranchi., Telephone No.- 0651-2446259
e-mail-jsbccljharkhand@gmail.com

P.R.No-281039

PR 283763 Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.(22-23)#D


## इडी अफसरों ने पंकज मिश्रा के पास से चार फोन किये जब्त

**हिरासत में रहते 300 कॉल्स किये जाने का आरोप**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) का दावा है कि मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पंकज मिश्रा ने 27 जुलाई से अब तक रिम्स में रहने के दौरान विभिन्न व्यक्तियों से 300 फोन कॉल्स पर बात की। अक्टूबर में ईडी ने उनके दो सहयोगियों चंदन यादव और सूरज पंडित को कथित तौर पर लोगों से बात करने के लिए उन्हें अपने मोबाइल फोन मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

यह खुलासा तब हुआ जब पंकज मिश्रा की जमानत याचिका का ईडी के अधिवक्ता विरोध कर रहे थे। ईडी की ओर से बहस में कहा गया कि पंकज मिश्रा अभी भी अपने सहयोगियों के माध्यम से अपनी अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। उनके द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे चार मोबाइल फोन की पहचान कर जब्त किया गया है।

**अधिकारियों के संपर्क में था पंकज मिश्रा :** इडी ने कहा है कि न्यायिक हिरासत में पंकज मिश्रा ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया। वह वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अन्य अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में था।

ईडी का आरोप है कि पंकज मिश्रा का संपर्क चूकि बड़े-बड़े लोगों से है, इसलिए उसे हिरासत में सभी सुविधाएं मुहैया हो जा रही हैं। एजेंसी ने यह भी दावा किया है कि अगर पंकज मिश्रा को जमानत मिल जाती है तो वे अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर साक्ष्य मिटाने और केस से जुड़े तथ्यों के साथ छेड़छाड़ भी कर सकते हैं।

# उत्पाद विभाग के कम राजस्व उगाही पर सीएम को बाबूलाल मरांडी ने घेरा

## कहा: शराब घोटाला में फंसने से पहले करें दोषी अफसरों पर कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद विभाग का राजस्व 516 करोड़ रुपये पीछे होने पर सीएम को घेरा है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में छत्तीसगढ़ी कंपनियों का प्रकोप अब सामने आ गया है। अब अपना चेहरा बचाने के लिए उत्पाद विभाग ने कई कंपनियों पर टार्गेट पूरा नहीं करने के लिये जुर्माना लगाया है। इनमें से तीन ने हाईकोर्ट में सरकार पर मुकदमा कर दिया है। वहीं शराब बेचने वाली मैन पावर सप्लाई कंपनियां कह रही हैं कि उन्हें ब्रांडेड शराब-बीयर की सप्लाई मिल ही नहीं रही तो टार्गेट के मुताबिक सेल कैसे करें। उन्होंने



सीएम को सलाह दी है कि इससे पहले कि वे शराब घोटाले में फंसकर एक और घोटाले का रिकॉर्ड अपने नाम कर लें। बिना देरी किये उन अफसरों पर कठोर कार्रवाई करें। जिन अफसरों ने दिल्ली की तर्ज पर शराब घोटाले में उनकी गर्दन फंसाने का पक्का इंतजाम कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इस चूहे-बिल्ली और लूटपाट के खेल में सरकारी राजस्व का बैंड बज रहा है। उन्होंने सलाह दी कि मुख्यमंत्री उनके उठाये सवालों के 1 मई 2022 का ट्वीट उलटें तो उनकी सारी शंका का समाधान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में जब घूस टार्गेट फिक्स कर पहले वसूल लिया जायेगा, तो सरकारी राजस्व का नुकसान होना तय है। उन्होंने कहा कि मई में जब छत्तीसगढ़ी शराब पॉलिसी को महिमामंडित करने के लिये विभाग ने प्रेस कांफ्रेंस किया था। जिसमें दावा किया गया कि राजस्व अनुमान से ज्यादा आने लगा है। लेकिन, राजस्व संग्रहण के झूठे आंकड़े अखबारों में छपवाने के दो महीने बाद ही उत्पाद विभाग की बोलती बंद हो गई है।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 17/2022–23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 07.12.2022 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2022 (अपराहन 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2022 (अपराहन 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बरकट्ठा प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, कल्हावाद का उन्नयन कार्य। | 4372900.00 | 87500.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 2 | बरकट्ठा प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, खीरियों का उन्नयन कार्य। | 2969300.00 | 59500.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 3 | चलकुशा प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, चलकुशा का उन्नयन कार्य। | 2462000.00 | 49500.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 4 | कटकमसांडी प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, ढौठवा का उन्नयन कार्य। | 1120500.00 | 22500.00 | 2500.00 | 9 माह |
| 5 | कटकमसांडी प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, शाहपुर का उन्नयन कार्य। | 1314400.00 | 26500.00 | 2500.00 | 9 माह |
| 6 | केरेडारी प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, गर्री का उन्नयन कार्य। | 1047300.00 | 21000.00 | 2500.00 | 9 माह |
| 7 | केरेडारी प्रखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र, मनातू का उन्नयन कार्य। | 2163600.00 | 43500.00 | 5000.00 | 9 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की तिथि से 80 दिनों तक होना आवश्यक है।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR283765 (Rural Development)22-23*D


# सीसीएल में आयोजित दो-दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का हुआ समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में आयोजित दो-दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का समापन मंगलवार को हुआ। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची एवं एमएसएमई-विकास कार्यालय, कोकर, रांची द्वारा संयुक्त रूप से सीसीएल परिसर, दरभंगा हाऊस, रांची में किया गया था। अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि के रूप में सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार के साथ-साथ सीसीएल के निदेशक (वित्त) पीके



मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख इन्द्रजीत यादव तथा महाप्रबंधक (एमएम), सीसीएल एसएन महतो सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआई, रांची ने एमएसएमई-डीएफओ, रांची की टीम को ऐसे कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि इतने सारे उद्यमियों को देखकर मैं काफी अभिभूत हं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को अवश्य लाभ होगा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक इन्द्रजीत यादव ने सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा सभी स्टॉलधारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बड़े उद्योगों एवं छोटे उद्योगों को एक-दूसरे के सामने लाना एवं उनके बीच समन्वय स्थापित करना था। काय्रक्रम में महाप्रबंधक सीसीएल एसएन महतो ने कहा कि सीसीएल एमएसएमई प्रोक्योरमेंट के लक्ष्य को पूरा कर लिया है तथा आने वाले वर्षों में इसे और बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 60 सार्वजनिक क्षेत्र एवं सरकारी उपक्रम तथा लघु उद्योग इकाईयाँ द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन सुरेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, रांची ने दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश जायसवाल ने किया।

# गैर इरादतन हत्या मामले में साक्ष्य नहीं जुटा पायी पुलिस, रिनपास निदेशक बरी

उदय चौहान



रांची। एक बार फिर पुलिसिया अनुसंधान फेल साबित हुआ है। रांची पुलिस साक्ष्य जुटाने में एक और मामले में विफल रही है। इस बार रिनपास की निदेशक डॉ ज्योति सिमलई के विरूद्ध कांके थाना में दर्ज धोखाधड़ी व गैरइरातन हत्या का केस साक्ष्य की कमी बताते हुए बंद कर दिया गया है।इन पर मरीज तैरू निशा को अपनी कार से टक्कर मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने तथा इलाज के दौरान मरीज की मौत होने का आरोप था। केस बंद होने से डॉ सिमलई को बड़ी राहत मिली है। मामले के अनुसंधान पदाधिकारी संतोष कुमार ने जांच पूरी करते हुए अदालत में साक्ष्य की कमी बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि मरीज तैरू निशा घटना के दिन करंज पेड़ से गिरकर जख्मी हो गई थी। मरीज के गिरने के दौरान उनकी कार वहां पहुंची थी। इसी के बाद तैरू निशा उनकी कार से टकराई थी। डॉ सिमलई ने गंभीर रूप से जख्मी मरीज को रिम्स में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराई। जहां घटना के 42 वें दिन इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

**क्लोजर रिपोर्ट में क्या है :-** कोर्ट में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि तैरू निशा करंज पेड़ पर चढ़ने के दौरान पैर पिछलने के गिरी थी। जिस करंज पेड़ की डाली से गिरी उस डाली को काट कर हटा दिया गया। ताकि, अन्य कोई इस तरह की घटना का शिकार नहीं हो। जांच के दौरान आईओ ने वहीं के कई स्टाफ से पूछताछ की थी। सभी ने तो घटना का समर्थन किया। लेकिन मरीज डॉ सिमलई की कार से टक्कर लगने से जख्मी हुई थी, इसका समर्थन नहीं किया। आगे कहा गया है कि घटनास्थल काफी घुमावदार है। वहां तेज गति से वाहन चलाना संभव नहीं है। ऐसे में वाहन चलाने में लापरवाही संभव नहीं है।

### क्या है मामला

घटना के बाद 42वें दिन मानसिक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद झामुमो के सोनू मुंडा ने कार्रवाई को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा। साथ ही, सोनू ने पांच अगस्त 2022 को लापरवाही से वाहन चलाने समेत अन्य आरोप में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद किया। सुनवाई पश्चात अदालत ने कांके थाना प्रभारी को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर सात अगस्त को डॉ ज्योति सिमलई के खिलाफ मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## बेटा-बेटी व पत्नी की हत्या मामले में ब्रजेश तिवारी दोषी करार, सजा पर फैसला आज

रांची। बेटीए बेटे और पत्नी की हत्या मामले के अभियुक्त स्पेशल ब्रांच का पुलिस चालक ब्रजेश कुमार तिवारी को अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो कि घटना को तीन फरवरी 2020 की देर रात्रि को अंजाम दिया गया था। तीनों की हत्या करने के बाद अभियुक्त ने भी चूहे मारने की दवा खा ली थी। वह घटना के बाद से ही लगातार जेल में है। इस घटना के पीछे वह बेटी खुशबू का एक लड़के से संपर्क होने से खफा था। इसी बात को लेकर घटना के दिन शराब के नशे में सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई स्थित किराये के घर में उसने बेटी खुशबू, बेटा बादल और पत्नी रीना तिवारी की हथौड़ा से मारकर और चाकू घोंप कर हत्या कर दी थी। घटना को लेकर अभियुक्त के खिलाफ सदर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 55/2020 दर्ज की गई थी।

# वार्ड 15 में अवस्थित व्यावसायिक बहुमंजिली इमारतों की मापी

मेपल वुड, फर्नीचर वर्ल्ड, डोसा प्लाजा, केएफसी, फर्नीचर होम्स, ब्रेकिंग ब्रेडकी जांच

वाटर हार्वेस्टिंग व ट्रेड लाइसेंस आदि की जांच



जांच करते अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। नगर आयुक्त के आदेशानुसार मंगलवार को रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं. 15 में अवस्थित मेपल वुड, फर्नीचर वर्ल्ड, डोसा प्लाजा, केएफसी, फर्नीचर होम्स, ब्रेकिंग ब्रेडकी जांच झारखंड नगरपालिका अधिनियमन 2011 की धारा 483 के तहत व्यवसायिक बहुमंजिले इमारतो के घृतियों के भवन की मापी, वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रेड लाइसेंस आदि की जांच की गयी। जांच के क्रम में आवेदक के द्वारा एसएएफ फॉर्म में एरिया की गलत जानकारी निगम को उपलब्ध करायी गयी थी। जांच समिति के द्वारा जिनका एरिया अधिक पाया गया उनपर दंड स्वरुप 100 प्रतिशत का शास्ति अधिरोपित किया गया।कुछ दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस का समाप्त पाया गया, जिसमें फर्नीचर होम के ट्रेड लाइसेंस का समयावधि वर्ष 2022 में ही समाप्त पाया गया।

साथ ही व्यापार कर रहे दुकानदारों को निदेशित किया गया कि व्यवसय करने के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिन दुनकादनारों के द्वारा ट्रेड लाइसेंस अब तक प्राप्त नहीं किया गया है वे तुरंत ट्रेड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद भी यदि ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया जातौ तो उक्त दुकानों को झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 466 (1) के अंतर्गत दुकानों को सीलबंद करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जांच मं नगर प्रबंधक, राजस्व शखा, वार्ड के कनीय अभियंता, निगम के कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन प्रा. लि. के कर संग्रहकर्ता आदि शामिल थे।

## झामुमो की धनबाद जिला समिति भंग, संयोजक मंडली मनोनीत

संयोजक मंडली को अगले 15 दिनों में प्रखंड और पंचायत समिति का गठन करने का दिया गया निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो धनबाद की जिला सहित सभी स्तर की समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय ने इसे लेकर एक कार्यालय आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नयी समिति के गठन तक आठ सदस्यीय धनबाद जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया है। जो अस्थायी तौर पर जिला का काम देखेगी। संयोजक मंडली में अमितेश सहाय, कंसारी मंडल, अशोक मंडल, निलम मिश्रा, सुखलाल मरांडी, धर्निधर मंडल, नकुल महतो, अलाउद्दीन अंसारी को शामिल किया गया है। संयोजक मंडली को निर्देश दिया गया है कि अगले 15 दिनों के अंदर प्रखंड समितियों एवं पंचायत समितियों का गठन व पुनर्गठन किया जायेगा। इसकी सूचना केंद्रीय कार्यालय को दी जाएगी। उसके बाद नयी जिला समिति का फिर से गठन किया जायेगा। संयोजक मंडली के सदस्यों को आगामी 2 दिसंबर को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आने का भी निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कार्यालय को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जिला समिति में गुटबाजी और कार्यकताओं की अनुशासनहीनता की जानकारी मिल रही थी। इसके बाद केंद्रीय कार्यालय ने धनबाद जिला समिति के वरीय नेताओं और केंद्रीय समिति के सदस्यों से विचार.विमर्श किया। इसके बाद जिला समिति को भंग करने का फैसला किया गया है।

## कांटा टोली फ्लाईओवर मामले में प्रशासन ने अधिग्रहित भूमि के दस्तावेज नगर निगम को सौंपा



रांची। कांटा टोली फ्लाईओवर के लिए जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर जिला भू-अर्जन कार्यालय ने आज सारी अर्जित भूमि का पजेशन नगर निगम को सौंप दिया। जिला भू अर्जन पदाधिकारी अंजना दास ने इससे संबंधित सारे दस्तावेज नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन को सौंप दिया। ये सारे दस्तावेज योगदा सत्संग आश्रम, बहुबाजार से शांति नगर, कोकर तक (भाया कांटाटोली चौक) फ्लाई ओभर परियोजना अन्तर्गत मौजा- कोनका एवं सीरम तक के हैं। मालूम हो कि बीते एक नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांटा टोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था। इस दौरान डीसी को 30 नवंबर तक अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का डेडलाइन दिया था, जिसे समय से पहले पूरा कर लिया गया।

# गोबरधन स्कीम से अगले 4 महीने में हर जिले में लगेंगे गोबर गैस प्लांट

## पेयजल विभाग ने शुरू की पहल, निर्माण को बनायी योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से गोबरधन स्कीम पर काम करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए राज्य के हरेक जिले को पिछले दिनों टेंडर कैलेंडर भेजा गया है। इसके बाद अलग अलग जिलों में इसे लेकर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया जाने लगा है। गढ़वा, चतरा, कोडरमा, साहेबगंज जैसे चुनिंदा जिलों ने इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। इस आधार पर गोबर गैस प्लांट तैयार करने को टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी की मदद ली जानी है। दिसंबर के पहले सप्ताह तक सभी जिलों में टेंडर प्रक्रिया संपन्न कराए जाने का लक्ष्य है। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि राज्य के सभी जिलों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत तक यानि मार्च 2023 तक गोबर गैस प्लांट तैयार कर लिए जाएंग।

**गोबरधन स्कीम से गांव में स्वच्छता:** केंद्र सरकार (जल शक्ति मंत्रालय) के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण, फेज-2) के तहत गांवों में गोबरधन स्कीम को अमल में लाए जाने का प्रयास शुरू हुआ है। पंचायतों में गोबर जहां तहां बिखरा पड़ा रहता है। इसका किसी प्रकार से व्यवहार नहीं किया जाता है। इससे गोबर भी बेकार हो जाता है तथा सड़क, गांव की गलियां भी गंदी रहती है। इसे देखते राज्य के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में काम हो रहा है। इसी क्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत गोबरधन स्कीम के तहत गोबर गैस प्लांट तैयार किया जाना है। जानकारी के मुताबिक इस स्कीम के लिए सभी जिलों को करीब 50 लाख रुपये का आवंटन भी किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2024 तक इसे हर हाल में खर्च किये जाने का निर्देश पीएमयू, झारखंड (प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड) की ओर से जिलों को जारी किया गया है।

**गांवों में दिखेंगे तैयार गोबर गैस प्लांट:** पेयजल विभाग के मुताबिक गोबरधन योजना के प्रावधान के मुताबिक गोबर गैस प्लांट के लिए मुख्यतः 4 तरह के मॉडल तैयार किये जाने हैं। व्यक्तिगत मॉडल, कलस्टर मॉडल, सामुदायिक मॉडल और व्यवसायिक मॉडल, जो राशि (50 लाख) जिलों को आवंटित की गयी है, उससे गोबर गैस प्लांट का कलस्टर एवं सामुदायिक मॉडल तैयार किये जाने का निर्देश जिलों को मिला है। व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक मॉडल के लिए आवंटित राशि को खर्च नहीं करने को कहा गया है। गोबर गैस प्लांट तैयार करने को टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी की आवश्यकता होगी। इसके लिए निदेशालय द्वारा ईओआई तैयार कर सभी जिला एवं स्वच्छता प्रमंडल को साझा किया गया था। इसे एक सैंपल कॉपी बताया गया है जिसमें जिलों के द्वारा आवश्यकता के अनुसार बदलाव करने को कहा गया था। कहा गया कि जिलों को एडक के माध्यम से टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी का चयन जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक में निर्णय लेकर करें। चयनित टेक्निकल सपोर्ट एजेंसी के माध्यम से गोबर गैस प्लांट यथाशीघ्र तैयार किया जाये।

**कोट**

चतरा के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (पेयजल एवं स्वच्छता) अविक अंबाला के मुताबिक एडकजारी हो चुका है। योग्य एजेंसी के चयन के बाद उसे कार्य आवंटन होगा। चयनित एजेंसी गोबर गैस प्लांट स्थापित करने में मदद के अलावे मिथेन गैस कनेक्शन का लाभ नजदीकी घरों तक पाइप लाइन के जरिये देगी। सालभर तक वह इन सारे कार्यों का मॉनिटरिंग करेगी. फिर कम्यूनिटी या गोबर उत्पादक किसान या योग्य व्यक्ति को इसके संचालन का मौका देगी।

## झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बनी काजल यादव



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन कर दिया गया है। राज्य सरकार ने आयोग में 6 सदस्य बनाये हैं। इस मनोनयन की अधिसूचना निर्गत कर दी गयी है। इसके पहले समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। जमशेदपुर के सोनारी की रहने वाली काजल यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। आयोग के सदस्य के रूप में विकास दोदराजका, उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, सुनील कुमार वर्मा, रुचि, मिनहाज उल हक और डॉक्टर आभा वीरेंद्र अकिंचन के नाम शामिल हैं। राज्य सरकार ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम की धारा 18 और झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली के नियम 7 के तहत आयोग का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग का काम बच्चों का अधिकार सुनिश्चित कराना होता है। राज्य में संचालित बाल सुधार गृह और बच्चों के लिए बने शेल्टर होम की व्यवस्था पर यह आयोग नजर रखता है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में साल 2019 में सरकार बनी थी। इसके कुछ माह पहले से ही झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन लंबित था। बच्चों के अधिकार सुनिश्चित करने के मद्देनजर आयोग के गठन को लेकर लंबे समय से मांग उठ रही थी।

# झारखंड के लोगों को अभी नहीं मिलने वाली है बिजली संकट से राहत

## राज्य सरकार से मांगे गये पांच सौ करोड़ पर फिलहाल निर्णय नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिजली संकट से आम जन को अभी भी छुटकारा नहीं मिला है। रोजाना सुबह और शाम अलग-अलग समय में लोड शेडिंग की जा रही है। विशेषकर पीक ऑवर में, जब बिजली की जरूरत सबसे अधिक होती है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य भर में लगभग 400 से पांच सौ मेगावाट बिजली की कटौती हो रही है। वहीं, राजधानी रांची में ये कटौती लगभग 50 फीसदी हो रही है। निगम के अधिकारियों की मानें तो अलग अलग जिलों में पावर लॉस या हानि को ध्यान में रखते हुए बिजली कटौती की जा रही है। ऐसे में जिन इलाकों में बिजली हानि अधिक है इन इलाकों में अधिक बिजली कटौती की जा रही है। वहीं, निगम इस समस्या से निपटने के लिये लगातार प्रयायरत है। इस दौरान जेबीवीएनएल ने राज्य सरकार से पांच सौ करोड़ की मांग की है। फिलहाल इस पर निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं केंद्र सरकार और डीवीसी प्रबंधन से भी वार्ता की जा रही है।

**इस कारण हो रही है समस्या**

जेबीवीएनएल के अतिरिक्त बिजली खरीद पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। ये रोक डीवीसी का बकाया भुगतान नहीं होने पर लगाया गया है। रोक सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली खरीद पर लगाया गया है। केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि जब तक राज्य सरकार बकाया भुगतान नहीं करती है, तब तक सामान्य बिजली नहीं मिलेगी। वहीं, जेबीवीएनएल को पिछले कुछ समय से राजस्व वसूली में नुकसान हो रहा है, जिसके कारण ये स्थिति हुई है। डीवीसी की ओर से भी दस फीसदी बिजली कटौती की जा रही है, जिससे समस्या विकराल हो गयी है।

**पीक ऑवर में हो रही लोड शेडिंग:** राजधानी रांची के अलग अलग इलाकों में छह घंटे तक की बिजली कटौती की जा रही है, जबकि कुछ इलाकों में आधे घंटे से लेकर दो घंटे तक की कटौती की जा रही है। राजधानी रांची में प्रति दिन लगभग 300 मेगावाट तक बिजली की जरूरत होती है। पिछले कुछ समय से राजधानी में 260 मेगावाट तक बिजली मिल रही है, जिससे राजधानी में ये समस्या हो रही है। बिजली में कटौती सेंट्रल पुल से किया जा रहा है। पीक ऑवर में सुबह 6 बजे से 10 बजे और शाम को 6 बजे से रात 11 बजे तक लोड शेडिंग की जा रही है।

## शहर के सभी पथों का छात्रों से सर्वे कराने का प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नगर आयुक्त रांची नगर निगम के आदेशानुसार शहर के सभी प्रकार के पथों की विस्तृत जानकारी एकत्रित किया जाना है। उक्त आलोक में रांची विश्वविद्यालय एवं उसके संबद्ध कॉलेज एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के भूगोल संकाय के स्टूडेंट्स के माध्यम से सर्वे कराने का प्रस्ताव है।

शहर के सड़कों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध होने पर निगम की भावी कार्ययोजना तैयार करने, प्राप्त डाटा के सहयोग से शहर की सफाई व्यवस्था के सुचारू संपादन, सड़कों के साथ अवस्थित नालियों के निर्माण एवं उसके सफाई आदि कार्य योजना को सफलीभूत करने आदि में निगम को मदद मिलेगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक वर्ष आयोजि होने वाले सवच्छ सर्वेक्षण के लिए भी यह काफी उपयोगी होगा।

सर्वे में शामिल होने वाले स्टूडेंट्सको पढाई के साथ साथ शहर के सड़कों हेतु बनाए जाने वाले कार्य योजना के संबंध में फील्ड एक्सपोजर मिलेगा साथ ही निगम द्वारा प्रत्येक स्टूडेट्स को दो-दो हजार रुपया प्रोत्साहन राशि, प्रमाण पत्र एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्टूडेंट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। इस सर्वे हेतु नोडल ऑफिसर संदीप कुमार (मो नं. 8521440775), नगर प्रबंधक, रांची नगर को बनाया गया है। सर्वे हेतु स्टूडेंट्स इनसे संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# राज्य के 27 डीसी बने जेसी और 15 एसी बने डीसी और 72 एसटीओ बने एसी

## वाणिज्य कर के 72 एसटीओ बने असिस्टेंट टैक्स कमिश्नर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। वाणिज्य कर विभाग ने विभाग में कार्यरत अधिकारियों को एसटीओ से एसी, एसी से डीसी और डीसी से जेसी में प्रोन्नति दी है। विभाग ने 72 अधिकारियों को एटीओ से एसी के पद पर पदोन्नति का लाभ दिया है। मंगलवार को राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक राज्य कर पदाधिकारी जमेशदपुर अंचल में पदस्थापित सज्जन कुमार पांडेय को राज्य कर सहायक आयुक्त अन्वेषण ब्यूरो रांची प्रमंडल रांची में पदस्थापित किया गया है। इसी तरह मौसमी नागेश को राज्य कर सहायक आयुक्त नगरीय अंचल जमशेदपुर में पदस्थापित किया गया है। इनके पदोन्नति पानेवालों में बोकारो के कोषागार पदाधिकारी स्वामीनंदन, जमशेदपुर अंचल के राज्य कर पदाधिकारी संजय प्रसाद, रांची हजारीबाग प्रमंडल के अंकेक्षण इलाई के राज्य कर पदाधिकारी निशा कुमारी, धनबाद प्रमंडल अन्वेशण ब्यूरो के राज्य कर पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह, प्रोजेक्ट भवन कोषागार पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह, कोषागार पदाधिकारी डोरंडा पंकज नारायण, धनबाद एवं संथाल परगना प्रमंडल अंकेक्षण इकाई राज्य कर पदाधिकारी नवनीत नि>ल, विशेष अंचल राज्य कर पदाधिकारी रांची नवनीत कुमार सिंह, देवघर राज्य कर पदाधिकारी संजय कुमार, उप कोषागार पदाधिकारी चक्रधरपुर अर्पणा सिंह, राज्य कर पदाधिकारी दुमका कुंदन कुमार सिंह, जमशेदपुर नागरीय अंचल राज्य कर पदाधिकारी मौसमी नागेश, जमशेदपुर अंचल राज्य कर पदाधिकारी सज्जन कुमार पांडेय, जमशेदपुर प्रमंडल अंकेक्षण इकाई के राज्य कर पदाधिकारी उमा शंकर सिंह, राज्य कर पदाधिकारी तेनुघाट अंचल संगीता कुमारी, राज्य कर पदाधिकारी बोकारो अंचल रवि रौशन, प>िमी अंचल रांची के राज्य कर पदाधिकारी आत्म चैतन्य चौधरी, कोषागार पदाधिकारी गुमला विरेंद्र प्रताप सिंह, राज्य कर पदाधिकारी अन्वेषण ब्यूरो धनबाद अक्षय कुमार, कोषागार पदाधिकारी देवघर ध्रुव नारायण राय, खूंटी कोषागार पदाधिकारी शिव कुमार सिंह, राज्य कर पदाधिकारी जमशेदपुर अंचल मोनिका सिन्हा, राज्य कर पदाधिकारी अन्वेषण ब्यूरो रांची ब्रजेश कुमार, गिरिडीह कोषागार पदाधिकारी अनंत कुमार मिश्र, राज्य कर पदाधिकारी पलामू अंचल राजेश कुमार सिंह शामिल हैं। इनके अलावा भी कई को असिस्टेंट टैक्स कमिश्नर में पदोन्नति दी गयी है।

## मुख्य सचिव करेंगे लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा

रांची। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह बुधवार को पांच साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा करेंगे। इसकी तैयारी के लिये एडीजी अभियान ने जोनल आईजी और डीआईजी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि पांच साल से अधिक समय से लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा ऑनलाइन माध्यम से 30 नवंबर को दोपहर के 3 बजे किया जायेगा। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से सभी एसपी को भी शामिल रहने को कहा गया है। मालूम हो कि मुख्य सचिव से पहले बीते 23 नवंबर को एडीजी ने लंबित मामलों की समीक्षा की थी। पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों के निष्पादन के लिए एडीजी ने रिव्यू बैठक किया था। बीते दिनों एडीजी अभियान ने राज्य के सभी रेंज का भ्रमण कर अभियोजन स्वीकृत्यादेश के लिए लंबित कांडों की समीक्षा किये थे।

# मनरेगा की चल रही योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगीः प्रशांत

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। राज्य के सभी जिलों में ग्रामीण विकास विभाग की कई विकास और कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिलों में इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उपायुक्तों एवं विकास आयुक्तों का अहम रोल है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इसमें आपको पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। यह बातें राज्य के ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार ने ही। मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग विभाग के अनुसमर्थन मिशन दल के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को गति देने के साथ सरकार की योजनाओं को उन लोगों तक पहुंचाएं, जिनके लिए इन योजनाओं को बनाया गया है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**क्षेत्र भ्रमण कर अभियान का निरंतर अनुश्रवण करें:** सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अनुसमर्थन प्रदान करने को राज्य ग्रामीण विकास अनुसमर्थन मिशन दल का गठन किया गया है।

**कई क्षेत्रों में अच्छी उपलब्धि तो कुछ में गति देने की जरूरत:** सचिव ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में विभिन्न जिलों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है तो इसमें कई जिले पीछे भी हैं। ऐसे में जहां विकास की गति धीमी है, उसे तेज करने के लिए सभी ठोस कदम उठाए जाने चाहिये। सचिव ने यह भी कहा कि जिलों के सामने कई चुनौतियां होती है। उन्हें समय और परिस्थितियों के अनुकूल तत्काल निर्णय भी लेने होते हैं।

**संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें** समीक्षा बैठक में सचिव ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत संचालित कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से आमजनों के जीवन में अपेक्षित सुधार किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि संवेदनशील होकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने को प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही निरन्तर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजना की पूर्णता में तेजी लाना सुनि>त करेंगे। बैठक में मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी, विशेष सचिव राम कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजुर, संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह, उप सचिव प्रमोद कुमार, अवर सचिव चंद्रभूषण और अरुण कुमार सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आज का राशिफल
**30-11-2022**

मेष : जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। चोट-रोग व चोरी-विवाद से बचें।

वृष : असमंजस की स्थिति बनेगी। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। भावनाओं को वश में रखें। मन की बात किसी को न बतलाएं। प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है। जल्दबाजी से चोट लग सकती है। कुसंगति से बचें।

मिथुन : व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

कर्क : मानसिक तनाव होगा पर दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने तथा यात्रा पर जाने का मन बनेगा। आय बनी रहेगी।

सिंह : आय के लिए आप प्रयासरत है। इसका लाभ मिलेगा। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबारी कामकाज चलते रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। सुख के साधन जुटेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का साथ मिलेगा।

कन्या : कुटुम्ब में खर्च होगा साथ ही संतुष्टि भी होगा। पुराने रोग को नजरअंदाज न करें। व्यय होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

तुला : सृजनशीलता का विकास होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यापार-व्यवसाय सुखद रहेगा। जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

वृश्चिक :- पार्टनरों तथा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

धनु : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शत्रुभय रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी।

मकर : घर में सुख-शांति बनी रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों से भेंट होगी।

कुंभ : थकान व कमजोरी रह सकती है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा। यश बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नए काम मिल सकते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी।

मीन : दूसरों के मामलों में हाथ न डालें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से क्लेश होगा। आय होगी। जोखिम न उठाएं।

# राजधानी के एचइसी नगर परिसर में चला अतिक्रमण के विरोध में अभियान

## एक दर्जन से ज्यादा अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण तोड़े गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज है। एचइसी नगर प्रशासन विभाग द्वारा एचइसी नगर परिसर में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा के विरोध में अभियान चला। अभियान में रांची जिला प्रसाशन की ओर से दो दंडाधिकारी और पुलिस बल उपलब्ध कराया गया था।

**सुरक्षा दल और पुलिस की टीम थी मौजूद :** इस अभियान में एचइसी की निजी सुरक्षा दल तथा सीआइएसएफ के जवान भी मौजूद थे। एचइसी के धुर्वा थाना क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा अतिक्रमण स्थल एवं अवैध स्थल को जेसीबी से तोड़ा गया तथा अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



**अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर :** सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा बनाया गया अवैध निर्माण, सेक्टर 4 बिस्वकर्मा स्कूल के पास ए 310 सेक्टर 4 के सामने बने दो अवैध निर्माण, सेक्टर 4 ए 264 के सामने अवैध रूप से बने तीन दुकान, पंचवटी मैदान के पास डीटी 1962 के पास बन रहे निर्माण को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। सभी अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। धुर्वा बस स्टैंड के पास भी अवैध रूप से बने अवैध निमार्णों को तोड़ा गया।

## डॉ राजगढ़िया बने आदर्श सम्मान समिति के प्रांतीय संयोजक

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने मंगलवार को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन 'आदर्श सम्मान समिति' के गठन का निर्णय लिया।



उन्होंने बताया कि इस समिति का दायित्व है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा निर्धारित आचार संहिता के संबंध में जागरूकता फैलाना। साथ ही, इसके अनुपालन की दिशा में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले बंधुओं को सम्मानित करना। डॉ विष्णु राजगढ़िया को इस समिति का प्रांतीय संयोजक मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी। बताया कि सभी जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव इस समिति के मानद सदस्य होंगे। साथ ही प्रांतीय संयोजक द्वारा सभी जिलों में आदर्श सम्मान समिति जिला संयोजक का मनोनयन किया जाएगा।

## खबर एक नजर में

### आरडीसीआइएस रांची ने भिलाई में किया डिजिटलीकरण

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के रांची स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआइएस) ने निर्विक बनर्जी के नेतृत्व में इस्पात उद्योगों में उद्योग 4.0 आधारित डिजिटलीकरण हस्तक्षेप शुरू करने के लिए एक बड़ी पहल की है। अपने नवीनतम प्रयास के रूप में, भिलाई स्टील प्लांट के सहयोग से आरडीसीआइएस की ऑटोमेशन, कंप्यूटर और आइटी टीम ने अपने वायर रॉड मिल के लिए कंप्यूटरीकृत कॉयल यार्ड प्रबंधन प्रणाली लागू की है। यह प्रणाली कॉयल की पहचान कर उसे सही जगह स्टोरेज कर आगे उसे कहां भेजना है, इसका स्वतः निर्णय लेती है। इससे ग्राहकों के बीच गुणवत्ता की विश्वसनीयता में इजाफा होगा। इस अत्याधुनिक आइटी प्रणाली में कॉयल्स के लिए मशीन द्वारा पठित क्यूआर कोडेड लेबल, शिपिंग क्षेत्र में वायरलेस लैन, शिपिंग संचालन के लिए हैंड-हेल्ड स्कैनर और कोर में एक अनुकूलित कॉयल यार्ड प्रबंधन सॉफ्टवेयर शामिल है।

### वरिष्ठ साहित्यकार निरंजन प्रसाद का मना 80वां जन्मदिन



**रांची।** वरिष्ठ साहित्यकार और साहित्य संस्कृति मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवस्तव का 80वां जन्मदिन शांति इन्क्लेव, कुसुम विहार, मोरहाबादी में समारोहपूर्वक मनाया गया। मौके पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गयी। वहीं, उनके दीघार्यु जीवन की कामना की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काट कर किया गया। इसके बाद गीत-गजलों का दौर शुरू हुआ, जो देर तक चलता रहा। सूरज श्रीवास्तव ने निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा लिखित भोजपुरी गीत 'भोर पहर के झिलमिल चादर बीनत रैन विहान' सुना कर भाव-विभोर कर दिया।

### श्री जीण माता का 13वां वार्षिकोत्सव 7 व 8 जनवरी को

**रांची।** श्री जीण माता के वार्षिकोत्सव को लेकर श्री जीण माता प्रचार समिति की बैठक मंगलवार को मारवाड़ी भवन में हुई। संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि श्री जीण माता का 13वां वार्षिकोत्सव 7 एवं 8 जनवरी 2023 को स्थानीय मारवाड़ी भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 7 जनवरी को माता की शोभायात्रा के साथ शुरू होगी। शोभायात्रा में 501 महिलाओं द्वारा निशान उठाया जायेगा। निशान यात्रा में अभिषेक शर्मा एवं अनुश्री शर्मा कोलकाता द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

### शहीद परिवारों के लिये गौरवपूर्ण जीवन देने की व्यवस्था हो : उत्तम

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा है कि शहीदों के परिजनों को गौरवपूर्ण जीवन देने का प्रयास किया जाना चाहिये। श्री यादव मंगलवार को वार्ड नंबर दो में शहीद सम्मान यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वार्ड 29 से शहीद सम्मान पदयात्रा की शुरूआत हुई थी। अब तक एक दर्जन से ज्यादा वार्ड के प्रति गली मोहल्ला में पदयात्रा करते हुये वार्ड 2 तक पहुंची है। प्रत्येक गली मोहल्लों में स्थानीय लोगों के द्वारा माला पहनाकर एवं चुनरी ओढ़ाकर विभिन्न जगहों पर स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा एक महीना चलेगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से सुखे नशे पर कठोर से कठोर कानून बनाने की मांग को लेकर सभी नगर वासियों का सहयोग मांगा जा रहा है। इस पदयात्रा में मुख्य रूप से आर्यन मेहता, रोहित यादव,साहू सुनील साहू, संजय तिर्की आदि शामिल हैं।

### सीसीएल ओबीएस ने पूर्व मुख्य प्रबंधक की धर्मपत्नी को 4.5 लाख रुपये का चेक प्रदान किया

**रांची।** सीसीएल ऑफिसर्स बेनिवोलेन्ट सोसाईटी (ओ.बी.एस.) की ओर से मंगलवार को सीसीएल मुख्यालय,दरभंगा हाउस, रांची में सीसीएल ओबीएस के महासचिव राजकुमार सिंह ने स्व. राहुल साहा, पूर्व मुख्य प्रबंधक (खनन) जो वर्तमान में ईसीएल मुख्यालय, सैंक्टोरिया में कार्यरत थे,के धर्मपत्नी श्रीमती काकली साहा को रू. 4,50,000/- (रू. चार लाख पचास हजार) का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि स्व.साहा इससे पहले सीसीएल में कार्यरत थे।

### सत्येंद्र सिंह ने 200 गरीबों को दिया कंबल



**रांची।** तीर्थ यात्रा से लौटे समाजसेवी सत्येंद्र सिंह ने केदल फुरहुरा टोली स्थित परशुराम भवन में पूजा सह भंडारा किया। भंडारा में 500 से अधिक लोग शामिल हुए एवं प्रसाद ग्रहण किया। श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की उपस्थिति में ढाई सौ से अधिक लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। श्री सिंह पिछले दिनों अपनी धर्म पत्नी के साथ तीर्थाटन पर गए थे एवं तीर्थाटन से लौटने के बाद उन्होंने घर में पूजा एवं भंडारा का आयोजन किया । आयोजन को सफल बनाने में उनके पुत्र विवेक सिंह, विशाल सिंह, नंदकिशोर सिंह और अन्य ने सक्रिय योगदान दिया।

### लोजपा समर्थकों ने की संगठन की मजबूती पर चर्चा

**रांची।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का 23वां स्थापना दिवस समारोह पटना के रविंद्र भवन में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें उपस्थित पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक सह पद्म भूषण दिवंगत रामविलास पासवान को याद कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल दिया।

### शादी की सालगिरह की बधाई

**रांची।** मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्षों को शादी की सालगिरह की समारोहपूर्वक बधाई दी गयी। यह आयोजन हीरालाल स्थित प्याऊ में भोजन वितरण का बंदोबस्त किया गया था। इसका प्रायोजक थे पूर्व अध्यक्ष लायन दिवाकर राजगढ़िया।

### हटिया-एणार्कुलम फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन को मिला एक्सटेंशन

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या-08645/08646 हटिया-एणार्कुलम-हटिया के बीच साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ऐसे में ट्रेन संख्या 08645 हटिया-एणार्कुलम साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 05/12/2022 से 26/12/2022 तक प्रत्येक सोमवार को हटिया से प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 08646 एणार्कुलम-हटिया साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 08/12/2022 से 29/12/2022 तक प्रत्येक गुरुवार को एणार्कुलम से प्रस्थान करेगी।

### युवा कांग्रेस ने बाबा रामदेव का पुतला दहन किया

**रांची।** महिलाओं के खिलाफ बयानबाजी करने के विरोध में मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव के खिलाफ प्रदेश युवा कांग्रेस के नेतृत्व में दो जगहों पर पुतला दहन एव विरोध प्रदर्शन किया गया।

### डीएवी नीरजा सहाय का जनसंपर्क अभियान

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी परिवार अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में अपनी कर्त्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए शिक्षा का अलख जगाने अपने निकटवर्ती गांव सुकुरहुटउ पहुंचा तथा समाज के जागरूक एवं बुद्धिजीवी वर्ग से मिल कर अपनी उपस्थिति का एहसास कराया।

### गर्म कपड़े का वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए 150 जरुरतमंदो (निर्धना, लाचार, असहाय, दिव्यांगों) के बीच किया गर्म कपड़ों का वितरण। जिसमें ट्रस्ट के सदस्यों ने 150 लोगो में प्रत्येक को कम्बल, मफलर,और 150 उनी मोजा का वितरण किया गया।

## इक्फाई विवि का दीक्षांत समारोह 3 को, गवर्नर होंगे मुख्य अतिथि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह 3 दिसंबर शनिवार की दोपहर 2 बजे से मोरहाबादी के आर्यभप्त सभागार में आयोजित किया गया है। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस होंगे। उन्होंने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने और मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है।

वहीं, सम्मानित अतिथि के रूप में जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज, झारखंड उच्च न्यायालय और प्रभारी न्यायाधीश, नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च इन लॉ, रांची के होंगे। इस समारोह में 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को दीक्षांत समारोह के दौरान डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें 7 पीएचडी डिग्री शामिल हैं। विवि ने 2022 में स्नातक करने वाले सभी छात्रों से अनुरोध किया है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर दीक्षांत समारोह के लिए तुरंत ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। यह जानकारी विवि के पीआरओ अमर गुप्ता ने दी।

### अनुस्मरण-2022 काव्स में बैठक

**इक्फाई** विश्वविद्यालय के सभी पूर्व छात्रों की बैठक 3 दिसंबर 2022 (शनिवार) को शाम 6.30 बजे काव्स रेस्टोरेंट, हरमू रोड, रांची में आयोजित की जाएगी।

## कार्यशाला में सीखी तकनीक को शिक्षकों तक पहुंचायें : एमके सिन्हा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंगलवार को हेहल डीएवी पब्लिक स्कूल में एक्सपेरेंटीएल लर्निंग विषय पर दो-दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सम्वर्द्धन कार्यशाला का उदघाटन रणजीत कुमार ने किया। इसका आयोजन सीबीएसई, सीओई पटना के तत्वावधान में किया गया था।

मौके पर प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि कार्यशाला में सिखी तकनीक को शिक्षकों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस कार्यशाला में बिहार एवं झरखंड के सीबी एसई से सम्बंध विद्यालयों के 55 शिक्षक एवं प्राचार्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।जो इस कार्यशाला में चयनित हो जाने के प७ात रिसोर्स पर्सन का कार्य करेंगे। इन्हें सीबीएसई, पटना देश के विभिन्न भागों में शिक्षकों को क्षमता सम्वर्द्धन कार्यशालाओं में प्रशिक्षण देने के लिए भेजेगी। कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए एक्सपर्ट के रूप में प्रदीप पाणिग्रही, उमा पात्रा आदि उपस्थित हैं। जिन्होंने विभिन्न संसाधनों, प्रस्तुतियों के माध्यम से सम्वर्द्धन कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान किया।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।



## रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सादगीपूर्ण तरीके से विवाह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आज समाज में पढ़े लिखे युवक-युवती ऐसे भी हैं, जो चाहते हैं कि विवाह सादगीपूर्ण हो। विवाह के नाम पर अनावश्यक खर्च न हो। कुछ हिम्मत करके इस दिशा में आगे भी वढ़ रहे हैं। रांची के बरियातू रोड निवासी सतीश अग्रवाल के पुत्र पीयूष कुमार व कांके रोड निवासी स्व. रमेशचन्द्र बूबना की पुत्री चांदनी ने यह हिम्मत दिखायी। दोनो पेशे से बीटेक इलेक्ट्रिकल व सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। संभ्रांत-प्रतिष्ठित परिवार के हैं।

इन दोनों एवं दोनों के परिवारवालो ने श्री श्याम मंदिर, हरमू रोड में विवाह करने का निर्णय किया। विवाह सादगीपूर्ण तरीके और विधि-विधान से आचार्य अनूप दाधिच ने करवाया। दोनों पक्ष के परिवारजनों की ओर से सीमित संख्या में मेहमान आमंत्रित किये गये थे। विवाह 25 नवंबर को संपन्न हुआ।



श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी व महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने कहा कि दोनों परिवार वाले चाहते, तो विवाह किसी बड़े होटल या विवाह भवन में हो सकता था। लेकिन, परिवारजन व वर-वधू ने आगे बढ़कर सादगीपूर्ण विवाह का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस तरह के सादगीपूर्ण विवाह समारोह समाज को नयी दिशा देगा। श्री श्याम मंदिर परिवार इस नयी जोड़ी के इस कार्य की सराहना करता है एवं उनके सुखमय जीवन की प्रार्थना बाबा श्याम से करता है।

## फिशरीज कॉलेज के 15 छात्रों को जेआरएफ परीक्षा में मिली सफलता

**रांची।** जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा- 2022 में फिशरीज साइंस कॉलेज (गुमला) के 15 छात्रों को सफलता मिली है। आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा आयोजित की जाती है। एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने बताया कि कॉलेज के 23 छात्रों ने इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया था। सभी सफल 15 छात्रों को आईसीएआर से संबद्ध फिशरीज साइंस के संस्थानों में विभिन्न विषयों के पीजी प्रोग्राम में प्रवेश मिलेगा। दो वर्षीय पीजी प्रोग्राम में फेलोशिप भी मिलेगी। जेआरएफ रैंक के मुताबिक कॉलेज के 5 छात्रों को आईसीएआर - केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में प्रवेश मिलेगा। अन्य 10 छात्रों को देश के अन्य फिशरीज साइंस कॉलेज में नामांकन लेने का अवसर मिलेगा। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बिरसा कृषि विवि अधीन संचालित फिशरीज साइंस कॉलेज, गुमला के छात्रों की सफलता पर खुशी जाहिर की है।

## आगमन काल में येसु के संदेश व वचनों पर मनन-चिंतन करें : फादर हिलारियुस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ख्रीस्तीय अनुयायियों के जीवन में ख्रीस्त जन्मोत्सव, बड़ा दिन या क्रिसमस से पूर्व लगभग चार सप्ताह की अवधि को मसीही विश्वासी आगमन काल के रुप में मनाते है। वास्तव में यह आगमन काल शांति और न्याय के राजकुमार तथा समस्त मानवजाति के मुक्तिदाता के संसार में आगमन या जन्म का संदेश देता है। यही वजह है कि समस्त ख्रीस्तीय अनुयायी आगमन काल को प्रभु येसु को अपने हृदय , घर व परिवेश में ग्रहण करने के नजरिये से आध्यात्मिक पवित्रता की तैयारी करते है। ताकि बालक येसु लोगों के पवित्र व निश्छल हृदय व शरीर में तथा साफ-सुथरा कर रंग रोगन के बाद सुसज्जित घरों में वास कर सकें।

संत फ्रांसिस चर्च हरमू परिसर स्थित हरमू के पल्ली पुरोहित फादर हिलारियुस बारला टीओआर ने खबर मन्त्र को अपने साक्षात्कार में आगमन काल के संबंध में विशेष जानकारी दी। कहा कि प्रत्येक



मसीही को चाहिए कि क्रिसमस से पूर्व के इस आगमन काल को येसु के संदेश व वचनों पर मनन-चिंतन कर तथा अपने जीवन के प्रत्येक गतिविधियों में क्रियान्वित कर चलें। उन्होंने कहा कि बालक येसु का जन्म या इस संसार में आगमन मनुष्यों की मुक्ति के लिए हुआ। प्रभु येसु के इस संसार में आने के पीछे रहस्य यह है कि आदि में जो शब्द था वह देहधारण करता है।

फादर हिलारियुस बारला ने बताया कि इस संसार में कोई भी साधारण मनुष्य दूसरे मनुष्यको मुक्ति नहीं दिला सकता है। क्योंकि ईश्वर ही है जो मुक्ति दे सकता है। इसलिए पिता परमेश्वर अपने इकलौते बेटे बालक येसु को मनुष्य का देह धारण कर हम मनुष्यों के बीच अवतरित हुए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने छात्राओं को दी संविधान की जानकारी

## रांची के करमटोली के राजकीय बालिका विद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, क्विज प्रतियोगिता भी हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संविधान सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, करमटोली में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के पीएलवी द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा, रांची के पीएलवी सम्पा दास, प्रीति पाल एवं विद्यालय के कार्यकारी शिक्षिका रीता कुमारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

राजकीय बालिका विद्यालय, करमटोली में डालसा के पीएलवी सम्पा दास व प्रीति पाल के द्वारा क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा बच्चों के साथ प्रश्नोत्तरी की गयी। सम्पा दास व प्रीति पाल के द्वारा बच्चों को गुड



टच, बैड टच, संविधान के मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों से संविधान के विषय पर प्रश्न कर उन्हें जानकारी दी गयी। डालसा, रांची के पीएलवी के द्वारा संविधान के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। इसके अलावा उन्हें मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्य की जानकारी भी दी गयी। सम्पा दास ने बच्चों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड, ई-श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी। प्रीति पाल ने पीड़ित मुआवजा एवं एसिड अटैक में प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी। अंत में बच्चों के बीच जागरूकता से संबंधित पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

### ओरमांझी के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में नुक्कड़ नाटक आयोजित

**रांची।** संविधान सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को ओरमांझी ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में डालसा के पीएलवी के द्वारा नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के पीएलवी किरण कुमारी, शिला तिग्गा एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अंशु किरण, शिक्षिका अनिता टोप्पो, शोषण शुधा कच्छप कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों से संविधान के विषय पर प्रश्न कर उन्हें जानकारी दी गयी। डालसा, रांची के पीएलवी के द्वारा संविधान के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। इसके अलावा उन्हें मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्य की जानकारी भी दी गयी। विद्यालय के बच्चों के बीच कविता प्रतियोगिता एवं बाल मजदूर तथा बाल मजदूरी पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर पूरे जोश के साथ भाग लिया। इसके साथ ही बच्चों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन कर कई प्रश्न पुछे गये। पीएलवी किरण कुमारी ने बच्चों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड, ई-श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी। किरण कुमारी ने पीड़ित मुआवजा एवं एसिड अटैक में प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी। अंत में बच्चों के बीच जागरूकता से संबंधित पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।



स्पीड न्यूज

## घर में अचानक लगी आग



आग बुझाते ग्रामीण।

ठाकुरगांव। थाना क्षेत्र के बरौदी गांव निवासी दिलीप महतो के घर मे मंगलवार की शाम अचानक आग लग गई। आग लगने से घर में रखे सामान जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार भुक्तभोगी अपने खेत गया हुआ था। इसी बीच घर मे आग लग गई। आग लगने से घर मे रखा धान, चावल, कपड़ा समेत अन्य सामान जल गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया दशरथ उरांव, पंसस भुनेश्वर साहु, उपमुखिया शिवकुमार मुंडा ने पीड़ित परिवार से मिलकर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## राहे व सोनाहातू विद्युत सब स्टेशन में धरना आज

सोनाहातू/राहे। दोनों प्रखंड में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ता कॉफी परेशान है l 8 से 10 घंटे ही बिजली की आपूर्ति किया जा रहा है। शाम को लगातार बिजली गुल रहती है। जिससे बच्चों को पढ़ाई में काफी परेशानी हो रही है। लचर व्यवस्था को देखते हुये राहे आजसू प्रखंड कमिटी ने मंगलवार को बैठक कर बुधवार को सब स्टेशन का घेराव-प्रदर्शन को लेकर तैयारी किया। बुधवार 30 नवंबर को दिन 11 बजे पंचायत कमिटी और प्रखंड कमिटी के सभी इकाइयों को प्रदर्शन में उपस्थित रहने को कहा गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो,जिला सचिव प्रकाश सिन्हा, प्रमोद सिंह, मनोरंजन भोक्ता, बुधराम मुंडा, करम सिंह महतो, सुभाष महतो सहित प्रमुख, उपप्रमुख उपस्थित थे l इधर सोनाहातू में जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, चितरंजन महतो, तारणी सिंह मुंडा, श्याम महतो सुषेन प्रामाणिक के नेतृत्व में घेराव किया जायेगा।

## डूबाने से युवक की मौत



ओरमांझी। थाना क्षेत्र के कुल्ही गांव स्थित तालाब में डुबने से एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान चुटूपालू के चेतनबरी निवासी प्रभु महतो के बेटा लिबुन महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि लिबुन महतो राज मिस्त्री था। 28 नवंबर को ठेकेदार के कुल्ही स्थित साईड पर कार्य करने के लिए गया था। शाम को लौटने के दौरान पैर-हांथ धोने तालाब पर गया था, तभी पैर फिसल गया। तालाब में गहरे पानी होने के कारण वह डुब गया। साथी कर्मियों द्वारा उसे तालाब से निकाल कर उपचार के लिए रिम्स ले जाया गया। जहां के चिकित्सकों द्वारा लिबनु महतो को मृत घोषित कर दिया गया। राज मिस्त्री लिबनु महतो ही घर का भरन पोषन करता था। उसके मौत होने से मृतक की पत्नी सीतामनी देवी सहित स्वजनों में गहरा दुख है।

## शिक्षा ही विकास का आधार : राजाराम



बुंडू। शिक्षा ही विकास का आधार एवं मापदंड है,हमें भूखे रहकर भी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए उक्त बातें भारत सरकार के राष्ट्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ राजाराम महतो ने बुंडू स्थित दीपशिखा विद्यालय की स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि कही।मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों के हाथों से प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।मौके पर डॉ इकिर गुंजल मुंडा,देवेंद्र महतो,डॉ नीना महतो, शशि बाला देवी, डॉ सुरेंद्र प्रसाद, सदानंद लोहरा, योगेश्वर महतो, पूर्व प्राचार्य लोहरा महतो, दिलीप दत्ता, संदीप दत्ता, चौधरी महतो, निरंजन महतो आदि उपस्थित थे।

# समस्याओं पर राज्यसभा सदस्य ने ली संज्ञान

➲ एनएचआई परियोजना निदेशक समस्या अविलंब दूर करे : आदित्य साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू का फाइल फोटो।

ओरमांझी। एनएचआई की लापरवाही के कारण रांची रामगढ़ मार्ग से गुजरने वाले वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। वहीं स्थानीय लोगों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। फोरलेन निर्माण के दौरान सर्विस लाइन व नाली निर्माण अधुरा छोड़ दिया गया है। वहीं मेंटेनेष कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी के समीप महीनों से नाला टूट हुआ है जिस कारण नाले का गंदा पानी सीधा हाइवे पर बह रहें है। जिससे आमजनों को आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं निर्माण कार्य के दौरान पेयजल सप्लाई पाईपलाइन भी टूट गया है। जिसका मरमती नही किए जाने के कारण क्षेत्र के लोगों सामने पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावे इरबा से लेकर हजारीबाग के बीच हाइवे के किनारे या बीच मे लगे कई स्ट्रीट व मास लाइट भी महीनों से खराब पड़े हैं। नेवरी इरबा स्थित एनएच पथ से रिंग रोड के समागम स्थल पर भी सड़क महीनों से टूटी हुई है। जिसके कारण गुजरने वाले कई वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो चूकी है। इन समस्याओं को लेकर अविलंब सुधार करने व जनसुविधाओं को मुहैया करवाने में मेंटेनेष विभाग द्वारा कोई रुचि नहीं ली जा रही। जिसके कारण दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। जिसे पर राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू द्वारा संज्ञा लेते हुए परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण रांची झारखंड से उपरोक्त समस्याओं का निश्चित समय सीमा के अंदर निराकरण करने को कहा है। आदित्य साहू द्वारा इन जन समस्याओं पर संज्ञान लेने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा हर्ष जताया गया है।

## घंटों तक बिजली ठप

इटकी। बिजली तार चोरों के करतूत से इटकी क्षेत्र में करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहा। जिससे उपभोगताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रानीखटंगा गांव में सोमवार की रात करीब दो बजे चोरों ने बिजली तार को चुराने के लिए चालू हालत में ही एलटी लाइन को काट डाला। जिससे तेज आवाज के साथ बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। बिजली सब स्टेशन में लगे ब्रेकर सहित कई अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गये। एमआरटी, रांची से पहुंचे कर्मियों ने क्षतिग्रस्त उपकरणों की मरम्मत कर मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गयी।

### बाइक की चपेट में आने से गुनागढा पुरानी राय निवासी राजू महतो गंभीर घायल

# बेहतर इलाज को रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

पिपरवार। खलारी थाना क्षेत्र के राय- बुढ़मु -रांची मुख्य मार्ग स्थित पुरानी राय शहीद निर्मल महतो चौक के समीप विपरीत दिशा की और से आ रही अनियंत्रित अज्ञात बाइक सवार की चपेट में आने से दिहाड़ी मजदूर के रूप में कार्य करने वाले राजू महतो नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि 6.30 बजे खलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार में बाइक सवार शहीद निर्मल महतो चौक के समीप दूसरी और से आ रही वाहन को लेकर अनियंत्रित हो गया क इस क्रम में उन्होंने राजू महतो ग्राम गुनागढा उम्र 35 वर्ष पुरानी राय निवासी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ठीक उसी वक्त मसीहा बनकर पहुंचे पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा तत्काल गंभीर रूप से घायल राजू महतो को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहा प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर किया गया। बताते चलें कि बचरा क्षेत्रीय अस्पताल से सिर्फ सीसीएल कर्मियों के लिए ही एंबुलेंस की व्यवस्था दी जाती है। परंतु पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष के अथक प्रयास से गरीब घायल मजदूर को एंबुलेंस की सीसीएल पिपरवार के सौजन्य से व्यवस्था कर तत्काल उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। इस कार्य के लिए लेकर उनकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है कइस प्रकार की अनेकों घटनाओं में संजीव कुमार मिश्रा के द्वारा समय-समय पर गरीबों के मसीहा के रूप में कार्य करने को लेकर खलारी पिपरवार कोयलांचल में विख्यात है। घायल राजू महतो अत्यंत ही निर्धन परिवार के सदस्य हैं।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप आज से होगी शुरू



हरिशंकर बारिक।

➲ बालक व बालिकाओं की 40 टीमें लेगी हिस्सा : बीडीओ

➲ बेलांगी स्टेडियम में होंगे मैच

रातू। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप 30 नवंबर से शुरू होगी। इसमें बालक और बालिका वर्ग की 40 टीमें भाग लेगी। प्रखंड कार्यालय की ओर से प्रायोजित प्रतियोगिता के सभी मैच बेलांगी स्थित स्टेडियम में खेले जायेंगे। इसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की और उप प्रमुख रियाजुल अंसारी करेंगे। यह जानकारी बीडीओ हरिशंकर बारिक ने मंगलवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इसका समापन 3 दिसंबर हो होगा। संचालन बीपीएम तैय्यब अंसारी करेंगे। श्री बारिक ने कहा कि मैच फीफा शर्तों के मुताबिक होंगे। रेफरी का निर्णय सर्वमान्य होगा। खिलाड़ियों को अपने साथ खेल सामग्री लाना और निर्धारित समय पर मैदान में प्रवेश करना अनिवार्य है।

## बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीण का विरोध प्रदर्शन



पिस्कानगड़ी। एक संकल्प समाजिक संस्था के सदस्यों और ग्रामीण बिजली उपामोक्तओं के बैनर तले अनियमित बिजली कटौती के खिलाफ मंगलवार को नगड़ी नारो बाजार टांड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समीप बिजली विभाग के विरोध प्रदर्शन किया गया। नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में की जा रही भारी कटौती के विरोध में ग्रामीणों ने आक्रोश रैली निकाली। रैली नगड़ी चेक पोस्ट चौक से बिजली विभाग के पदाधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नगड़ी चौक तक गई। रैली में नगड़ी सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या मे शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों ने कहा क्षेत्र में दिन रात मिलाकर मुश्किल से आठ दस घंटे ही बिजली दी जा रही है। जिससे किसानों, छोटे मोटे कुटीर उद्योग चलाने वालों और छात्रों की पढ़ाई लिखाई में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ही बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण हटिया ग्रिड का घेराव और जोरदार आंदोलन करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, प्रेम सागर महतो, अनिल गोप, रीतेश महतो, उमेश साहू, बलवंत तिर्की, बबलू कुमार, दीपक सिंह सहित एक संकल्प समाजिक संस्था के दर्जनों कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# गोली मारे जाने के विरोध में दर्जनों ग्रामीण नगड़ी थाना पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता



आनन्द महतो पर गोली चलाने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने नगड़ी थाना पहुंचे ग्रामीण।

पिस्कानगड़ी। नगड़ी के नारो निवासी दुकानदार आनन्द महतो को अपराधियों द्वारा गोली मारे जाने के विरोध में दर्जनों ग्रामीण और व्यवसाई सांसद प्रतिनिधि केदार महतो के नेतृत्व में नगड़ी थाना पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर अपराधियों को जल्द गिरफ़्तार करने की मांग की। थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो की अनुपस्थिति में एस आई सुहागिनी सोरेन को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। मौके पर ग्रामीणों ने कहा हाल के दिनों में नगड़ी थाना क्षेत्र में अपराध की घटनाएं काफी बढ़ गई है। अपराधी बेखौफ हो घटनाओं को अंजाम देकर आराम से निकल जा रहें हैं। ग्रामीणों ने आंनद महतो पर गोली चलाने वालों की पहचान कर जल्द गिरफ़्तार करने की मांग की मौके थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो इस संबंध जांच चल रही शीघ्र ही मामले का पटाक्षेप किया जाएगा ।ज्ञातव्य हो कि सोमवार शाम दुकानदार आनन्द महतो को चेक पोस्ट बांध टोली रोड में दो अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। अपराधी आनन्द के सिर में गोली मारना चाहते थे पर निशाना चुकने से गोली उसके जबड़े पर लगी जिससे उसकी जान बच गई। फिलहाल आनन्द महतो की हालत से खतरे से बाहर बताया जा रहा है। समाजसेवी रामभक्त आनन्द महतो क्षेत्र में गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं अपराधियों द्वारा उनकी हत्या की कोशिश किए जाने से ग्रामीण और क्षेत्र के व्यवसायियों में काफी आक्रोश है। ज्ञापन सौंपने में नगड़ी थाना क्षेत्र के कई गांवों के दर्जनों गणमान्य और ग्रामीण शामिल थे।

## गैरमजरूआ जमीन पर गलत जमाबंदी को रद्द कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

पिठोरिया। रांची युनिवर्सिटी विस्थापन विरोधी समिति नवाटोली बाढ़ू पिठौरिया के अध्यक्ष और सिंगबोंगा जतरा समिति नवाटोली पिठौरिया के अध्यक्ष अशोक उरांव द्वारा नवाटोली बाढ़ू की वन विभाग तथा गैरमजरूआ जमीन पर गलत जमाबंदी को रद्द कराया गया। इसी बात को लेकर अशोक उरांव ने राष्ट्रीय जनजाति आयोग दिल्ली को कांके अंचल द्वारा गलत जमाबंदी की शिकायत दर्ज कराया था। इसके बाद राष्ट्रीय जनजाति आयोग भारत सरकार ने कांके अंचलाधिकारी को भी समन जारी कर जमाबंदी रद्द करने का आदेश दिया था। इस बात की जानकारी देते हुये अशोक उरांव ने बताया कि इस पुरे आंदोलन के अगुआ और संरक्षक और पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने वन पदाधिकारियों और कांके अंचलाधिकारी से बातचीत की थी। रतन तिर्की के सुझाव पर ही गांव समाज ने अवैध जमाबंदी की शिकायत राष्ट्रीय जनजाति आयोग को शिकायत दर्ज कराया और बारह अवैध जमाबंदी को रद्द कर दिया गया है। इस बात की जानकारी देते हुये रतन तिर्की ने बताया कि वन अधिकारियों ने भी कांके अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर वन क्षेत्र पर किसी भी प्रकार के दखलअंदाजी और कब्जे से इनकार कर दिया था। रतन तिर्की ने बताया कि अशोक उरांव आज राष्ट्रीय जनजातीय आयोग भारत सरकार के बुलावे पर दिल्ली चले गये है जहाँ वे आयोग के सदस्य अनंत नायक के साथ समस्या पर बातचीत करेंगे। रतन तिर्की ने कांके अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध जमांबंदी पर उपायुक्त रांची और भू राजस्व सचिव को भी शिकायत दर्ज कराया था। रतन तिर्की ने राष्ट्रीय जनजातीय आयोग को त्वरित कार्यवाई के लिये धन्यवाद दिया है।

## राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय रोगो के विद्यालय प्रबंध समिति की हुई चुनाव, सुशीला खलखो बनी अध्यक्ष



स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव करते मुखिया व ग्रामीण।

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय रोगो को पुनः खोलने हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव, ग्राम प्रधान सूरजा मुंडा की अध्यक्षता में आम सभा द्वारा सर्वसम्मति से ग्रामीणों के द्वारा किया गया। साथही प्रबंधन समिति में कुल 12 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष- शुशीला खलखो, उपाध्यक्ष जयमोन खलखो तथा सदस्य के रूप में कच्चू भगत, बसंत लोहरा, बृजमोहन बड़ाईक, सीता देवी, बसंती भगताइन, मुन्नी भगताइन, रतनी टोप्पो, सुनिता लकड़ा, मुन्नी कुमारी, पुतुल कुमारी को चयनित किए गए। आम सभा में पंचायत के मुखिया बीरेंदर भगत, ग्राम वार्ड सदस्य बबलू लोहरा, ग्राम के कमिटी अध्यक्ष प्रकाश खलखो, सुबल टोप्पो, विद्यालय शिक्षक राजेश्वर प्रमाणिक एवं बेड़ो बी आर सी के राजेश कुमार की उपस्तिथि में शान्तिपूर्ण एवं सही मार्गदर्शन के साथ विधालय प्रबन्धन समिति चयन प्रक्रिया को परिपूर्ण किया गया।

# बन्हे में 15-20 की संख्या में पहुंचकर की मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता



पिपरवार। पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत बन्हे गांव निवासी सुनील साव की पत्नी मोनिका देवी द्वारा 27 नवंबर को फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला से संबंधित मृतक के मायके वालो द्वारा हत्या की प्राथमिकी एक दिनों पूर्व दर्ज कराने के पश्चात मृतक मोनिका देवी के मायके वालों ने 15 - 20 की संख्या में मंगलवार दोपहर 2 बजे बन्हे गांव पहुंचकर मृतक मोनिका देवी के पति सुनिल साव सहितससुर धनेश्वर साव, विकलांग देवर पिंटु साव, सास सारो देवी, जेठानी अनिता देवी, एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जमकर मारपीट किया गया । इधर घटना के समय गांव के अधिकतर ग्रामीण धान काटने को लेकर खेत गए हुए थे । काफी हो हंगामा होने की जानकारी के पश्चात काफी संख्या में ग्रामीणों के जुट जाने पर ग्रामीणों द्वारा तत्काल पिपरवार पुलिस को इस मारपीट की घटना की सूचना दिया गया क इसके पश्चात टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित सशस्त्र दल बल के साथ बन्हे गांव पहुंचकर मामले को शांत कराया गया । इस मारपीट की घटना में मृतक मोनिका देवी के देवर पिंटू साव का पैर फ्रैक्चर होने की घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी गई है । इधर मारपीट की घटना के संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि मारपीट की घटना से संबंधित आवेदन प्राप्त हुई है ,एवं मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।

### झामुमो की रातू पश्चिमी पंचायत कमेटी का गठन

# पप्पू वर्मा अध्यक्ष और संजय बने सचिव

➲ तौहीद आलम चुने गये उपाध्यक्ष

➲ परमेश्वर को कोष की जिम्मेवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



पदधारियों का स्वागत करते मोर्चा नेता।

रातू। झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक मंगलवार को आमटांड़ स्थित बबलू मिर्धा के आवासीय परिसर में हुयी। बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने, 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति व पिछड़े को 27 प्रतिशत आरक्षण आदि विषयों पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत, सर्वसम्मति से मोर्चा की पश्चिमी पंचायत का गठन किया गया। पप्पू वर्मा अध्यक्ष, तौहीद आलम उपाध्यक्ष, संजय मिर्धा सचिव, परमेश्वर साहू कोषाध्यक्ष, रवि साहू सह सचिव चुने गये। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में विशाल मिर्धा, अनिल सिंह, चांद खान, विजय ऊरॉव, रजी अंसारी, विकास साहू, बबलू मिर्धा, राजीव मिर्धा, रोहित नायक व काली कुमार साहू शामिल हैं। नवगठित कमेटी के पदधारियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। संचालन कृष्णा ठाकुर ने किया।

## योजनाओं की दें जानकारी

प्रखंड अध्यक्ष श्री अंसारी ने कमेटी के लोगों से ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विकास योजना और कार्यक्रमों की जानकारी देने का निर्देश दिया। मौके पर मो असलम, बबलू मिंज, जाबिर अंसारी, सैयद फिरोज, ताजिम अंसारी, संजय कुमार, विकास कुमार ,प्रकाश नायक, विनोद लोहरा व प्रेम कुमार समेत बड़ी संख्या में मोर्चा कार्यकर्त्ता आदि मौजूद थे।

## मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम आयोजित





➲ एक अक्टूबर 2005 से पूर्व के युवा वोटर कार्ड बनाने के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण कर सकते हैं।

बेड़ो। बेड़ो मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की द्वारा मंगलवार को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत 18 वर्ष से उपर के छात्र छात्राओं में जागरूकता लाते हुए वोटर कार्ड बनाने व चुनाव आयोग से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने कहा कि जिनका जन्म एक अक्टूबर 2005 से पूर्व हुआ है वे वोटर कार्ड बनाने के लिए मतदाता सूची में पंजीकरण कर सकते हैं। वही राकेश कुमार ने कहा कि वे सरकार के द्वारा जारी बेबसाइट पर ऑन लाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका हेनरिता मिंज व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## एक नजर में

### आवास को लेकर पदाधिकारी को किया पत्राचार

खलारी। यूनाईटेड कोल वर्कर युनियन के संघ अध्यक्ष ने परियोजना पदाधिकारी को पत्राचार करते हुए कहा है कि प्रबंधन द्वारा आवास आवंटन हेतू सभा कर सर्व समिति से डकरा परियोजना के संघ प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के प्रतिनिधियों के द्वारा लिया गया हस्ताक्षर युक्त निर्णय के बाद भी आवासों का आवंटन कार्यालय आदेश प्रबंधन द्वारा जारी नहीं किया गया है जबकि ज्ञात सुत्रों से ज्ञात हो रहा है कि विभिन्न क्षेत्रों के एसीसी सदस्यों और दूसरी परियोजना के संघ प्रतिनिधि के इसारे पर प्रबंधन आवंटन आदेश जारी नहीं किये है और एक ही आवास को विभिन्न क्षेत्र के एसीसी सदस्यों और दुसरे परियोजना के संघ प्रतिनिधि इसारे पर व्यक्ति विशेष पर बार-बार प्रबंधन द्वारा एक ही आवास को अलग-अलग कर्मचारियों के नाम से से आवंटन करने के फिराक में है। आगे अध्यक्ष ने कहा है कि उपरोक्त तिथि में हुई आवास सभा के अनुरूप कार्यालय आदेश जारी कराया जाये और परियोजना स्तर से आवास आवंटन करने में प्रबंधक को दिक्कत हो रही है। उसे क्षेत्रिय कार्यालय की जिम्मेवारी में सौंपा जाय।

### रैयतों के नाम को बदनाम कर कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे यह बंद होना चाहिये : प्रदीप भोक्ता



कोल परियोजना।

खलारी। रैयतों का शोषण करना बंद करे जिस तरह से रैयतों के नाम को बदनाम कर कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए काम कर रहे यह बंद होना चाहिये उक्त बातें राँची जिला झामुमो संगठन सचिव प्रदीप भोक्ता ने एक बयान जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सीसीएल एनके एरिया के विभिन्न परियोजना में कोल डम्प से रैयतों को बंचित रखा जा रहा है और वैसे स्वार्थी किस्म के लोग रोजगार के नाम पर कोल डम्प में अपना अधिकार जमाकर मोटी रकम वसूल रहे है और रैयतों के नाम को बदनाम कर रहे। यहाँ पर रैयत विस्थापित के रोजगार के नाम पर डम्प खोला गया है। वही आज एन. के. एरिया कोयलाचंल के रैयत विस्थापित रोजगार के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। जिस तरह से सीसीएल प्रबंधन रैयतों के जमीन लेकर कोयला निकाल रही है और रैयतों को अनदेखी कर रही वैसे में आने वाला समय मे कोई भी रैयत अपना जमीन सीसीएल को खदान खोलने के लिए नहीं देगी।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



कंबल वितरण करती लपरा मूखिया व समजिकर्ता।

मैक्लुस्कीगंज। लपरा पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण। लपरा पंचायत के नावाडीह व महुआटांड़ में मल्लार टोली सहित मैक्लुस्कीगंज में भ्रमण कर दिव्यांग, गरीब व असहायों के बीच लपरा मूखिया पुतुल देवी ने कंबल का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि बढ़ती ठंढ को देखते व्यवसायी भोला साव ने कंबल की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए किया था। मौके पर समजिकर्ता शिवनारायण लोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच प्रारंभ



मैच का उद्घाटन करती प्रमुख।

सोनाहातू। प्रखंड थाना मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गंझू, पंसस रूपकुमार साहू व जेइई रामा तिर्की ने संयुक्त रूप में किया। पहले दिन 6 मैच खेले गये। दुलमी पंचायत ने सोनाहातू पंचायत को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया इधर तेलवाडीह ने लान्दूपडीह को 2-0 हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 1 दिसंबर को फाइनल मैच होगा। मौके पर मुखिया विकास सिंह मुंडा, सावना महली, मनोज सिंह मुंडा, फोनिभूषण सिंह मुंडा सहित प्रखंड व पंचायत के अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल बस के धक्के से दो दुकान क्षतिग्रस्त



पिठोरिया। पिठोरिया चंदवे रोड कोकदोरो मोड़ के पास मंगलवार सुबह 7 बजे बालू गांव से पिठोरिया की ओर जा रहे स्कूल बस अनियंत्रित होकर दो दुकान के बाहर बने शेड को क्षतिग्रस्त कर दिया। दुर्घटना से तीन लोग बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार कोकदोरो मोड़ पर इफ्तेखार अहमद का राशन दुकान और एक मोटरसाइकिल गैराज है। दुकान के बाहर तीन लोग खड़ा थे। इसी क्रम में बालू की ओर से विद्या विकास पब्लिक स्कूल की बस JH01 AL-2462, अनियंत्रित होकर दुकान की ओर आते देख सभी दुकान के अंदर घुस गए जिससे तीनों बाल बाल बच गए। वहीं अनियंत्रित बस दुकान के बाहर बने शेड को जोरदार धक्का मारकर तेज रफ्तार से भागने लगा। जिसे ग्रामीणों ने पीछा कर सुतियाम्बे के पास पकड़कर पिठोरिया थाना पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि विगत दिनों कोकदोरो मोड़ और डलाबर चौक पर कई बड़ी दुर्घटनाएं घट चुकी है जिससे राहगीरों की जान तक चली गई। दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए दोनों जगहों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण और गति सिमा लिखा साइन बोर्ड लगाने की मांग की है।

### रांची में आयोजित अंडर-17क्रिकेट टूनार्मेंट

चान्हो। बाघवार एकेडमी चान्हो के क्रिकेट टीम ने सोमवार को विकास स्कूल रांची में आयोजित अंतर विद्यालय अंडर-17क्रिकेट टूनार्मेंट के पहले मैच में जे के इंटरनेशनल स्कूल रांची को 5 विकेट से शिकस्त देकर इस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। खेले गए मैच में जे .के इंटरनेशनल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर कुल 189 रन बनाए। जवाब में बाघवार एकेडमी की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए यह लक्ष्य 18.5 ओवरों में हासिल कर लिया।

# मोनेटाइजेशन का लक्ष्य

इस साल संपत्ति बेचकर सरकार बजट टारगेट से कम राजस्व जुटा पाई है। इसके चलते सरकार ने सभी मंत्रालयों और इसके विभागों को नई संपत्तियों की पहचान करने का निर्देश दिया है। सरकार जुटाई गई संपत्तियों को जल्दी बेचकर आर्थिक मंदी से निपटना चाहती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकार जुटाई गई संपत्तियों को बेचकर पहले 7 महीनों में सिर्फ 33,443 करोड़ रुपये का राजस्व जुटा पाई है, जबकि एनएमपी के तहत सरकार का लक्ष्य मार्च में खत्म हो रहे इस वित्त वर्ष के अंत तक 1.6 लाख करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की थी।

सरकार इस वित्त वर्ष में संपत्तियों को बेचकर अधिकतम 1.24 लाख करोड़ रुपये का राजस्व ही जुटा सकती है, जो बजट अनुमान के काफी करीब होगा। सरकार ने उन्हें अतिरिक्त संपत्तियों की पहचान करने या उसके बदले में कोई अन्य संपत्ति खोजने का निर्देश दिया है। कुछ मंत्रालयों जैसे दूरसंचार, रेलवे और पेट्रोलियम ने अगले वित्तीय वर्ष तक संपत्ति मुद्रीकरण प्रक्रिया को टालने का निर्णय लिया है। दूरसंचार मंत्रालय को 20,180 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जबकि यह अभी तक सिर्फ 4,700 करोड़ रुपये की संपत्ति की पहचान कर पाई है। दूरसंचार मंत्रालय द्वारा संपत्ति मुद्रीकरण के लिए पहचानी गई संपत्तियों में बीएसएनएल के टावर भी शामिल हैं। रेलवे मंत्रालय को 3,00,00 करोड़ रुपये का टारगेट दिया गया था जबकि इसका राजस्व अनुमान लगभग 4,999 करोड़ रुपये तक ही पहुंच पाया है। इसके पास अन्य विकल्प के तौर पर गुड्स शेड, हिल रेल और स्टेडियम है। इसी तरह पेट्रोलियम मंत्रालय भी संपत्तियों की पहचान करने के मामले में काफी पीछे है। इस मंत्रालय को 9,176 करोड़ रुपये के लक्ष्य में सिर्फ 2,000 करोड़ रुपये का राजस्व ही जुटा पाया है ऐसे काम तेजी से होने चाहिए जिससे बजट घाटा नियंत्रित रहे।

# किसानों की आय

दुनिया के कई विकसित देश कृषि क्षेत्र में बेहतर वैज्ञानिक तकनीक और प्रबंधन के कारण से न सिर्फ खुशहाल हो रहे हैं, अपितु कनाडा यूरोप और इजरायल जैसे देशों में किसान की आय में वृद्धि हो रही है। भारत भी उसी राह पर चल पड़ा है। हम मिलकर चलेंगे तो समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अब छोटे जोत वाले किसानों को मिलकर खेती करनी होगी समय की यही मांग है। पिछले लगभग 40 वर्षों भारत में किसान के भू जोत के आकार 1970 में 2.3 हेक्टेयर से घटकर 2015-16 तक 1.08 हेक्टेयर रह गया और खेती का रकबा घटकर बहुत छोटे और छोटे आकार का होता चला गया। भारत के कृषि गणना के अनुसार छोटे रकबे के और भूमिहीन किसानों की संख्या लगभग 86% के आसपास पहुंच गई है। 2011 जनगणना के अनुसार भारत में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या किसानों की संख्या से भी ज्यादा हो गई है। लगभग कृषि श्रम का 55% के आंकड़े को पार कर गया है। भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी संख्या देश में लगभग 16 करोड़ के आसपास है। वहीं काश्तकार किसान लगभग 45% हैं जो इस समय देश में लगभग 12 करोड़ है। विश्व के कृषि कमाई में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। कारण है बेहतरीन तकनीक, मात्र 20% संचित जमीन के बूते इजराइल दुनिया के 10 बड़े उत्पादक देशों में अपना स्थान बना चुका है। इसका कारण है कोऑपरेटिव से खेती बेहतर तकनीक और पानी का बेहतरीन इस्तेमाल और कॉपरेटिव के माध्यम से किसानों का बाजार से बेहतर लिंकेज। मोदी सरकार ने 2022 तक 10, हजार किसान उत्पादन संगठनों के निर्माण और प्रगति से उसका बेहतर संचालन का लक्ष्य रखा है। किसान उत्पादन संगठन में कोई भी किसान इस योजना का सदस्य बन सकता है। आवश्यकता है इसे जन आंदोलन बनाने की।

# चीन की कुत्सित मंशा और हमारी नीति





- कुमार गौरव

**आज** की ग्लोबल व्यवस्था में भी चीन अपने पूर्वजों की तरह लुटेरा , सनकी तथा ताकत की तानाशाही की प्रवर्ती से उबर नहीं पाई है ।उन्हें आज भी दुनिया बहसी, दरिंदे तथा चीन की तानाशाही मिटाने के लिए एकजुट है जैसा लगता है । जबकि चीन को याद होना चाहिए कि सिर्फ वह ही अकेला राष्ट्र नहीं जो अपनी आजादी में रक्त बहाए है । अगर देखा जाए तो विश्व में आजादी के लिए कोई राष्ट्र सबसे ज्यादा कुबार्नीयां दी है वह अकेला राष्ट्र है इंडिया । अगर चीन के अंदर सचमुच बर्बरता तथा तानाशाही के अलावा राष्ट्रभक्ति भी जीवित है तो वह इंडिया की इतिहासे पढ़े । पता चल जाएगा ,कि आजादी के लिए किसने सबसे ज्यादा लहू की महासागर बहाया था । संप्रभुता से पहचान होती ,मगर आप अपनी ताकत, का विकास का, ऐसा चर्बी आंखों में भर रखा है कि मित्र क्या, दुश्मन क्या ,अपना कौन ,पराया कौन ,कुछ भी नहीं दिखती । बस कभी हमें शोषण की गई थी ,तो फिर हम भी उन्हीं की तरह आज ताकतवर है सीमा विस्तार क्यों नहीं कर सकते ।अरे ! भाई यह 19 वीं सदी नहीं 21 वीं सदी है । ग्लोबल विश्व में हर कोई सब जानता है । सत्य तो सत्य है । तुम तो साम्राज्यवादियों से भी चार कदम आगे निकले । साम्राज्यवादियो के उपनिवेश संबोधन शब्द हटा दिया और जोड़ दिया गुलामी यह कहां का और कैसा तुम्हारे सोच ही तरीके हैं । तथा संप्रभुता तोड़ने के अपने निर्मम पाप को छुपाने हेतु दूसरों की इतिहासों से भी खेल जाते हो । साम्राज्यवादी विचारधारा की ग्लोबल सेंटर अमेरिका भी मानवता की एक सीमा को समझती तथा मानती भी है । मगर आप तो साम्राज्यवादी लकीरों को भी बौना कर चुके हो । जहां मानव मानवता की कोई जगह नहीं बस दुनिया में लोग मरते हैं ,तो मरे । कटते हैं तो कट जाए । कोई फर्क नहीं । हम तो खुश हैं । इतिहासों की सच्चाई को भले ही ताकत तथा धन के दम पर कुछ समयावधि तक छुपाई जा सकती है । कई उदाहरण पड़े हैं विश्व में ऐसें कि जब न्याय की बात विश्व में आयी ,इतिहासों के अनगिनत सच्चाई जमीन फाड़कर अपना स्थान पाया । ताकत तो पीढ़ियों का खेल है जो एक सा हर पीढ़ी के पास नहीं रहती ? उदाहरण के तौर पर सन 1962 ईस्वी की इतिहासों को आपने अपनी सुविधानुसार तोड़ - मरोड़ कर पेश किया । जो सरकार गलत है । कहा जाता है कि 19वीं सदी की आधुनिक युग में कुछ भी छिपा पाना संभव नहीं ।अगर यह सही है तो सन 1962 ईस्वी की चाइना द्वारा सुनियोजित साजिश के तहत इंडिया पर की गई हमले की इतिहासों के साथ छेड़छाड़ तथा अधूरी क्यों लिखी गई ।

ताज्जुब की बात यह कि विश्व बिरादरी बिना सत्यापन किए ,चाइना द्वारा लिखित इतिहास को सही मान लिया । क्या कूरूर चाइना की महिमा मंडल के लिए सत्य को नजरअंदाज की गई या इंडिया की सादगी तथा संप्रभुता की सत्यता को पचा नहीं पाई दुनिया ह्व चलो कोई बात नहीं ।हर राष्ट्रों की अपनी अपनी विवशता है ।अपनी अपनी समस्या है । वाह रे ! लोकतंत्र जरूरत पड़ने पर हर राष्ट्र तेरी दुहाई देती है ।और जरूरत पड़ने पर तेरी कफन की भी सौदा कर देती हैं । 1962 ईसवी में जहां पूरी दुनिया शीत युद्ध के कारण दो फाड़ में बटी थी । कोई भी छोटी घटना कभी भी दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी विश्व युद्ध में बदल जा सकती थी । ऐसा नहीं कि इस भयावह स्थिति में भी शांति के प्रयास नहीं किया जाता था । मगर ताकतवर मुल्कों ने इतिहासों को ऐसा तोड़ - मरोड़ किया, की हर शांति प्रयास हंसी के पात्र बन जाया करती थी । इस समयकाल में चीन अपनी साम्राज्यवादी नीतियों का विस्तार भी किया और उस घटनाक्रम के इतिहास के साथ छेड़ - छाड़ भी की ताज्जुब की बात चाइना को कोई ऐसा करने से रोकना तो दूर टोकना को भी अपनी दायित्व नहीं समझा ।1962 ईस्वी में चाइना की करतूत देखिए उसने सर्वप्रथम इंडिया को अपना भाई कहा भाई के लिए हर त्याग हर लड़ाई में साथ - साथ रहने का वादा किया । हिंद के एक ही पिता के दो भाई की बखान की । इंडिया के साथ लड़ाई लड़ने से हाय तौबा की ।और जैसे ही इंडिया भाई की प्रेम के रास्ते पर बढ़ी ।वही कल तक एक थाली के दो भाई की गुणगान करने वाला चीन कमबख्त पीठ पर छुरा (चाकू) घोंप दी ।खुद मारी इंडिया के पीठ पर चाकू और इतिहास में इंडिया को ही साम्राज्यवादी होने का आरोप लगा दिया । जिससे दुनिया की सहानुभूति इंडिया को ना मिल पाए ।इसलिए इतिहासों के पन्नों को भी बदल दी गई ।

उस समय इंडिया के धांव ऐसे थे कि तन से मिट जाने के बावजूद मन में कैसर की पीड़ा जैसी दर्द मिट ही नहीं रही थी? । वेंटीलेशन पर पड़ी हमारी इंडिया जब इस घाव के दर्द से ही नहीं उबर पाई थी । तब इतिहास किसके द्वारा लिखी जा रही थी । उसे देखने की औकात कहां ।उसमें शब्द क्या भरे जा रहे हो । इतनी इल्म कहां जिसका नाजायज फायदा चीन ने उठा ली । इस विवाद की विषाद बिछाकर, कि वह जमीन जिन्हें उसने इंडिया से छीनी है ।वह चीन की ही थी । इंडिया उसे कब्जा किए हुए था ।जबकि यह सच्चाई नहीं, इतिहास की यह तो साम्राज्यवादी तथा लुटेरा शब्द चाइना के माथे ना लगे, इसलिए यह चाइना की एकतरफा पक्ष है

जबकि सच्चाई यह है कि चाइना की नीतियां इन्हीं दो कमरों में बैठकर बनाई गई है ।1962 ईस्वी समय काल में भारत तुरंत तुरंत ही आजादी पाई थी । गुलामी का ऐसी दौड़ से इंडिया गुजरी थी कि आजादी मिलते ही पार्टीशन हो गया ।रक्त ना बहे इसके लिए पार्टीशन हुई ,फिर भी चारों तरफ रक्त बहते रहने के माहौल में आजादी का सूरज देखा ।और परंतु चीन ने भी इंडिया की इस लाचारी का फायदा उठा रहा है।

> 1962 ईसवी में जहां पूरी दुनिया शीत युद्ध के
>
> 1962 ईसवी में जहां पूरी दुनिया शीत युद्ध के कारण दो फाड़ में बटी थी । कोई भी छोटी घटना कभी भी दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी विश्व युद्ध में बदल जा सकती थी ।ऐसा नहीं कि इस भयावह स्थिति में भी शांति के प्रयास नहीं किया जाता था । मगर ताकतवर मुल्कों ने इतिहासों को ऐसा तोड़ - मरोड़ किया, की हर शांति प्रयास हंसी के पात्र बन जाया करती थी । इस समयकाल में चीन अपनी साम्राज्यवादी नीतियों का विस्तार भी किया।

## खास बात

## कल्याण की सोच

**राजकुमार चाहर**

**वर्तमान** मोदी सरकार की संपूर्ण शासकीय प्रबंधकीय नीतियों को देखें और उसका सूक्ष्म अध्ययन करें तो एक तरफ किसान कल्याण की बेहतर रणनीतियां और दूसरी तरफ संपूर्ण सरकारी व्यवस्थाएं हैं। इजराइल दुनिया के छोटे देशों में से एक है, जो हरियाणा के क्षेत्रफल के बराबर बमुश्किल है और आबादी सिर्फ 90 लाख। अब भारतीय सीमांत किसानों को भारत सरकार की कृषि नीतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। मोदी सरकार की सीमांत किसानों के लिए अति महत्वाकांक्षी योजना है। किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)। मोदी सरकार ने सूक्ष्म अध्ययन करके कि किसान आखिर आज भी गरीब क्यों है?

उस की आय दोगुनी कैसे हो, 2022 तक का लक्ष्य मोदी सरकार ने रखा है। मोदी सरकार का वर्तमान भारत में कृषि और किसान की सेहत के लिए एफपीओ का संपूर्ण भारत में ठीक से क्रियान्वयन हो जाए। इस पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। किसान उत्पादन संगठन के निर्माण हेतु कम से कम 300 किसानों की संख्या होनी चाहिए। इसमें सीमांत किसान, छोटी जोत के किसान लगभग 50% कि उनकी संख्या जरूर होनी चाहिए। साथ ही ढाई एकड़ से ऊपर के किसानों को भी इसमें सदस्य बनाया जा सकता है। किसान उत्पादन संगठन एफपीओ का सदस्य बनने के लिए मात्र दो हजार रुपये का व्यक्तिगत अंशदान किसान को देना होगा।

इस योजना के अंतर्गत दो हजार रुपये प्रति सदस्य अधिकतम 15 लाख रुपये इक्विटी अनुदान के रूप में किसान उत्पादन संगठनों को भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रत्येक एफपीओ गठन के 3 वर्षों के लिए वित्तीय संभल के रूप में कुल 18 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक किसान उत्पादन संगठन को भारत सरकार दो करोड़ रुपये की राशि बैंक के द्वारा योग्य परियोजनाओं के लिए 75% तक बैंक क्रेडिट गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है जबकि एक करोड़ तक की बैंक योग्य परियोजनाओं के लिए 85% तक का गारंटी कवर के रूप में सहायता प्रदान करती है।

# शक्ति की आराधना

## धर्म-प्रवाह

**बीएन पाण्डेय**

**शक्ति** की उपासना भारतीय संस्कृति का मूल है। भारत ही नहीं, विश्व के अनेक देशों में भी देवी के रूप में शक्ति पूजन की परंपरा प्रचलित रही है। मिस्र में आइसिंस हेयर, यूनान में दीमितोर, तिब्बत में लो भी और जापान में चनेष्टि नाम से शक्ति की प्रतीक देवी की पूजा की जाती है।

मोहन जोदड़ो, हड़प्पा आदि प्राचीन सभ्यताओं के प्राप्त अवशेषों में लिंग, योनि, नंदी आदि की प्राप्ति यह सिद्ध करती है कि अत्यंत प्राचीन काल में भी शक्ति पूजा की परंपरा अस्तित्व में थी। प्राचीन काल में संपूर्ण विश्व में मातृ सत्तात्मक परिवारों की परंपरा थी, ऐसी स्थिति में सृष्टि का संचालन करने वाली अदृश्य शक्ति का स्त्री रूप में धारण किया जाना स्वाभाविक था। मातृदेवी की प्रतिष्ठा ग्रीस, यूरोप, मध्य एशिया, जापान आदि देशों में थी। बेबीलोन में नीर्थो, स्कॉटलैंड में फेईललिक शक्ति के रूप में पूजी जाती थीं। भारत में पटना और तक्षशिला आदि स्थानों पर की गई पुरातात्विक खोजों में भी इस तथ्य और मान्यता की पुष्टि होती है।

शाक्त तंत्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि मानव जीवन समस्या एवं संकटों की सत्यकथा है। अतः सांसारिक कष्टों के दलदल में फंसे मनुष्यों को दुर्गा की उपासना करनी चाहिए। वह आद्याशक्ति एकमेव होते हुए भी अपने भक्तों को- काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्तिका, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी एवं कमला- इन दस महाविद्याओं के रूप में वरदायिनी होती है।

राज्य सरकार के नेतृत्व में हो रहे अवैध कार्य चरम पर है, जितना हो सके लूट लो, कुछ इस तरह का हिसाब किताब यहाँ चल रहा है। मुख्यमंत्री जी ने अपने मुख्य काम पर कभी ध्यान केंद्रित नहीं किया।

**– निशीकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

गरीबों को घर देने की योजना में भी ढिलाई। बड़े बड़े वायदे और उनके पूरा करने में सुस्ती जबकि चाहिए चुस्ती। अब भी समय है, बालू भी दीजिए, पैसा भी, हो सकता है यदि निर्णय लें तो।

**– महेश पोद्दार**





- झारखण्ड बचाओ आक्रोश प्रदर्शन में सहभागिता के लिए एकत्रित नारी शक्ति का विशाल हुजूम!

ये हुजूम बताता है कि जनता में झारखण्ड की झूठ - लूट पर टिकी वर्तमान सरकार के खिलाफ कितना ज्यादा गुस्सा है। **– अन्नपूर्णा देवी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### चीनी मंसूबे

**भारत** और चीन के बीच गतिरोध अभी भी जारी है। काफी समय हो गया है लेकिन गतिरोध समाप्त नहीं हो रहा है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद और गहरा सकता है। यदि भारत स्वयं को चीनी सीमा विवादों से सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे तिब्बत की स्वायत्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति के तहत उठाने की जरूरत है। कठोर कदम से ही सुरक्षा संभव है।


**–जैसमीन कौर, जमशेदपुर**

### उम्मीदों का बदलाव

**मोदी** मंत्रिमंडल में किया गया फेरबदल स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि यदि कोई मंत्री अपने दायित्व का निर्वाह संतोषजनक तरीके से नहीं करता है तो उसकी छुट्टी हो सकती है। मोदी सरकार के पांच साल के क्रम में दो या तीन बार यह बदलाव किया जाता है जो निश्चित तौर पर देश के हित में होता है लेकिन सुरेश प्रभु को उचित स्थान न दिया जाना गलत संकेत है।

**– सतीश शर्मा, रांची**

# आखिर राज्यों के बीच के विवाद कब तक सुलझेगा?



**नागेन्द्र सिंह**

## सामयिक

आजादी के 74 साल बाद अगर देश में राज्यों के बीच सीमा विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो, जिसमें बेकसूरों को जान चली जाए, तो चिंता पैदा करने वाली है। असम-मिजोरम की विवादित सीमा पर हिंसा में असम पुलिस के 5 जवानों व एक नागरिक यानी 6 लोगों की मौत हो गई। इस हिंसा ने पूरे देश का ध्यान पूर्वोत्तर के दो राज्यों के सीमा विवाद की ओर खींचा था। असम का विवाद सिर्फ मिजोरम से नहीं है, बल्कि उन सभी 6 राज्यों से है, जिनके साथ वह सीमा साझा करता है। दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद तब गहराया, जब असम पुलिस ने अपनी जमीन पर कथित अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की। दो बार दोनों राज्यों की सीमा पर आगजनी और हिंसा हुई थी।

यह विवाद नया नहीं है, बल्कि 100 साल से भी पुराना है, जब यहां ब्रिटिश शासन हुआ करता था। उस समय मिजोरम को असम का लुशाई हिल्स कहते थे। 1995 के बाद कई दौर की बातचीत हुई, पर कोई नतीजा नहीं निकला। मिजोरम के तीन जिले- आइजोल, कोलासिब और ममित- असम के कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ लगभग 164.6 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं। 1950 में असम भारत का राज्य बन गया। उस समय असम में आज के नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम आते थे। ये राज्य असम से अलग हो गए तो उनके अपने पूर्व राज्य से सीमा विवाद रहने लगे। नॉर्थईस्टर्न एरिया (रीऑर्गेनाइजेशन) एक्ट 1971 के तहत असम से तीन नए राज्य बनाए गए- मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा। 1986 में मिजो पीस एकॉर्ड के तहत मिजोरम को अलग राज्य बनाया गया। इसमें ही सीमा तय की गई है।

यह मिजो ट्राइब्स और केंद्र सरकार के बीच हुए करार के तहत था। इसका आधार 1933 का एग्रीमेंट था, पर मिजो ट्राइब्स का कहना है कि उन्होंने 1875 आईएलआर (इनर लाइन रेगुलेशन) बॉर्डर को स्वीकार किया। नियम 1875 को माने या 1933 को, इस पर ही असम और मिजोरम के बीच विवाद बना हुआ है। असम और मिजोरम की सीमा काल्पनिक है, ये नदियां, पहाड़, घाटियों व जंगलों के साथ बदलती रहती है। पिछले कुछ सालों में यह समस्या जियोग्राफिक्स से बढ़कर एथनिक बन गई है।

असम के सीमावर्ती इलाकों के ज्यादातर रहवासी बंगाली हैं, मुख्य रूप से मुस्लिम। मिजोरम के लोग उन्हें शक की नजर से देखते हैं। उनका आरोप है कि बिना कागजों वाले यह माइग्रेंट्स उनके राज्य में आकर जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। विवाद सुलझाने के लिए असम और मिजोरम ने समझौता किया था कि सीमाई इलाके नो मैन्स लैंड होंगे। मिजोरम ने असम के साथ सीमा आयोग का भी गठन किया। पर इससे विवाद खत्म नहीं हुआ। गतिरोध बना रहा। देश में हरियाणा-हिमाचल प्रदेश, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र-हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र-कर्नाटक तथा असम व अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय और मिजोरम के बीच सीमाओं के निर्धारण के बाद भी सीमा विवाद हुए हैं तथा उनके बीच क्षेत्र संबंधी दावे एवं प्रति दावे किये गए हैं। केंद्र सरकार को तत्परता से देश के राज्यों के बीच सभी सीमा विवादों का जल्द से जल्द निराकरण करना चाहिए। देश के अंदर सीमा को लेकर अपने ही नागरिकों के बीच हिंसा कतई स्वीकार्य नहीं है।

**(दिशा संस्थान आजमगढ़ यूपी)**

# नशा, धोखा और अनैतिक व्यापार का अड्डा बनता वॉलीवुड

**सुधांशु कुमार**

## समस्या

इस विषय पर होने वाली चीख-चिल्लाहट केवल मीडिया पर टी आर पी रेस के लिए होने वाली चटकारेदार बहस तक ही सीमित नहीं रही बल्कि यह विषय संसद में भी गूंजता सुनाई दिया। इसका कारण यह था कि अभिनेत्री कंगना रणौत ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मी पार्टियों में ड्रग्स के कथित इस्तेमाल को लेकर फिल्म उद्योग की तुलना 'गटर' से कर डाली थी। कंगना ने अपने एक इंटरव्यू में 99 प्रतिशत बॉलिवुड स्टार्स के ड्रग्स सेवन में शामिल होने का दावा किया था। इसके जवाब में राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने कहा था कि , 'जिन लोगों ने फिल्म इंडस्ट्री से नाम कमाया, वे इसे 'गटर' बता रहे हैं? मैं इससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं।' मैं सरकार से अपील करती हूं कि वो ऐसे लोगों से कहे कि इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करें।'

यहां कुछ लोग हैं जो 'जिस थाली में खाते हैं, उसी में छेद करते हैं।' कुल मिलाकर ड्रग्स व नशे की दुनिया से संबंधित यह बहस टी वी व मीडिया के माध्यम से इधर उधर जरूर घूमती रही परन्तु इस बहस में छुपी सच्चाई को उजागर करने का काम न तो किसी प्रोपेगैंडिस्ट मीडिया ने किया न ही स्वयं को सत्यवादी कहने वाले बहस के अनेक प्रतिभागियों ने। आइये ड्रग्स या नशे से जुड़े कुछ ऐसे ही अनछुए पहलुओं पर नजर डालते हैं।

वैसे तो ड्रग्स का शाब्दिक अर्थ दवा या औषधि ही होता है। पहले दवाइयों की दुकानों पर लगने वाले बोर्ड्स पर लिखा होता था 'केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट'। परन्तु धीरे धीरे 'ड्रग्स' शब्द को नशे और नशेड़ियों से जोड़ दिया गया। समाज के ही न जाने किस तथाकथित 'अधिकृत वर्ग ' ने शराब का नशा करने वालों को तो नशेड़ी या ड्रग एडिक्ट्स की श्रेणी में नहीं रखा परन्तु गांजा,भांग,अफीम,चरस आदि का सेवन करने वालों पर नशेड़ियों का लेबल लगा दिया।गोया शराब पीने वाला शराबी नहीं कहलाता बल्कि वह शराब का 'शौक फरमाता है' परन्तु जो गांजा,भांग अफीम या चरस का सेवन करता है तो वह कानून की नजरों में अपराधी तो है ही साथ ही वह गंजेड़ी,भंगेड़ी,अफीमची या चरसी जैसी उपाधियों का भी हकदार है। जरा इन्हीं 'नीति निमार्ताओं' से पूछिए कि यदि शराब पीने में कोई बुराई नहीं या यह विश्व की सर्वमान्य मुख्यधारा से जुड़ा 'सोमरस' है तो क्या वजह है कि इस 'मय मुबारक' को गुजरात,बिहार,मिजोरम,नागालैंड, लक्षद्वीप तथा मणिपुर के कई क्षेत्रों में इसकी बिक्री,सेवन व व्यवसाय प्रतिबंधित है ? जाहिर है बिहार जैसे विशाल राज्य में शराब पर प्रतिबंध लगाने के समय से लेकर अब तक इससे जुड़े जिस मुद्दे को सत्ता द्वारा अपने राजनैतिक लाभ के लिए उठाया जाता है वह यही है कि शराब लोगों को बर्बाद कर रही थी,लोगों के घर उजाड़ रही थी, लोगों के स्वास्थ्य तथा उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डाल रही थी। गोया सरकार के अनुसार जनता के परिवार कल्याण व उनके उज्जवल भविष्य के मद्देनजर राज्य में शराब बंदी की गयी थी । जाहिर है शराब बंदी वाले अन्य राज्यों के भी निश्चित रूप से यही तर्क होंगे। अब इस सरकारी तर्क को स्वीकार करते हुए इन्हीं नीति निमार्ताओं से पूछें कि क्या शराब बिक्री व उत्पादन वाले देश के अन्य राज्यों के लोगों के उज्जवल भविष्य या उनके परिवार के लोगों की तरक़्की की चिंता उन राज्यों के नेताओं को नहीं ?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# बरही विधायक ने श्रीनगर के विस्थापित ग्रामीणों को जमीन दिलाने का दिया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** झारखंड विधानसभा निवेदन समिति के विधायकों की पांच सदस्यीय टीम गठन कर बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के विस्थापित गांव श्रीनगर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के परिसर में बैठक का आयोजन किया गया था। परंतु किसी कारणवश निवेदन समिति के तीन सदस्य बैठक में शामिल हो सके। इसमे निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, झरिया की विधायक सह सदस्य पूर्णिमा नीरज सिंह, जुगसलाई विधायक सह सदस्य मंगल कालिंदी शामिल थे। पूरी टीम के साथ हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, डायरेक्टर स्टेट एंड लैंड एंड पुर्नवास एवं भूमि अधिग्रहण संजय कुमार, डीवीसी डायरेक्टर संजय कुमार, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, डीएफओ पश्चिमी आरएन मिश्रा, एसडीओ पूनम कुजुर, आरके पाठक, गगनदेव बैठा कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल शामिल थे।

बैठक की अध्यक्षता निवेदन समिति के सभापति विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। श्री



**बैठक में शामिल निवेदन समिति के सदस्य व अधिकारी।**

अकेला ने कहा कि विस्थापन नीति के अनुसार यहां के लोगों को न्याय अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने विस्थापित लोगों से आग्रह किया कि पहले रहने के लिए जमीन लें, उसके बाद खेती को लेकर सोंचियेगा। अगर पुनः विधायक बने तो डीवीसी में गया पूरा 1200 एकड़ जमीन दिलाने का काम करूंगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दिसम्बर में इंटेकवेल का शिलान्यास किया जाएगा। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि झरिया से चलकर बरही के श्रीनगर पहुंची हूँ इस लड़ाई को लड़ने में उनकी जहां भी जरूरत हों, वह उनके साथ सदैव खड़ी रहेंगी। जुगसलाई विधायक सह सदस्य मंगल कालिंदी ने कहा कि संवैधानिक रूप से विस्थापितों को न्याय दिलाने को लेकर पहल की जाएगी। कहा कि सूबे की हेमंत सोरेन की सरकार गांव से लेकर शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने विस्थापित लोगों को कहा कि श्रीनगर (बरही, हजारीबाग) के विस्थापित ग्रामीण वन विभाग की भूमि में है,इसलिएमामला राज्य सरकार के अधीन नही होकर भारत सरकार के अधीन हो जाता है।इसलिए इस मामले के सम्बंधित विभाग को राज्य सरकार अनापत्ति पत्र दिलाने को लेकर अनुसंशा कर भारत सरकार की भेजा जायेगा। बैठक में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, रेंजर कमलेश सिंह, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार, बिजली एसडीओ सौरभ लिंडा, फोरेस्टर दीपक कुमार मुस्तैद सहित कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### श्री राम राज्य दिग्विजय रथ का हुआ आगमन

**चरही।** चरही की पावन धरती पर श्री राम राज्य दिग्विजय रथ का आगमन हुआ। पांच सौ वर्षों के बाद यह रथ अयोध्या होते हुए भारत के 27 राज्यों से गुजरते हुए चरही की धरती पर पहुंचते ही जय श्री राम के नारे लगाने लगे। लोग रथ के सामने घण्टों हरी कीर्तन किया।उसके बाद यहां के सैकड़ों ग्रामीणों ने रथ को फूल माला से भव्य स्वागत किया। मौके पर रथ को स्वागत करने वालों मेंसे विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता सहित सैकड़ों लोग थे।

### छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विधालय फुसरी में मंगलवार को झारखंड सरकार के द्वारा 24 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक वितरण किया गया।बहेरा पंचायत के उपमुखिया शिवचंद मुर्मू के हाथों छात्र-छात्राओं को शर्ट,पैंट,स्वेटर,जूता और मौजा। का वितरण किया।इस वितरण से छात्र-छात्राएं काफी खुश हैं।उप मुखिया ने कहा कि बच्चे-बच्चियां नियमित रूप से विद्यालय पोशाक पहनकर प्रतिदिन स्कूल आयें। मौके पर प्रधानाध्यपक मनोज हंसदा, शिक्षिका रोसा मारांडी आदि उपस्थित थे।

### बरही में उचक्कों ने की छिनतई

**चरही।** मंगलवार सुबह चरही थाना क्षेत्र के लालबंगला की रहने वाली एक वृद्ध महिला से दो उच्चकों ने गले पहने हार को खींचकर ले उड़े।भुक्तभोगी महिला जीविकोपार्जन के लिए दुकान चलाती है।जानकारी के अनुसार सुबह 9 :30 बजे भुक्तभोगी महिला निर्मला देवी पति स्व .जयप्रकाश गुप्ता अपनी दुकान में थी।बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति खरीदारी करते वक़्त महिला के हार को झटक कर बाइक पर सवार होकर भाग निकला। भुक्तभोगी महिला ने इसकी लिखित जानकारी थाना को दी है। पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई है।

### बालिका उवि कुजू में विधिक जागरूकता शिविर

**कुजू।** मुरपा (कुजू ) स्थित बालिका उच्च विद्यालय में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया।इस शिविर के माध्यम से आए दिन समाज मे हो रही लूट, हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, स्त्री अशिष्ट निरूपण, बालश्रम,बाल विवाह, सोशल मीडिया पर फैल रहे अफवाहों आदि की जानकारी दी गई साथ हीं इससे संबंधित धाराओं व सजा के प्रावधान आदि की जानकारी कार्यक्रम में मौजूद डालसा पैनल वकील श्रीमती कौशल्या, सीपीएलवी, डालसा अनुज कुमार, पीएलवी आशीष कुमार द्वारा दी गई।

### गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र आयुष का निधन

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के 9वीं वर्ग के छात्र दुसाध मुहल्ला निवासी आयुष कुमार मेहता, पिता महेश कुमार मेहता एवं माता रिंकी देवी का 28 नवंबर को असामयिक निधन हो गया। छात्र के निधन पर विद्यालय प्रबंधन ने शोक प्रकट की है। 29 नवंबर को दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति को विद्यालय में दो मिनट का मौन रखा गया।

### भाजपा नेताओं ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया

**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोठार निवासी भाजपा नेता सुरेंद्र रविदास के पिता कैलाश रविदास (74वर्ष) का निधन उनके आवास में सोमवार रात हो गया। उनके निधन की खबर मिलने के बाद मंगलवार को भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी एवं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा अन्य कार्यकताओं के साथ कोठार जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, विधायक जयप्रकाश भाई पटेल समेत अन्य भाजपाइयों ने शोक व्यक्त किया है।

# साफ पानी के नाम पर लाखों के वारे-न्यारे

## स्वास्थ्य से खिलवाड़ : बिना जांच पड़ताल के ही बेचा जा रहा है पानी


**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** जिले में आजकल साफ पानी उपलब्ध कराने के नाम पर व्यवसायी अच्छा खासा बिजनेस कर रहे हैं। नलों में गंदे पानी की समस्या से आधे से अधिक शहर जूझ रहा है। इसके चलते शहर में पानी का धंधा खूब फल-फूल रहा है।

खबर मन्त्र ने पड़ताल की तो पता चला कि यह पानी बिना जांच पड़ताल के ही बेचा जा रहा है। न तो बोतल (कैंपर) में भरे पानी की जांच होती है, न ही पानी को फिल्टर करने वाले प्लांट की। ऐसे में जो पानी सप्लाई किया जा रहा है, वह सेहत के लिए सही है या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है। पानी की सप्लाई का यह बिजनेस कोई छोटा मोटा नहीं है, बल्कि साल में लाखों रुपए का है।

**घटिया क्वालिटी का है नगर निगम का पानी :** शहर में नगर निगम द्वारा सप्लाई किए जाने वाले छड़वा डैम के फिल्टर्ड पानी की सप्लाई सभी जगह नहीं है। शहर में ग्राउंड वाटर में हार्डनेस अधिक है, जिसके कारण मजबूरी में लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ता है। वैसे भी छड़वा डैम का पानी भी लोगो को कभी कभार ही मिलता है ऊपर से उसकी क्वालिटी भी बेहद घटिया ही कही जा सकती है। अधिकांश क्षेत्रों में गंदा पानी आ रहा है। जिसके कारण लोग बोतल बंद पानी खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

**कोई जांच पड़ताल करने वाला नहीं :** यह जानकर हैरानी होगी कि जो पानी यह लोग पी रहे हैं, वह सेफ है या नहीं, इसकी जांच पड़ताल करने वाला कोई नहीं है। अधिकारियों की मानें तो



**प्रतीकात्मक तस्वीर।**

पानी पैकेज्ड नहीं होने के कारण उसकी जांच करने का अधिकार ही नहीं है। इस पेंच का फायदा उठाकर ही यह लोग मनमानी कर रहे हैं।

**प्लांट में भी नहीं रहती साफ सफाई :** शहर के अधिकांश क्षेत्रों में संचालित हो रहे वाटर सप्लाई प्लांट पर नियम कायदों को दरकिनार कर दिया जाता है। यहां तक कि यहां पर्याप्त साफ सफाई भी नहीं होती। जो पानी घरों में बॉटल द्वारा सप्लाई किया जा रहा है वो कितना सुरक्षित है इसकी जांच पड़ताल करने वाला कोई नहीं है। यहां तक कि कई प्लांट की हालत तो इतना खराब है कि यहां गंदगी का ढेर लगा रहता है।

**हमारे यहां कोई नहीं आता चेकिंग के लिए :** रिपोर्टर ने शहर में संचालित बॉटल वाटर सप्लायर शंकर से बात की, तो उन्होंने बताया कि वो पानी की सिर्फ हार्डनेस कम करके बेच रहे हैं। यह पूछने पर कि कोई उनके यहां जांच पडताल के लिए आता है तो उन्होंने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि हम कुछ गलत करते ही नहीं है इसलिए हमारे यहां कोई नहीं आता।

**20 से 40 रुपये की बॉटल :** शहर की बात करें तो 50 से 100 के आसपास बॉटल वाटर सप्लायर हैं। ये लोग अलग-अलग रेट में पानी की सप्लाई करते हैं। एक 20 लीटर की बॉटल 20 से 40 रुपये में बेचते हैं। इन लोगों ने महीना बांध लिया है और घर घर जाकर रोजाना या एक दिन छोडकर सप्लाई करते हैं। ये बिजनेस कोई छोटा नहीं है बल्कि साल में लाखों का टर्नओवर है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

बोतलबंद पानी जितना पुराना होता जाता है, उसमें एंटीमनी की मात्रा उतनी ही बढ़ती जाती है। अगर यह रसायन किसी व्यक्ति के शरीर में जाता है, तो उसे जी मिचलाने, उल्टी और डायरिया जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे साफ है कि बोतलबंद पानी शुद्धता और स्वच्छता का दावा चाहे जितना करें लेकिन वह सेहत की दृष्टि से सही नहीं है।

# किसानों को झारखंड सुखाड़ राहत योजना के प्रति करें जागरूक : डीसी

**उपायुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड सुखाड़ राहत योजना के तहत हो रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान डीसी ने झारखंड सुखाड़ राहत योजना के तहत अब तक हुए पंजीकरण का जायजा लेते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों के माध्यम से प्रज्ञा केंद्रों पर किसानों का निबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्रों व एफपीओ के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों तक झारखंड सुखाड़ राहत योजना की जानकारी पहुंचाने एवं उन्हें लाभान्वित करने हेतु उनका पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को सहायक तकनीकी प्रबंधकों, प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों, वीएलई एवं वीएलडब्लू के माध्यम से उनके क्षेत्र के सभी योग्य किसानों व कृषि मजदूरों का निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित रूप से बैठक कर उनके प्रखंड में झारखंड सुखाड़ राहत योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करने एवं सभी योग्य किसानों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने कहा कि वैसे किसान जिनका निबंधन झारखंड फसल राहत योजना के तहत पूर्व में किया जा चुका है। उनका केवाईसी करा कर उन्हें झारखंड सुखाड़ राहत योजना का लाभ दिया जा सकता है । इसके लिए उपायुक्त ने झारखंड फसल राहत योजना के तहत पंजीकृत सभी किसानों का केवाईसी करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को फसल राहत योजना के तहत केवाईसी हेतु एलपीसी संबंधित मामले सामने आने पर त्वरित उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग में अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मैनेजर आईटी, अंचल अधिकारियों, प्रज्ञा केंद्र प्रबंधकों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, सहायक तकनीकी प्रबंधकों, प्रखंड तकनीकी प्रबंधकों सहित अन्य उपस्थित थे।

# बलजीत बने श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के रामगढ़ जिलाध्यक्ष



**रामगढ़।** श्रीराम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीतांबर महाराज ने रांची रोड मरार निवासी बलजीत सिंह बेदी को ट्रस्ट का रामगढ़ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बलजीत सिंह पूर्व में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मरार के 16 साल तक अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुर्गा मड़ई मेला टांड़ सुभाष चौक के भी अध्यक्ष रह चुके हैं।

# ओवर लोडेड वाहनों से हो रही आयरन ओर की ढुलाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोला।** गोला रोड रेलवे स्टेशन के साइडिंग से हो रहे आयरन ओर की ढुलाई में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बताया जाता है कि यहां से प्रतिदिन दर्जनों हाइवा से क्षेत्र के इनलैंड पवार प्लांट, बीएमएल, आनंदिता, आलोक स्टील, झारखंड इस्पात एंव मां छिन्नमस्तिका, प्लांटों में ओवर लोडेड गाड़ियों द्वारा लगातार बैखोफ माल ढोया जा रहा है। इसके लिए सरकारी मापदंड को भी दरकिनार कर दिया जाता हैं। वहीं,



इसे लेकर परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई नही किये जाने से कार्य में लगे लोगों का मनोबल दिनोदिन बढ़ते जा रहा है। वहीं, व्यस्ततम मार्ग से होकर ओवर लोड वाहनों के गुजरने से आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही आबादी वाले क्षेत्र में इस तरह के कारोबार होने से पूरा इलाका प्रदूषण से प्रभावित होता जा रहा है।

# बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** दारू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक का आयोजन अंचलकर्मी और प्रखंड पदाधिकारियों के साथ कि गयी। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय ने किया।

बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से एक एक कर उनसे संबंधित कार्यो का जायजा लिया गया। खाद आपूर्ति



**बैठक में शामिल लोग।**

पदाधिकारी से डीलर की मनमानी और कम अनाज देने की बात कही गयी। पशु चिकित्सक प्रभारी विमला कुमारी से पशुओं में हो रही लंपी वायरस बीमारी की वैक्सीनेशन की जानकारी ली । शिक्षा विभाग से आये बी आर सी सी बी ओ प्रभारी डोमन मोची से छात्रों की दी जानेवाली छात्रवृति की जानकारी ली गयी । जितने शिक्षकों की नियुक्ति वहां आयोजन के समय किया गया था ,वो उपस्थित थे या नही उसकी जांच की जाये।

# जेएसपी के संस्थापक ओपी जिंदल का सपना हो रहा साकार : सिन्हा

## ओपीजेसीसी उचरिंगा के 15 वर्ष पूर्ण होने पर टेक्नो उत्सव 2022 का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासल (रामगढ़)।** ओपीजेसीसी उचरिंगा के 15 वर्ष पूर्ण होने पर टेक्नो-उत्सव 2022 का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख संजय सिन्हा ने फीता काटकर किया। बताया गया कि इस वत्सव का उद्देश्य टेक्नोलजी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना है। यह उत्सव 3 दिसंबर को संपन्न होगा।

मौके पर प्लांट हेड संजय सिन्हा ने प्रधानाध्यापक, शिक्षकों व छात्रों को ओपीजेसीसी के 15 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि आप इसी तरह से ओपीजेसीसी के द्वारा समाज के लिए उत्ष्ट कार्य करते रहें। उन्होंने



**फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते जेएसपी के प्लांट हेड संजय सिन्हा।**

कहा कि ओमप्रकाश जिंदल कम्युनिटी कलेज प्राइवेट आईटीआई, भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय तकनीकी हस्तशिल्प योजना, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल काउंसिल अफ वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग से संबद्धता प्राप्त संस्थान है। श्री सिन्हा ने कहा कि जिंदल स्टील एंड पावर के संस्थापक उद्योगपति ओम प्रकाश जिंदल का सपना था। उनके इसी सपने को साकार करने के उद्देश्य से नवीन जिंदल, जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन की पहल पर सन 2007 में पतरातू स्थित बलकुदरा क्षेत्र को तकनीकी शिक्षा देने, क्षेत्र का विकास हेतु औद्योगिक संस्थान ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कलेज की स्थापना की गई। प्रधानाध्यापक अजय पांडे ने कहा कि ओपीजेसीसी पिछले 15 सालों में लगभग करीब डेढ लाख लोगों को ट्रेंड करके देश विदेश में नौकरी देने का काम किया है। इस टेक्नो-उत्सव 2022 में रामगढ जिले के कई उच्च शिक्षण संस्थानों को भी आमंत्रित किया गया है। टेक्नो-उत्सव के उद्घाटन में भाग लेने के लिए ओपीजेसीसी के छात्र और शिक्षक मौजूद थे। मौके पर विशिष्ट रूप से जेएसपी पतरातू के पीपीसी, मार्केटिंग एवं लोगिस्टिक प्रमुख राजीव रंजन और सीएसआर प्रमुख रवि निवास मौजूद थे।

## एक नजर में

### पद्मश्री ब्लू इमाम ने जरीना खातून संग्रहालय सह शोध केंद्र चितरपुर का दौरा किया

**रजरप्पा।** पद्मश्री ब्लू इमाम अपनी पत्नी एलिजाबेथ तथा बेटे गुस्तो इमाम के साथ जरीना खातून संग्रहालय सह शोध केंद्र चितरपुर का दौरा किया. उन्होंने संग्रहालय के आर्कोलॉजी सेक्शन निमिस्मेटिक सेक्शन एंथ्रोपोलॉजी सेक्शन और ट्राईबल कल्चर सेक्शन का निरीक्षण किया. निरीक्षण उपरांत उन्होंने कहा कि यह म्यूजियम झारखंड में प्रागैतिहासिक उपकरणों का सबसे अच्छा संग्रह रखता है पुरापाषाण युग से मध्य पाषाण युग तक नवपाषाण युग से लेकर महापाषाण युग तक कि वस्तु की निरंतर श्रृंखला देखी जा सकती है जो इस संग्रहालय को विशिष्ट बनाता है। यहां प्रदर्शित जीवाश्म झारखण्ड के लाखों साल पहले का परमाण देते हैं। सिक्के, पांडुलिपियां तथा आदिवासियों से संबंधित शिकार के टूल्स और दिनचर्या के सामान का संग्रह भी सराहनीय है। उन्होंने संग्रहालय के सुरक्षा प्रणाली तथा पूरा अवशेषों के रखरखाव पर गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा की सरकार को संग्रहालय के विकास हेतु फंड मुहैया करवाना चाहिए।

### बरही पटना रोड के रैयतों ने निवेदन समिति के सभापति को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** एनएच-31 सड़क चौड़ीकरण के लिए बरही पटना रोड के मकान व दुकान को तोड़ा जा रहा है। जिसको लेकर रैयतों द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है, रैयतों के अनुसार उनके दुकान मकान के लिए उचित मुआवजा नहीं दिया गया है, उनके व्यापार से जुड़ी भूमि को कृषि भूमि बताकर कम मुआवजा दिया गया है। जिसको लेकर रैयतों द्वारा लगातार इसका विरोध किया जा रहा है।जिसे लेकर श्रीनगर में विस्थापितों के लिए जारी झारखंड राज्य के निवेदन समिति की एक बैठक में पटना रोड के रैयतों ने अपनी मांग को लेकर निवेदन समिति के सभापति को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है एवं मांग किया कि वह पुनः सर्वे करवाकर एवं उन्हें उनके दुकान मकान के लिए उचित मुआवजा दिलाए ताकि वें लोग किसी अन्य जगह पर अपना व्यापार पुनः स्थापित कर अपना एवं अपने परिजनों का जीविकोपार्जन कर सके। मौके पर ईश्वर कुमार गुप्ता सहित सैकड़ो रैयत उपस्थित रहे।

### अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 60 मरीजों को बांटे पोषण किट

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सोमवार को टीबी के 60 इलाजरत मरीजों के बीच दूसरे चरण का पोषण किट वितरित किया। इससे पहले पहले चरण में 22 सितम्बर को पोषण किट बांटा गया था। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस किट में आहार सामग्रियों जैसे - हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, दाल, चना, गुड़, मूंग और सरसों तेल आदि शामिल थे। ये सभी मरीज आर्थिक रूप से कमजोर हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आरके जायसवाल ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास को सराहनीय बताया। आगे कहा कि अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी लाने के प्रयासों को मदद मिलेगी। वही अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड जनरल मैनेजर और साइट हेड धर्मेंद्र दूबे ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से लगातार जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। अदाणी फॉउंडेशन की टीम सीएसआर के तहत और भी कार्यों को पूरा करने के लिए उत्साहित है।

### महिला हिंसा पर 16 दिवसीय अभियान की शुरुआत

**इचाक।** हिंसा से ग्रसित महिला, किशोरी, विकलांग, ट्रांसजेंडर, महिला मजदूर की गरिमा को बनाये रखने के लिए महिला मुक्ति संस्था के द्वारा महिलाओं पर हो रहे हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान की शुरूआत विभिन्न हितधारकों के साथ गोवरबंदा पंचायत से शुरू की गई। इस अवसर पर मैत्री नेटवर्क की जिला कोऑर्डिनेटर- ज्योत्स्ना वर्मा ने कहा कि समाज में आज धारणा बनी हुई है कि महिला हिंसा का मतलब प्रत्यक्ष रूप से सामने दिखने वाली हिंसा ही महिला हिंसा है। जबकि, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ उनके पहनावे, रहन-सहन, आने-जाने पर ताने कसे जाते हैं, जिससे महिलाएं मानसिक से रूप से परेशान होती हैं और ये भी हिंसा है।

### चौपारण के बहेरा के आंख अस्पताल में एक दिवसीय प्रशिक्षण

**चौपारण।** सोमवार को लोक नायक आंख अस्पाताल बहेरा चौपारण में डायबिटीक रेटिनोपैथी एवं ग्लूकोमा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षक डॉ उमेश कुमार एवं डॉ विशाखा गुप्ता ने किया। इस प्रशिक्षण में डायबिटीज से होने वाली आंखों की बीमारी एवं आंखों का प्रेशर बढ़ने पर किस - किस प्रकार का आंखों में बीमारी एवं अंधापन हो सकता है, पर विस्तार पूर्वक बताया गया। उससे बचाव पर भी चर्चा की गई।

### भुरकुंडा में नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब अफ भुरकुंडा के सौजन्य से राज नर्सिंग होम के बगल में एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हल में मंगलवार को 14वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी लायन मो.मुमताज अंसारी के नेतृत्व में लगे इस शिविर में निरामया अस्पताल कोकर रांची के आप्थाल्मालॉजिस्ट सरिता कुमारी, हरिदास महतो, गोविंद राम, सिस्टर बसंती व कंचन द्वारा 118 लोगों का स्वास्थ्य व नेत्र जांच किया गया। जांच में 88 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई दिए परंतु रक्तचाप एवं मधुमेह की अधिकता के कारण केवल 30 मरीजों को अपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। मौके पर राज नर्सिंग होम व उत्सव मैरिज हॉलेज के संचालक सह क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो ने बताया कि शिविर में पाये गये सभी मोतियाबिंद मरीजों को 30 नवंबर बुधवार को सुबह 11 बजे बस से निरामया अस्पताल कोकर रांची भेजा जायेगा।

### अनमोल बचपन प्ले स्कूल में ड्राइंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कैंपस में अवस्ति अनमोल बचपन प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें नर्सरी, एलकेजी यूकेजी एवं कक्षा वन के दर्जनों बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के बच्चों ने एक से बढ़कर एक पेंटिंग बनाये। इस दौरान सबों में काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, नमिता मिश्रा, रुकमणी कुमारी व अंशु कुमारी द्वारा पेंटिंग में विभिन्न रंगों को भरने, रंगों की जानकारी व उसके उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें बौद्धिक विकास भी होता है।

### भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे का स्वागत

**भदानीनगर (रामगढ़)।** सौंदा डी से अगवा 4 वर्षीय बच्ची आयत को 48 घंटा के अंदर सकुशल बरामद कर लेने पर मंगलवार को सौंदा डी वासियों ने भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे का स्वागत किया। साथ ही स्थानीय मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय व उप मुखिया संजय भारती द्वारा ओपी प्रभारी श्री दुबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि पिछले 22 वनंबर को सौन्दा डी पंचायत के मस्जिद कलोनी से शब्बीर अहमद व आसमा खातून की पुत्री आयत का एक भिखारन व उसके पति द्वारा अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद भुरकुंडा पुलिस ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए 48 घंटा के अंदर बच्ची को बरामद कर लिया था। इस मौके पर ओपी प्रभारी द्वारा आयुष कुमार, अभय कुमार, मेहरू निसा को रेलवे पास व दो जरूरतमंद दल्विन मींज व एक अज्ञात विक्षिप्त को कंबल और खाने-पीने का समान वितरण किया गया। मौके पर ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने कहा कि इसमें सम्मान करने की कोई बात नहीं है। पुलिस का काम ही जनता की सेवा है।

## स्पीड न्यूज

### पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद

**लोहरदगा ।** पत्नी की हत्या के आरोप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल ने पति को आजीवन करावास की सजा सुनाई साथ ही आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया। आरोपी पति बनवारी मुंडा पहले से ही मंडल कारा में कैद है। आरोपी के पुत्र ने ही घटना के बाद सेन्हा थाना में मामला दर्ज कराया था जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। घटना 12 जनवरी 2018 की है। पत्नी से आपसी विवाद में बनवारी मुंडा ने पत्नी को चाकू से गल्ला रेतकर हत्या कर दिया था। लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बताया कि आरोपी के पुत्र ने ही घटना के बाद सेन्हा थाना में मामला दर्ज कराया था, घटना 12 जनवरी 2018 की है, जो सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की कुंबा टोली का है, पूरे मामले को लेकर सेन्हा थाना में 35/18 हत्या का मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष से आठ बार गवाही दिलाई गई और सभी बिंदुओं की जांच पड़ताल के बाद सबूतों और प्रमाणों को देखते हुए आरोपी बनवारी मुंडा को पीडीजे की कोर्ट ने जुमार्ना लगाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय की इस तरह की सजा से जिले में अपराधी प्रवृति के लोगो में एक कड़ा संदेश जाएगा साथ ही हत्या जैसे निर्मम घटनाएं में लगाम लगेगी।

### भंडरा में लाखों का रुपये धान जला

**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के कच्चमची गांव में किसान विजय खाखा एवं अनिल उरांव के खलिहान में रखा धान गंज में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दिया गया ।जिसके कारण दोनों किसान के धान गंज में आग लग गया। आग से दोनों किसानों को लगभग एक लाख रुपए का धान का नुकसान हुआ है ।इस संबंध में किसानों ने कहा कि इस वर्ष मौसम की मार से ऐसे भी धान की उपज कम हुई है और अज्ञात लोगों द्वारा धान गंज में आग लगा देने से भारी नुकशान हुई है।

### सूखा योजना के लिए किसान परेशान


**भंडरा ।** सुखा से प्रभावित किसानों को सूखा राहत योजना के तहत के द्वारा 35सौ रुपैया उनके बैंक खाते में स्थानांतरित करने के घोषणा के बाद किसान ऑनलाइन आवेदन रजिस्टर्ड करने हेतु परेशान हैं। किसान अपने सभी कार्यों के साथ आवेदन लेकर प्रज्ञा केंद्रों में जा रहे हैं परंतु प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा संबंधित पोर्टल पर आवेदन रजिस्टर्ड नहीं होने की बात बताई जा रही है ।जिसके कारण किसानों को सूखा राहत की राशि लेने के लिए आवेदन रजिस्टर्ड करने की समस्या सामने हो रहा है। जिसके कारण किसान अपना आवेदन ऑनलाइन नहीं कर पा रहे हैं ।इस योजना का लाभ लेने का अंतिम तिथि सरकार द्वारा 30 नवंबर निर्धारित की गई है ।जबकि 28 नवंबर तक आवेदन ऑनलाइन करने में साइड का प्रॉब्लम आ रहा है ।इस संबंध में भंडारा अंचल के सीओ दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस साइड में कभी-कभी डिस्टाबिंग आ रहा है। हमेशा प्रॉब्लम नहीं है। प्रज्ञा केंद्र संचालक किसानों के हित के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन में प्रयासरत रहे। सीओ ने बताया की कई प्रज्ञा केंद्र संचालक अपने कार्यो मे काफी लापरवाही बरत रहे है ।फसल राहत मे ऑनलाइन करने के लिए किसानो को टालमटोल करने की शिकायत मिली है । जल्द हि उनपर कानूनी करवाई की जाएगी ।

### मनरेगा को ले बीडीओ ने की बैठक



**भंडरा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा और बीपीओ सुदर्शन लकड़ा ने समीक्षा बैठक की जिसमें मनरेगा के कार्यो में तेजी लाने समेत प्रत्येक गांव में मनरेगा की पांच योजनाएं संचालित करने, निबंधित श्रमिकों की संख्या के आधार पर अधिक से अधिक श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराने, बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलांबर-पीतांबर जलसमृद्धि योजना एवं वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में चयनित सभी योजनाओं को स्वीकृत कर अविलंब कार्य आरंभ कराने के निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने तीन दिनों में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी कार्य के लिए गड्ढे की खुदाई कराने, तीन माह की योजना बनाने, मनरेगा में कार्य करने वाले श्रमिकों को पांच दिनों में एफटीओ करने, सभी श्रमिकों का जॉबकार्ड बनाने समेत कई निर्देश दिए। मौके पर कनीय अभियंता संजीत कुमार,रविशंकर भगत,रेहान अंसारी पंचायत सेवक रऊफ अंसारी,प्रदीप कुमार,राजीव गुप्ता,हेमंत गुप्ता,राम उरांव,कर्मचंद उरांव, बीरबल महली,रविन्द्र लकड़ा समेत अन्य कर्मी मौजूद थे ।

### बीडीओ ने की मतदाता सूची की समीक्षा



**भंडरा ।** प्रखंड के प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा व सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में बीएलओ व सुपरवाइजर की बैठक की गई। इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजर को फटकार लगाया गया। जानकारी के अनुसार 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार प्रपत्र 6, 7, 8 जमा करना है। प्रखंड में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन संग्रह नहीं किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि बीएलओ को प्रतिदिन 5 प्रपत्र संग्रह करने का लक्ष्य दिया गया था। कार्य में लापरवाही बरतने के लिए कर्मियों के बेतन मे रोक लगाया जायेगा । सीओ दिनेश गुप्ता ने कहा की मतदाता सूची के कार्य मे लापरवाही ना बरतें समय को ध्यान मे रख कर अपने कार्यो का निर्वाहन करे । मौके पर रऊफ अंसारी, बीपीओ सुदर्शन लकड़ा, मिथलेश कुमार समेत बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद थे।

### संगठन में ही है शक्ति : अनिल उरांव

सेन्हा। प्रखंड के एकागुड़ी पंचायत के अंतर्गत बडीयाताड़ में जय श्री राम समिति की बैठक जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में की गई ।बैठक में जय श्री राम समिति संगठन से जुड़कर सेवा की भावना रखने वाले लोगो ने कमेटी बनाने की इच्छा जिला पदाधिकारियों के समक्ष रखी ' जिनकी भावनाओं को देखते हुए जिला पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया ।जिसमेसंरक्षक बालेश्वर साहू, आनंद साहू,अध्यक्ष श्याम किशोर साहू,उपाध्यक्ष संजय साहू,सुरेंद्र साहू, अंकित साहू,महामंत्री प्रदीप कुमार साहू,कोषाध्यक्ष गौतम कुमार,संगठन मंत्री मनोज साहू,प्रमोद साहू,मीडिया प्रभारी रोहित कुमार को बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि सनातन समाज अपनी ताकत को समझें,समय की मांग है संगठन ही अंतिम विकल्प।

# बिना किसी कार्यदेश केनवडीहा पंचायत में लगा हैंडवाश

## मानक के अनुरूप नहीं लगाया गया है हैंडवाश, पैसे के लिए कर्मचारी पर दिया जा रहा है दबाव

**प्रवीण कुमार विक्की**

घाघरा (गुमला)। सुनो ये झन झन की झंकार ये दुनिया है कालाबजार की पैसा बोलता है.. हिंदी फिल्म का यह गीत घाघरा प्रखंड में चल रहे भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। प्रखंड में बिना कार्यादेश के ही हैंडवाश लगा दिया गया। वह भी मानक से कोसों दूर है। अब स्थिति यह है कि पैसों के लिए कर्मचारी पर दबाव बनाया जा रहा है। मामला घाघरा प्रखंड के नवडीहा पंचायत की है। जहां बिचौलियों के द्वारा बगैर कायार्देश के ही सोलर हैंडवॉश लिगा दिया गया है और लगने के बाद मुखिया और बिचौलियों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि किसी तरह से कार्यादेश मिल जाए। परंतु पंचायत

- **जितना लगा है उसका जांच के बाद होगा भुगतान : बीडीओ**
- **मुझे पता नहीं कहां लगा है हैंडवाश : पंचायत सचिव**

सचिव श्याम किशोर प्रसाद कार्यादेश देने से साफ इनकार कर दिए है। यहां बता दें कि संत युद्ध मध्य विद्यालय नवडीहा व आंगनबाड़ी गम्हरिया दो जगह पर सोलर हैंड वॉश सिस्टम लगाया गया है। जिसकी लागत लगभग 45000 होगी पर बिचौलियों के द्वारा ढाई लाख रुपए निकालने का प्रयास किया जा रहा है। प्रखंड के अरंगी पंचायत में दो हैंड वाश लगाया गया है। जिसमे एक मे 247600 व दूसरे में 247635 रुपया का भुगतान



स्टील की जगह पर टीना का लगाया गया हैंडवाश।

भी हो चुका है। बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा कि सभी संबंधित कर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी पंचायत में सोलर हैंडवाश का कार्य नहीं होगा और जितना भी कार्य हुए हैं उसे जांच के बाद पैसा कटौती कर भुगतान की जायेगा। यहां बता दें की गम्हरिया आंगनबाड़ी में हैंडवाश लगने के तुरंत बाद ही फर्स टूट गया था। जिसे एक समाजसेवी के द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो खींचकर वायरल किया गया। जिसे देखने के बाद बिचौलियों ने जाकर उसे लीपापोती कर ढ़कने का प्रयास किया है। यहां बता दें कि नवडीहा पंचायत में दो जगह हैंडवाश लगाया गया है वह भी टीना का ही लगाया गया है जो बिल्कुल मानक के विपरीत है और बिचौलियों के द्वारा पैसा निकासी के लिए दिनभर ब्लॉक का चक्कर लगाया जा रहा है।

इस संबंध में पंचायत सचिव श्याम किशोर प्रसाद से कहा कि मैंने किसी भी हैंड वाश योजना के लिए कोई कायार्देश नहीं दिया है। हैंड वाश लगने के बाद मुझे पंचायत के लोगों से मौखिक सूचना मिला। जिसके बाद मैंने देखा तो पता चला की मानक के विपरीत हैंडवॉश लगाया गया है। जब तक उसे मानक के अनुसार नहीं बनाया जाता है तब तक पेमेंट नही किया जायेगा।

**बिना कार्यादेश के योजना पूरा होना गलत :** बीडीओ विष्णु देव कच्छप कहा कि बिना कार्यादेश के हैंडवाश लगाना गलत है। जो भी अनियमितता बरती गई है उसकी जांच की जाएगी। जिसके बाद ही भुगतान किया जाएगा। सोशल मीडिया व मौखिक तौर पर मुझे इस अनियमितता की जानकारी मिली है। जिसके बाद से ही मैंने भुगतान करने पर रोक लगा दिया है। अब जांच के उपरांत ही भुगतान किया जायेगा।

# भूख से मौत पर जवाबदेही मुखिया और जनप्रतिनिधियों की होगी: हिमांशु शेखर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं लंबित परिवाद पत्रों की सुनवाई**

**गुमला।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मंगलवार को नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं लंबित परिवाद पत्रों की सुनवाई हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्य शबनम परवीन और आयोग के अन्य सदस्यों शामिल हुए।

आयोग के पदाधिकारी व सदस्यों ने विभिन्न पंचायतों से आए हुए मुखिया से बातचीत की। इस दौरान उन्हें राज्य खाद्य आयोग के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़ी जन वितरण योजना, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, मातृ वंदना योजना से संबंधित जानकारी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दी गई। इस दौरान मौजूद सभी मुखिया को बताया गया कि वो अपनी शिकायत कहां रख सकते हैं। मुखिया की जिम्मेदारी क्या है और वो दूसरे लोगों को भी कैसे जानकारी दे सकते हैं। मौके पर झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि जिले में एक भी मौत भूख से होने पर उसकी जवाबदेही पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों खासकर मुखियों पर होगी। क्योंकि वही पंचायत स्तर पर बनी खाद्य सुरक्षा योजना की निगरानी समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इस नाते इस योजना से जुड़े सभी जानकारी और उनके क्रियान्वयन में आ रही कठिनाई को दूर करने के लिए शिकायत का अधिकार उनके ही पास होता है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों से योजना को लेकर आयोग के समक्ष आ रही शिकायतों की समीक्षा के बाद विभाग की ओर से प्रदेश के हर जिला मुख्यालय में संवाद और जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना से जुड़ी जानकारी जन प्रतिनिधियों को दी जा रही है। श्री शेखर ने कहा कि योजना को लेकर आयोग को कई स्तर



कार्यक्रम में मंचासीन आयोग के अध्यक्ष, सदस्य, डीडीसी व अन्य।

से शिकायतें मिल रही हैं। इसकी समयानुसार सुनवाई कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई के लिए सरकार को लिखा जा रहा है। इसलिए सभी मुखियाओं को इसमें सहयोग करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि डीलर या किसी भी संबंधित पक्ष द्वारा गड़बड़ी किए जाने पर डीजीआरओ से इसकी शिकायत की जा सकती है। यदि 30 दिनों के भीतर उनके कार्यालय से निवारण नहीं होता है तो आयोग द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर ( 9142622194 )के माध्यम से आयोग को भी शिकायत की जा सकती है। इसपर संज्ञान लेते हुए आयोग त्वरित कारवाई करेगा। जन सुनवाई के दौरान अधिकांश मुखियाओं ने पीडीएस के दूर होने से लाभुकों को होने वाली समस्या के अलावा खराब नेटवर्क की जैसे समस्याओं से आयोग को अवगत करवाया।

कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने राष्ट्रीय खाद्य आयोग के गठन के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शमदानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा , सिविल सर्जन राजू कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपने अपने विभागों द्वारा चलाए जा रहे संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं वर्तमान स्टेटस से अवगत करवाया।

## एक नजर में

### हत्या मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**गुमला।** पुलिस ने हत्या के फरार अभियुक्त कोटमा मड़वा गांव निवासी मिथलेश साय को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। 9 नवंबर को कोटाम मड़वा गांव निवासी नारायण साहु का शव गुमला पुलिस ने लोहरदगा रोड स्थित उरांव छात्रावास के सामने अर्द्धनिर्मित मकान से जले हुए हालात में बरामद किया था। इस संबंध में परिजनों के द्वारा गुमला थाना में शिकायत की गई थी। मृतक एक नवंबर से लापता था। एक नवंबर को वह मिथलेश साय के साथ घर से निकला था। उसके बाद वापस घर नहीं लौटा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त मिथलेश को उसके घर से गिरफ्तार किया। घटना के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था।

### कीटनाशक खाने से युवक की हालत गंभीर

गुमला। पालकोट थाना क्षेत्र के कैंबा डुमरटोली निवासी 40 वर्षीय अवधेश प्रसाद ने आपसी विवाद में नशे की हालत में कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। कीटनाशक खाने के बाद तबीयत बिगने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

### गर्म वस्त्र और कंबल का किया गया वितरण



गुमला। अघोरेश्वर महाप्रभ्र के 31 वें महानिर्वाण दिवस के अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला के प्रागंण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः सात बजे प्रार्थना गृह परिसर में सदस्यों द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई से किया गया। उसके पश्चात नौ बजे पूजन आरती व सफल योनी का पाठ किया गया। अपराह्न दो बजे नगर के जरुरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, कंबल आदि का वितरण समूह के सदस्यों ने किया और संध्या में अघोरान्ना परो मंत्र संकीर्तन के पश्चात संध्या आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे कार्यक्रम में समूह के सभी महिला पुरुष सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

### कैंसर मरीज के लिए युवक ने किया रक्तदान



**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के हंसलता अंबाटोली निवासी कैंसर मरीज गंदुर उरांव की जीवन रक्षा को लेकर मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता विजय नायक ने रक्तदान किया। गंदुर उरांव गरीब किसान है। जरूरत के समय कोई भी व्यक्ति रक्तदान के लिए आगे नहीं आया तो जिला प्रेस एसोसिएशन के अपील पर विजय नायक ने रक्तदान कर उसकी जान बचायी।

### आदिवासी एकता परिषद ने किया सड़क जाम



गुमला। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा आहुत भारत बंद के समर्थन में मंगलवार को राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद गुमला के सदस्यों ने गुमला के करमडीपा के समीप सड़क जाम कर दिया। सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक रोड जाम रहा। जिसे प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा सूचना मिलने पर हटाया गया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा डिलिस्टिंग व सीतापुर छतीसगढ़ के कार्यक्रम में आरएसएस के इशारे पुलिस व प्रशासन के द्वारा रोके जाने एवं पर्यावरण संरक्षण के नाम पर आदिवासियों को विस्थापित किये जाने को लेकर बंद बुलाया गया था। इधर सड़क जाम के कारण सुबह लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहनों की कतार सड़क के दोनों छोर पर लग गई। बंद के समर्थन में कई लोग सड़क पर उतरे थे।

### गुमला में आग से झुलस कर एक घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर निवासी 40 वर्षीय आभाष टोप्पो रसोईय गैस में पानी गर्म करने के दौरान आग से झुलस कर जख्मी हो गये। जिसे इलाज के लिए परिजनों ने आनन–फानन में सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। इस घटना में घायल का चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से झुलस गये। इस संबंध में जानकारी देते हुए घायल ने बताया कि सुबह बच्चों के लिए पानी गर्म करने के लिए किचन में गया था। जहां पूर्व से ही गैस लीक कर रही था। जैसे ही माचिस जलाया वैसे ही पूरे किचन में आग की लपटें फैल गई। जिसमें वह झुलस गया।

### भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस हुई मजबूतः रमेश

गुमला। गुमला प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम कर पार्टी की एकता को प्रदर्शित करने का काम किया है। इसपर वरीय जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर के समर्पण भावना का परिणाम है कि कांग्रेस ने यात्रा के माध्यम से शक्ति दिखाई है। साथ ही लोगों के बीच इस यात्रा से कांग्रेस के प्रति विश्वास बढ़ा है। आशा है कि पार्टी के हित के लिए गुलाम इसी निष्ठा भावना से काम करें और कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करें।

### छड़ सीमेंट लदे ट्रैक्टर से गिरकर एक की मौत

चैनपुर। थाना क्षेत्र के पुंडी मोड़ के समीप छड़ सिमेंट लदे ट्रैक्टर से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घटना के रायडीह प्रखण्ड के कांसीर से ट्रैक्टर में छड़ सिमेंट लेकर जारी थाना क्षेत्र के पुलुंग गांव जा रहा था। तभी पुंडी मोड़ के समीप ठोकर के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। जिससे उसपर सवार खुससुता ग्राम निवासी मजदूर प्रकाश एक्का एवं मनोज मुण्डा ट्रैक्टर से नीचे गिर गये। जिससे ट्रैक्टर का पिछला चक्का प्रकाश एक्का के सिर पर चढ़ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । वहीं मनोज मुण्डा गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर मौके पर गश्ती में निकली जारी थाना की पुलिस ने घायलों को तत्काल चैनपुर स्वास्थ्य केन्द्र पंहुचाया। जिसके बाद डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक ईलाज कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# विहिप की शौर्य यात्रा में दस हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : मुकेश सिंह

गुमला। शहर के लोहरदगा रोड स्थित गोपाल मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक विहिप उपाध्यक्ष पुनम सिंह कि अध्यक्षता में हुई। बैठक में शौर्य दिवस की तैयारी हेतु विशेष रूप से सामूहिक चर्चा किया गया। इस बीच बजरंग दल के विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को भव्य रुप से परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम भाग-2 से गुमला नगर भ्रमण हेतु शौर्य यात्रा निकाला जाएगा। जिसमें गुमला जिला के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता शौर्य यात्रा में लगभग 10,000 की कि संख्या में शामिल होंगे। जिसकी तैयारी गुमला जिला में समस्त कार्यकर्ता जोरों शोरों से कर रहे हैं। बैठक से पूर्व सुबह के समय गुमला सिसई रोड में गौ मांस मिलने से हिंदू समाज आक्रोशित हैं और प्रशासनिक पदाधिकारी से मांग किया है कि अवैध रूप से गुमला टाउन में



बैठक में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

जितने स्थानों पर चल रहा है बूचड़खाना उसे तत्काल बंद करें अन्यथा बजरंग दल अपने स्तर से कार्रवाई करेगा। जिला संयोजक रविंद्र सिंह एवं नगर संयोजक विनोद साहू ने कहा शौर्य दिवस की तैयारी को लेकर पूरे गुमला नगर में भगवा ध्वज लगाए जाएंगे। जिला से लेकर नगर स्तर तक अधिक से अधिक संख्या में हिंदू समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हो। इस अवसर पर पूनम सिंह, मनीष लायन, रविंद्रकुमार सिंह, मुकेश सिंह, विनोद कुमार साहू, सुरेश प्रसाद, रमेश नायक, सुरेंद्र कुमार साहू, अकाश विश्वकर्मा, निखिल कुमार सिंह,अनूप कुमार लाल, प्रियेश कुमार साहू, अमित जयसवाल, कन्हैया कुमार, राजेश सिंह, महादेव प्रसाद साहू, प्रमोद सिंह, अरविंद लोहरा, दीपक साहू ,यशराज सिंह, गंगा सिंह , गोविंद, आनंद सिंह, हर्ष जयसवाल ,सूरज वर्मा, विकास कुमार सिंह, टोबो सिंह, अशोक गोप, विकास कुमार, राम केश्वर लोहारा, शिव केश्वर सिंह ,रूपेश कसेरा,बसंत साहू,सुजीत कुमार गुप्ता, सहदेव चौधरी, राजेश कुमार, बबलू कुमार वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनता की समस्याओं का निदान सरकार की पहली प्राथमिकता : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू मंगलवार को लोहरदगा प्रखंड के बंजार किस्को पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि 15 दिन पूर्व बंजार किस्को टाड़ टोली में 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण यहां के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है ।ग्रामीणों ने यहां पर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किये। साथ ही सोलर जलापूर्ति योजना पाइप फट जाने से पानी की किल्लत और अखड़ा के पास चापानल का निर्माण कराने की मांग करते हुए अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड की कांग्रेसनीत यूपीए सरकार के द्वारा जन समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों में बेहतर काम हो रहा है। जनता की समस्याओं का निदान करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। जनता के बीच सरकार का विश्वास बढ़ा है। श्री साहू ने मौके पर से ही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर पूर्व मुखिया सुखमनी उरांव ,गोविंद उरांव, शिबू उरांव,अनिल उरांव, अमित लकड़ा, मनोज लकड़ा, रामधनी बखला, अशोक उरांव, राम लाल उरांव, दुर्गा उरांव, जोखना उरांव, लालदेव उरांव,रतिया उरांव,सीता उरांव अगनू उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं

**रोशन शाहदेव**

**लोहरदगा।** जिले में शिक्षा विभाग की उदासीनता और लापरवाही के कारण सैकड़ों बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है। हम बात कर रहे है शहर में स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित +2 कस्तूरबा गर्ल्स उच्च विद्यालय की जहां 11वी में 290 छात्राओं का नामांकन तो ले लिए गया है,लेकिन अभी तक एक भी शिक्षक को नियुक्ति नहीं की गई है ।आप स्वयं ही अंदाजा लगा सकते है की इन छात्राओं का भविष्य क्या होगा ।इनसे से कई बच्चियां काफी दूर दराज क्षेत्र से पढ़ाई के लिए रोज स्कूल तो पहुंच रही है लेकिन शिक्षक नहीं होने के कारण बस खानापूर्ति कर घर लौट जा रहे है ।बच्चियों ने बताया कि अगस्त में



विद्यालय का उद्घाटन हुआ था तब कहा गया था की सितंबर से शिक्षक को नियुक्ति कर ली जाएगी ,लेकिन उद्घाटन के तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक शिक्षक की नियुक्ति नहीं हो पाई है। विद्यालय की प्राचार्या रेशमा तिर्की ने बताया कि इसे लेकर कई बार विभाग को आवेदन और मौखिक स्तर पर निवेदन किया गया है की शिक्षक जल्द से जल्द विद्यालय में दिया जाए ।लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है शिक्षक नहीं ।किसी तरह 9 और 10 वी

- **11 वीं में नामांकित 290 बच्चियों का भविष्य अधर में**
- **कई बार विभाग को इससे अवगत करा चुकी हूं : प्राचार्य**

वर्ग संचालित करने वाले ही शिक्षक कभी समय निकाल कर इन बच्चियों का क्लास ले लेती है लेकिन बिना विशेषज्ञ शिक्षक के 11 वी और 12 वी की छात्राओं की पढ़ाई संभव नहीं है।

**शिक्षा मंत्री और वित मंत्री ने 26 अगस्त को किया था उद्घाटन :** इस साल 26 अगस्त को धूमधाम से शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो और वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के उपस्थिति में इस विद्यालय का उद्घाटन हुआ था, उस समय कहा गया था की राज्य में आधा दर्जन के करीब विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने का संकल्प लिया गया है उसमें ये भी विद्यालय शामिल है । जिसमे सीबीएसई के तर्ज पर शिक्षा दिया जाएगा। इस उत्क्रमित +2 विद्यालय में 11 वी में 286 छात्रा आर्टस संकाय और 2,2 कॉमर्स और साइंस संकाय में छात्राओं ने नामांकन लिया है। छात्र मेहर प्रवीण का कहना है शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है । स्कूल के शिक्षक कभी कभी कोई कोई विषय को पढ़ा दिया करते हैं। लेकिन इससे उनका सेलेबस पूरा नहीं हो पाती हैं और रोज की तरह स्कूल आकर बिना पढ़े घर जाना पड़ता है। 11वी आर्ट्स में पढ़ने वाली सोनाली का कहना हैं एडमिशन के समय शिक्षक जल्द आने की बात कही गई थी, लेकिन तीन चार महीने बीत जाने के बाद एक भी शिक्षक की बहाली नहीं हुई।

स्पीड न्यूज

## बुनकर विभाग की छात्राओं को चार माह से नहीं मिली छात्रवृत्ति

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के खासमहल स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जमशेदपुर बुनकर सह शिक्षण केंद्र में कोरोना महामारी के 2 साल के बाद 24 छात्राओं का चयन किया गया था। वहीं 24 छात्राएं 4 माह से इस विभाग में प्रशिक्षण ले रहे हैं। लेकिन 4 माह से इन लोगों को अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर महीना का एक बार भी छात्रवृत्ति नहीं मिला यह 24 छात्राएं गरीब तब के के आदिवासी समाज से, अल्प संख्यक समाज से एवं अन्य समाजों से आते हैं। वहीं यह लोग उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को एक लिखित आवेदन दिया गया है की छात्रवृत्ति ₹1000 से अधिक किया जाए यह विभाग मुख्यमंत्री जी के पास है।

## विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राखा कॉपर में विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच कल बुधवार 30 नवम्बर को राखा कॉपर कॉलोनी मैदान में खेला जायेगा। इस प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेगी। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में एसोसिएशन के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, एसडीओ सत्यवीर रजक, पूर्व, सचिव राजेश वर्मा, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजीव बादान, जिला समन्वयक धनजी सिंह विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भाजपा नेता मनोज प्रताप सिंह ने दी।

## चार दिसंबर को लगेगा नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री सह सांसद अर्जुन मुंडा एवं टाटा स्टील के पहल पर आगामी 4 दिसंबर 2022 दिन रविवार को काशी साहू कॉलेज सरायकेला परिसर में निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसके सफल क्रियान्वयन को लेकर आज उपायुक्त श्री अरवा राजकमल ने जिले के वरीय पदाधिकारी, सिविल सर्जन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक मे उपायुक्त ने आगामी 4 दिसंबर 2022 को काशी साहू कॉलेज में लगाए जा रहे निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में अधिक से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं टाटा स्टील के पहल पर जिला के लागों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य को लेकर आगामी 4 दिसंबर 2022 को काशी साहू कॉलेज सरायकेला परिसर में निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## जेएनएसी पदाधिकारी से मिले सांसद प्रतिनिधि और भाजपा नेता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मामलों को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल विशेष पदाधिकारी श्री संजय कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात किया। इस मुलाकात में क्रम में अक्षेस के अंतर्गत आने वाले जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी विधानसभा के विभिन्न विकास कार्यों, नागरिक सुविधा, शहरी परिवहन आदि के योजनाओं और उनकी वर्तमान स्थिति की चर्चा एवं समीक्षा की गयी। इसी क्रम में विशेष पदाधिकारी से यह कहा गया कि कई योजनाएं हैं जिनका कार्य काफी समय से लंबित है तो उन्हें यथाशीघ्र संपन्न कराया जाए। इसके साथ ही साथ नए योजनाओं को लेने पर भी चर्चा हुई। विशेष पदाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों के कनीय अभियंताओं को इस बावत निर्देश दिया। विकास योजनाओं के अलावा शहर के विभिन्न मोहल्लों में साफ-सफाई की स्थिति पर भी चर्चा की गई और उन्हें बेहतर करने पर जोर दिया गया।

इसके साथ-साथ 15वें वित्त आयोग के तहत चलने वाली विभिन्न योजनाओं के के संबंध में भी बातचीत हुई।

# दिशा मेहता स्टूडेंट ऑफ द ईयर और विवेक कपूर को मिस्टर इंटरटेनर का खिताब

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार 29 नवंबर को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में एनुअल डे (वार्षिकोत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो, कुलपति डॉ गोविंद महतो तथा शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा गायत्री मंत्र के साथ हुआ।



वार्षिकोत्सव में उपस्थित चांसलर सुखदेव महतो, कुलपति गोविंद महतो, डीन भाव्या भूषण व अन्य।

एनुअल डे पर वर्षभर में विद्यार्थियों को उनके रचनात्मक कार्यों के लिए तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।




स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड दिशा को प्रदान करते चांसलर सुखदेव महतो।

कुलपति डॉ गोविंद महतो ने कहा कि हमारा जीवन भी एक संगीत की तरह है जिसे हमें खूबसूरती के साथ गाना है। परीक्षाओं की तरह ही हमारा जीवन कई सेमेस्टर में विभाजित है और हमें अपने जीवन के प्रत्येक भाग को पूरी तरह से जीना चाहिए। तभी जीवन की सार्थकता है। इस समारोह में विवि के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक जयारानी महतो तथा लक्ष्मी कुमारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ देबोप्रिया सरकार के द्वारा हुआ।

मौके पर विवि के सहायक प्राध्यापक डॉ भाव्या भूषण, डॉ प्रियंका प्रियदर्शनी, जयश्री सिंह विनय सिंह शांडिल्य, डॉ मिथिलेश कुमार, बीना महतो, सूर्य प्रताप सिंह, माधुरी कुमारी तथा बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

**इन्हें मिली उपाधियां**

1. स्टूडेंट ऑफ द ईयर - दिशा मेहता
2. मिस्टर कॉपरेटिव - गगनदीप सिंह
3. मिस्टर एंटरटेनर - विवेक कपूर
4. मिस ऑरा ऑन द स्टेज - प्रिया सिन्हा
5. मिर पंक्चुअल - नंदनी कुमारी
6. मिस स्टूडियस- पूजा कुमारी
7. मिस्टर एटीकेट - कपूरचंद प्रधान

# बिरसानगर में पीएम आवास योजना में घर बुक कराने का जारी हुआ आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 के तहत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी +8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसके प्रथम चरण मे 3836 लाभुकों तथा दूसरे चरण में कुल 834 लाभुकों का आवास आवंटन उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर की अद्यक्षता मे किया जा चुका है। वर्तमान में यदि कोई आवेदक अब तक आवास हेतु आवेदन जमा नहीं कर सके है ऐसे लोगो के लिए एक बार फिर से आवेदन करने की अनुमति प्रदान की गई है, इच्छुक आवेदक अगले आदेश तक जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।



बिरसानगर में निर्माणाधीन मकान।

**आवेदन करने हेतु निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता है :**

जो लोग 17 जून 2015 के पूर्व से जमशेदपुर अक्षेस के निवासी हो, प्रमाणपत्र में वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता, आय प्रमाणपत्र तीन लाख या तीन लाख से कम, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रति, संबंधित बैंक में 5000 रुपये का भुगतान कर पंजीकरण करा लें। पंजीकरण पुस्तिका मे स्पष्ट उल्लेख करे की आवेदक बिरसा नगर परियोजना मे आवास लेने को इच्छुक हैं।

## पूर्वी सिंहभूम में एक दिन में टीबी के 13 नये रोगी मिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

- टीबी जांच को लेकर आज 55 कैम्प आयोजित किये गये
- 1149 लोगों की हुई जांच, कल कैंप का आखिरी दिन
- नजदीकी कैंप में जाकर बलगम संग्रह करायें संभावित मरीज : डीसी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेशानुसार जिले में टीबी रोगियों को चिन्हित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सभी प्रखंड एवं शहरी क्षेत्र में कुल 55 कैम्प आयोजित किये गये। इस दौरान कैम्प में आए 1149 टीबी संभावित मरीजों की जांच करते हुए बलगम संग्रह किया गया जिसमें 357 सैम्पल माइक्रोस्कोपी केन्द्र जांच के लिए भेजा गया, कुल 13 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई। अभियान के सफल संचालन को लेकर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय धावड़िया ने घाटशिला प्रखंड के सुदूर रामचंद्रपुर गांव एवं



आसपास के कैंप का जायजा लेते हुए प्रतिनियुक्त टीम को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के निदेशानुसार 28-30 नवंबर तक चलाये जा रहे इस अभियान का कल आखिरी दिन है। दो दिनों में अब तक 1705 टीबी संभावितों की जांच की गई जिसमें 14 लोगों में टीबी पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है।

## डीसी विजया जाधव ने किया 9वीं व 10वीं के मासिक मूल्यांकन परीक्षा का निरीक्षण





एक विद्यालय में छात्राओं से बात करती डीसी श्रीमती विजया जाधव।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड में 9-10 वीं कक्षा की मासिक मूल्यांकन परीक्षा के विभिन्न केंद्रों का उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री नंदकिशोर लाल द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा के

**दिये जरूरी निर्देश**

कदाचारमुक्त संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 9वीं एवं 10वीं कक्षा के बच्चों के लिए शुरू किए गए तीन दिनों की मासिक मूल्यांकन परीक्षा का आज दूसरा दिन है। 149 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई है। छात्रों के मन से परीक्षा का भय दूर हो तथा बोर्ड परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें, इसके मद्देनजर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति तथा दोनो एसडीओ की निगरानी में परीक्षा आयोजित किया जा रहा।

## विद्यार्थियों के बैंक खाता खुलने में धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने जताया असंतोष

- डीसी ने पोटका प्रखंड की विकास योजनाओं की समीक्षा की
- गांव-गांव जाकर विकास योजनाओं की समीक्षा पर दिया बल



खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम की जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने पोटका प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक कर बाल विकास व समाज कल्याण, स्वास्थ्य, कल्याण, शिक्षा, आपूर्ति, पशुपालन, मनरेगा, पीएम आवास, अंचल सहित अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों से सरकार के सभी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीडीपीओ, पोटका को झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्री भाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त 5338 आवेदनों को जांचोपरांत प्रतिदिन सौ-सौ आवेदन पीएफएमएस से भुगतान हेतु जिला भेजने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एमओआईसी डॉ रजनी महाकुड़ को इनडोर मरीज की संख्या बढ़ाने, अस्पताल भवनों की स्थिति तथा बेड की उपलब्धता की जानकारी ली गई। उन्होंने एएनसी जांच के लिए जादूगोड़ा एवं नरवा में अतिरिक्त व्यवस्था पर जोर दिया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के बैंक खाता खुलने के आंकड़ों की जानकारी लिया। छात्रों के बैंक खाता खुलने में हो रही परेशानी को देखते हुए निर्देश दिया कि प्रतिदिन एक सौ विद्यालयों को टारगेट कर तीन दिनों में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। यह काम तीन बजे से शुरू करें। उन्होंने आपूर्ति पदाधिकारी को पिछले 06 माह एवं 01 वर्ष से राशन नहीं लेने वालों की अलग-अलग सूची उपलब्ध कराने, पशु पालन विभाग को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुकों को लाभ दिलाने को कहा।

## चिन्मया स्कूल में सीबीएसई इंटर स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट एक से



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मया विद्यालय जमशेदपुर को इस बार सीबीएसई की ओर से सीबीएसई इंटर स्कूल कलस्टर-3 बास्केटबॉल अंडर-19 बॉयज एंड गर्ल टूर्नामेंट 2022 23 आयोजित करने का जिम्मा दिया गया है। टूर्नामेंट का शेड्यूल 1 दिसंबर से शुरू होगा और 4 दिसंबर तक चलेगा। पूरे टूर्नामेंट विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के परिसर में ही आयोजित किया जायेगा।

क्लस्टर्ड बिहार एंड झारखंड इंटर स्कूल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट 2022 में 19 टीमें बिहार से और 36 टीमें झारखंड से शामिल होंगी। टूर्नामेंट में लड़कों के 51 और लड़कियों की 1 टीमें भाग ले रही हैं। कुल प्रतिभागियों की संख्या 956 होगी जिसमें 609 लड़के हैं और 347 लड़कियां हैं। उनके साथ 82 कोच भी रहेंगे। टूर्नामेंट के दौरान सीबीएसई ऑबजाबर मिस सत्य किरण उपस्थित रहेंगी। यह जानकारी विद्या भारती चिन्मया स्कूल के चेयरमैन मानस मिश्रा सचिव श्री दीक्षित एवं स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मीना बिल्कुल ने दी। इस अवसर पर चिन्मया मिशन के पदाधिकारी गण एवं शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

# टाटा स्टील : 2022 डेल्टा टेक्नोलॉजी डे इवेंट संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पावर और थर्मल मैनेजमेंट सॉल्यूशंस में दुनिया की प्रमुख कंपनी डेल्टा ने हाल ही में जमेशदपुर में 24 नवंबर को टेक्नोलॉजी डे इवेंट का आयोजन किया। इस इवेंट में टाटा ग्रुप के 140 लोगों ने भाग लिया। यह इवेंट डेल्टाव का दृष्टिकोण दिखाता है, जिसमें हमारी धरती की सबसे महत्ववपूर्ण समस्याकओं में से कुछ को हल करने के लिये भागीदारियों को प्रोत्साहित किया जाता है और हर किसी को प्रभावी सकारात्मोक बदलाव के लिये सक्षम बनाया जाता है। डेल्टा का हर काम स्थायित्वय पर केंद्रित होता है। यह उपलब्धियों की सराहना करने, सम्बंकधों को बढ़ावा देने और एक अनुकूल भविष्य की योजना बनाने का एक अवसर था।

टाटा स्टील अपने उत्सरर्जन कम करने के लिये प्रतिबद्ध है और स्टीथल बनाने में सीओ-2 न्यूट्रिल होने की महत्वा्कांक्षा रखती है। इसे हासिल करने के लिये, टाटा स्टीहल सीओ-2 का उत्सेर्जन कम करने हेतु कई परियोजनाओं में शामिल है।

इसके अलावा, एक बेहतर कल के लिये अभिनव, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा-सक्षम समाधान प्रदान करना। पिछले 50 वर्षों से डेल्टार का कॉर्पोरेट मिशन रहा है। ऐसी चुनौतियों का सामना करने में डेल्टार का एक लंबा इतिहास है और समाज के कम कार्बन वाले भविष्य में हम स्टील की महत्व पूर्ण भूमिका पर बड़ा विश्वाास रखते हैं। इसलिए स्थायीत्व की यात्रा में टाटा ग्रुप की सहायता के लिये डेल्टो इलेक्ट्रॉ निक्सा टेक्नोालॉजी डे इवेंट का आयोजन टाटा ग्रुप को सहकार्य का एक मंच देने और उद्योग के तकनीक से सम्बंधित नये चलन दिखाने के लिये हुआ था, ताकि समग्र और स्था यी वृद्धि की बेहतर तैयारी हो सके।



इवेंट का अवलोकन करते टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के एमडी आरएन मूर्ति।

डेल्टान और टाटा ग्रुप, दोनों के वरिष्ठ प्रबंधन ने इस मौके पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस पर अपनी बात रखते हुए डेल्टाऔ इलेक्ट्रॉ निक्स इंडिया के एमडी निरंजन नायक ने कहा, ह्हम सभी नेट जीरो की ओर तेजी से बढ़ने के मिशन पर हैं। मुझे कोई शक नहीं है कि यह एक सफल सहकार्य की शुरूआत है, जोकि अपने उद्योगों को आधुनिक बनाने और स्थ्ुायित्वह को बढ़ावा देने में हमारे भारतीय भागीदारों की मदद करती है। हम अपने ग्राहकों और व्य वसाय भागीदारों के लिये लगातार उच्चे श्रेणी के स्थारयित्व पूर्ण उत्पा दों और सेवाओं की पेशकश करने की आकांक्षा रखते हैं।

इस इवेंट पर अपनी बात रखते हुए, डेल्टाच इलेक्ट्रॉ निक्सी इंडिया के ग्लो्बल अकाउंट डायरेक्टार संजीव श्रीवास्तंव ने कहा, हम पर्यावरण के अनुकूल समाधान और इंजीनियरिंग की अन्यो सेवाएं देने के लिये टाटा स्टील के साथ मिलकर काम करते हुए खुश हैं।

एक नजर में

## पोटका विधायक संजीव सरदार ने असम में रहनेवाले भूमिज समाज के लोगों से की मुलाकात



**जादूगोड़ा।** झारखंड विधानसभा प्राक्कलन समिति के साथ असम दौरे मे गये पोटका के विधायक संजीव सरदार ने मंगलवार को असम में रहने वाले भूमिज समाज के लोगो से मिले। वह नौगांव जिला अंतर्गत सिमानाबस्ती गांव पहुंचे, जहां भूमिज समाज के लोगो ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।इस अवसर पर ऑल असम भूमिज समाज के नौगांव जिला अध्यक्ष रघुनाथ भूमिज ने असम में रह रहे भूमिज समाज के लोगो की स्थिति , समाज संगठन के बारे में जानकारी दी।उन्होंने जानकारी दी कि असम में भूमिज समाज के लोग को आज भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा नही मिला है। जिसको लेकर समाज के लोग लगातार आंदोलन कर रहे है । यहां भूमिज समाज के लोगो की जनसंख्या ढाई लाख से अधिक है, जो 15 जिला में निवास करते है। इनमे कुछ लोग गांव में रहते है, तो कुछ लोग बागान क्षेत्र में निवास करते है।

## रजनी के गिरते स्वास्थ्य पर मंच ने उठाये सवाल



**चांडिल।** दलमा में पर्यटकों को बार-बार आने को आकर्षित करने वाली रजनी हाथी का स्वास्थ्य लगातार गिरते जा रही है रजनी के गिरते स्वास्थ्य को लेकर संयुक्त ग्राम सभा मंच के शुकलाल पहाड़िया ने एक विज्ञप्ति जारी कर सवाल उठाया है। सुकलाल पहाड़िया ने कहा दलमा इको सेंसेटिव जोन के मुख्य द्वार पर लोगों को आकर्षित करने वाले बंधे रजनी हाथी शारीरिक रूप से बहुत कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा रजनी विभाग के द्वारा दी जाने वाली सामग्री कौन खा रही है। संयुक्त ग्रामसभा मंच ने सरकार से रजनी को जंजीरों से जल्द-जल्द मुक्त करने की मांग किया है। अन्यथा रजनी के सवालों को लेकर वृहद पैमाने पर जन आंदोलन करने की बात कही।

## भुइयांडीह में भागवत कथा : श्रीकृष्ण रासलीला और रुक्मिणी विवाह की कथा में भक्तों ने लगायी डुबकी



**जमशेदपुर।** भुइयांडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा के छठवे दिन मंगलवार को वृदांवन से पधारे श्रीहरि जी महाराज ने व्यासपीठ से उधव गोपी संवाद, रासलीला, कृष्ण रुक्मणि विवाह की कथा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। उन्होंने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। उन्होंने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। रुक्मणी विवाह के प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। रासलीला की कथा की प्रसंग सुनाते हुए कथावाचक ने आगे कहा कि वास्तव में रास का मतलब है आनंद और आनंद का मतलब है श्रीकृष्ण। गोपियां जीवात्मा हैं। भगवान परमात्मा हैं। रासलीला भागवत का प्राण है। रास पंचध्यायी कथा को श्रीमद् भागवत महापुराण से अलग कर दिया जाए तो इसके फल को अच्छी तरह प्राप्त नहीं किया जा सकता। रास का मतलब होता है जो सारे संसार का रस या रहस्य है, वही ईश्वर है। मौके पर श्रीराम सरोज, दिलीप सिंह, रवि शंकर सिंह, डॉ एस के तिवारी, विकास शर्मा, रामेश्वर सिंह, जसवंत सिंह, श्याम खंडेलवाल, हरिओम सरोज, सुबोध सिंह, काजोल सेतुआ समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सैकड़ों कार्डधारियों ने प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन, छह माह से राशन नहीं मिलने का आरोप




**पोटका।** प्रखंड के हरिना पंचायत के मांगरू टोला चिरुगोरा के सैंकड़ो ग्रामीणों ने मुखिया सरस्वती मुर्मू के नेतृत्व में मंगलवार को राशन की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय घेरा तथा बीडीओ को एक ज्ञापन देकर लंबित खाद्यान्न देने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें छह माह से मंगरू के राशन डीलर चुनका मारडी से खाद्यान्न नहीं मिला है। जून से लेकर नवंबर तक के खाद्यान्न का वितरण नही हुआ है। राशन डीलर कार्दधारियो के द्वारा ई पोश मशीन से पंचिंग करा लेता है परंतु खाद्यान्न का वितरण नही करता। पूछने पर बताया जाता है की अभी खाद्यान्न नहीं आया है। खाद्यान्न नहीं मिलने से ग्रामीणों के बीच भुखमरी की स्थिति हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी मांग किया की वर्तमान दुकान दार पर कार्रवाई करते हुए पवन सरदार के दुकान में इस दुकान को टैग किया जाए। सभी कार्डधारी हाथ में पंचिंग रसीद तथा राशन कार्ड लिए हुए थे। घेराव में छीटा टुडू, रामो टुडू, सविता किशकू, अर्जुन मुर्मू, सलमा मारडी, पार्वती हेंब्रम, सक्रो मुर्मू, लखी सोरेन, अलादी सोरेन आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### सतबरवा : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर रजडेरवा के समीप मंगलवार की देर शाम करीब पांच बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के घुटूवा के कांता सिंह (22) पिता परसू सिंह की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि कांता बाइक से मेदिनीनगर की ओर से अपने घर सतबरवा के घुटूआ आ रहा था। इसी दौरान रजडेरवा गांव के मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बता दें कि थाना क्षेत्र में बीते छी दिनों में एक बच्ची समेत चार की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी है। जिस कारण यह चर्चा का विषय है।

### पुलिस ने किया अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** थाना क्षेत्र के खैरादोहर पंचायत के गुवादाग जंगल में एक वर्षों से शराब निर्माण का अवैध कारोबार चल रहा था। गुप्त सूचना पर नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चला। इस दौरान विशुनपुर में 10 ड्राम गीला महुआ करीब 150 किग्रा और अन्य उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर कुछ उपकरण को आग के हवाले कर दिया और गीला महुआ नष्ट कर दिया। छापेमारी के बावजूद नौडीहा बाजार थाना क्षेत्रों में शराब निर्माण का धंधा फल फूल रहा है। व्यवसायी शराब बेचने से नहीं मान रहे हैं।

### निजी खर्च से बनवायी 50 फीट नाली



**बिश्रामपुर (पलामू)।** वरीय राजद नेता सह निवर्तमान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने निजी खर्च से बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 11 में 50 फीट नाली का निर्माण करवाया। श्री अंसारी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि नाली के आभाव में गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे राहगीरों व आम लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने हेतु नाली का निर्माण करवाया। छोटी छोटी समस्याओं का समाधान खुद भी करवा देना चाहिए। सब सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। मौके पर जाहिर अंसारी, साबिर अंसारी, साबिर अंसारी, नसीर अंसारी, महमूद अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### पांती ने डंडीला को हराया, सड़ेया को वाकओवर



कर्नल कप

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद कर्नल कप के छठे दिन का पहला मैच पांती बनाम डांडीला खेला गया, जिसमें पांती ने बेहतर खेल का नजारा पेश करते हुए डांडीला को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ शानदार आगाज किया है। पांती के सोनू और विवेक ने गोल किये। दूसरे मुकाबले में रानी देवा टीम के नहीं आने पर सड़ेया टीम को वाक ओवर दे दिया। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छठन राम ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उत्साहवर्धन किया। मौके पर क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर धीरेंद्र कुमार, सुदय सिंह, कामेंद्र पासवान, गुड्डू खान, पूर्व खिलाड़ी जय कुश सिंह, क्लब के महासचिव मनोज शर्मा, अजय सिंह, सुदेश प्रजापति, परमानंद सिंह, अशोक सिंह, मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी, सगीर अहमद, अकरम व हजारों खेल प्रेमी थे। आज लंगरकोट-बैंराव तथा बिलासपुर-झरगाड़ा मैच होगा।

### बजरंग दल का शौर्य संचलन 11 को : विहिप



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद हित चिंतक अभियान के अंतर्गत इस वर्ष पलामू के 17 प्रखंडों के 200 से ज्यादा पंचायतों के लगभग 1200 गांवों तक पहुंच कर हजारों हिंदु परिवारों से संपर्क किया गया। विहिप के हित चिंतक अभियान की समीक्षा बैठक में विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि वर्ष 2024 में विश्व हिंदू परिषद अपने स्थापना के 60 वर्षों की सफर पूरा करेगी। बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप दास ने बताया कि 01 से 15 दिसंबर के बीच शौर्य दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय में 11 को 11 बजे से शौर्य संचलन होगा। बैठक में उमेश अग्रवाल, संदीप दास, अजीत पाठक, अमित तिवारी, आशीष चौरसिया, विवेक चौबे, सौरभ कर्ण, विकास कश्यप, नावा बाजार प्रखंड से विहिप प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पाण्डेय, गणेश प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, अनिकेत विश्वकर्मा, सौरभ पाण्डेय, शुभाय राज, चैनपुर प्रखंड विहिप अध्यक्ष आनंद चौरसिया, दिनेश चौरसिया, राकेश चंद्रवंशी शामिल थे।

### चैनपुर: मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सभी पंचायतों में लगा शिविर



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर और रामगढ़ प्रखंड के सभी 32 पंचायतों में मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया है। सीओ संजय बाखला ने बताया कि सुखाड़ राहत योजना के लिए चैनपुर प्रखंड का भी चयन किया गया है। जिसके तहत प्रत्येक पंचायत के पंचायत भवन में तीन दिन 30 नवंबर तक शिविर लगाया जा रहा है। जिसमें किसानों को तीन वर्ग में बांटा गया है। बताया कि किसान अपने साथ जरूरी कागजात जैसे आधार, पासबुक, सत्यापित वंशावली, मोबाइल नंबर, जमीन की रसीद एवं भूमिहीन किसानों के लिए वोटर आईडी कार्ड लेकर जाना आवश्यक है।

### निषाद एकता संघ के अध्यक्ष ललन समेत दर्जनों ने ली झामुमो की सदस्यता



**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा की अध्यक्षता में निषाद एकता संघ के अध्यक्ष ललन चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष ने सबों का को माला और पार्टी का अंगवस्त्र प्रदान कर पार्टी में शामिल कराया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी की लोकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित हो कर आज आम आवाम में झामुमो की लोकप्रियता में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

# पलामू में नयी इंडस्ट्रियल एरिया पर कार्रवाई प्रारंभ : आनंद शंकर




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर के पत्र के आलोक में सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल और रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय कुमार के रांची पहुंचकर व्यक्तिगत तौर पर अनुरोध करने पर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से मिलकर उन्हें मेदिनीनगर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। श्री सिंह ने विषय की गंभीरता को समझते हुए उसपर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चेंबर द्वारा पलामू में एक नए इंडस्ट्रियल एरिया की मांग बार-बार उठाती रही है, अब कई उद्योग एवं स्टार्टअप औद्योगिक जमीन के चलते शुरू नहीं हो पा रहे हैं, या अपना विस्तार नहीं कर पा रहे है इसलिए एक इंडस्ट्रियल एरिया की अति आवश्यकता है।

उन्होंने विशेषकर टिंबर ट्रेडर्स एसोसिएशन के अनुरोध पर पलामू वन उपज लघु उद्योग संघ के रेलवे प्लॉट पर विस्थापित हो रही 12 आरा मिलों के लिए विशेष जमीन का प्रबंध करने के लिए उपायुक्त पलामू से दूरभाष पर बात की। मौके पर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि महाप्रबंधक (जीयाडा) के साथ बैठक अत्यंत सफल रही एवं अब पलामू उपायुक्त से अनुरोध किया जायेगा कि वह जमीन चिह्नित करें ताकि एक बड़े इंडस्ट्रियल एरिया के चर्चित मांग को मूर्त रुप दिया जा सके। इसके अलावा पत्र में अनुरोध किया गया था कि मौजूदा इंडस्ट्रियल एरिया में बंद पड़ी दुकानों का रेट रिवाइज करके महिला उद्यमियों को दे दिया जाए ताकि महिला एंटरप्रेन्योर्स अपने बनाए सामानों को प्रदर्शित कर बिक्री कर सकें।

**खास बातें :** ज्ञात हो कि इंडस्ट्री एरिया में वह दुकान जब से बनी है आज तक खाली पड़ी है क्योंकि उनका भाड़ा अधिक है। इसके अलावा अध्यक्ष आनंद शंकर ने मौजूदा इंडस्ट्री एरिया में रोड की मरम्मत और लाइट लगाने का भी अनुरोध किया। जिस पर कार्रवाई करते हुए महाप्रबंधक ने उसे संबंधत विभागों में प्रेषित कर दिया है। श्री शंकर ने कहा कि पलामू में नई इंडस्ट्रियल एरिया पर पहल प्रारंभ होगा।

## खासमहल पर शीघ्र दिखने लगेगा सकारात्मक परिणाम: आनंद शंकर



झारखंड चेंबर की एक्जीक्यूटिव बैठक में डालटनगंज का खास महल का मुद्दा छाया रहा। बैठक के प्रारंभ में ही अध्यक्ष आनंद शंकर के पत्र पर चर्चा की गई जिस पर पूरे सदन में इस पर त्वरित कार्रवाई के लिए मांग रखी और जब सचिव इंद्रजीत सिंह ने सदन के सामने पूरे मुद्दे को प्रमुख रूप से रखा तब वहां उपस्थित कैबिनेट ने एवं पूर्व अध्यक्षों में इस पर विशेष बैठक करने की बात कही। जिसमें यह बात सामने आया कि लीगल मैटर पेचीदा है इसलिए इसे मंत्रिमंडल में ही पास कराना बेहतर रहेगा। चेंबर मुख्यमंत्री पर इससे सरल करने के लिए और इससे समस्या का हल करने के लिए दबाव बनायेगा और चेंबर के सदस्यों ने आश्वासन दिया की जरूरत पड़ी तो झारखंड चेंबर इस पर पलामू के लिए आंदोलन भी करेगा। बैठक में आनंद शंकर का धन्यवाद पत्र भी पढ़ा गया जिसमें उन्होंने रेंट रेगुलेशन और पलामू में चौधारना बाजार की समस्या के हल के लिए चेंबर अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया कि उन्होंने उनकी मांग पर विचार करते हुए जनहित में चौधराना बाजार का दर 4 रुपये कर दिया है। किशोर मंत्री ने बताया कि उनकी बात मुख्यमंत्री से हो गई है और खासमहाल में कुछ इंक्वायरी के पश्चात और कुछ पक्षीय की जानकारी की जानी है जिसके पश्चात उन्हें आशा है संभवत इसी सप्ताह याआने वाले कुछ दिनों में इस पर भी एक सकारात्मक पहल होगी और एक जन उपयोगी निर्णय आयेगा। बैठक में रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय कुमार ने भी पूरे सदन को पलामू चैंबर की मदद के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

सेंट्रल जेल से जाते ही कुख्यात अपराधी **अमन साहू ने पलामू में पसारा पांव**

# गंगा हॉस्पिटल के निदेशक को खोजने पहुंचे दो गुर्गे गिरफ्तार

- बीती रात्रि अमन गिरोह के दो गुर्गे पहुंचे गंगा हॉस्पिटल
- अमन से बात कराने को लेकर खोज रहे थे हॉस्पिटल निदेशक को
- शहर थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दोनों को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- अमन साहू के नाम पर गंगा हॉस्पिटल में दोनों अपराधी घुसे थे : थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस के लिए जेल में बंद रहने के बावजूद भी नासूर बन चुका है। वह जेल की बाहरी दुनिया में रहकर कई वारदातों को अंजाम देते रहता था। जब अमन साहू सेंट्रल जेल में बंद है इसके बावजूद भी वह अपने गुर्गे के द्वारा अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है। अमन साहू पलामू सेंट्रल जेल से कुछ दिन पूर्व ही दुमका जेल में शिफ्ट किया गया है।

**खास बातें :** पलामू जेल से जाने के बाद अपराधी अमन साहू अपने गुर्गे के सहारे पलामू में पांव पसारना शुरू कर दिया है। उसने पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक को भी धमकी दी थी। बीती रात्रि को शहर थाना क्षेत्र के पांकी रोड स्थित गंगा हॉस्पिटल में दो लोग घुसे और हॉस्पिटल कर्मियों से निदेशक संजीव तिवारी की खोज कर रहे थे। जब कर्मियों ने पूछा कि क्या बात है तो कहा कि अमन साहू से बात कराना है। इतने में दोनों व्यक्ति अस्पताल कर्मियों के साथ तू-तू, मैं-मैं करने लगे। तब संजीव पहुंचे और पूछा कि क्या बात है? अपराधियों ने कहा कि संजीव तिवारी को अमन साहू से बात कराना है। स्थिति को भांपते हुए दोनों अपराधी भागने में सफल रहे। इसके बाद हॉस्पिटल निदेशक सह झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव तिवारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराध कर्मी अमन साहू के नाम पर धीरज कुमार शर्मा ग्राम सतबहिनी थाना उंटारी रोड जो वर्तमान में आदर्श नगर बैरिया में रहता है। इसके साथ विपुल कुमार पांडे ग्राम चंदनडीह जिला लातेहार जो वर्तमान में गायत्री मंदिर रोड सूदना में किराये के मकान में रहता है। दोनों एक बाइक से गंगा हॉस्पिटल पहुंचे थे। जहां निदेशक संजीव तिवारी को खोज रहे थे। इतने में पुलिस वहां पहुंचने ही वाली थी कि दोनों भागने में सफल रहे। जिन्हें देर रात्रि गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से दो मोबाइल एवं एक बाइक बरामद हुआ है। इन दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि इन दोनों का संबंध अमन साहू के साथ कैसा है। संजीव तिवारी के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। अनुसंधान जारी है। इधर, संजीव तिवारी ने कहा कि पलामू की पुलिस काफी सक्रिय है। सूचना देने के साथ ही दोनों गिरफ्तार किये गये हैं। दोनों अपराधी अस्पताल में कर्मियों से बकझक कर रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई और पुलिस ने त्वरित करवाई की।

# सुखी जीवन के लिए खेल को बनायें अपने जीवन का अभिन्न अंग : उपायुक्त

➲ जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में दिखे प्रतिभा के रंग




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना के पलामू इकाई के तत्वावधान में पुलिस स्टेडियम में दो दिवसीय खेलो झारखंड समारोह प्रारंभ हुआ। खेलो झारखंड-2022 समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने झंडोत्तोलन के साथ छह सौ मीटर के दौड़ का शुभारंभ किया तथा विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी, आरडीडीई शिवनारायण साह शामिल थे। समारोह का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।

**कार्यक्रम की खास बातें :** मौके पर प्रतिभागी बच्चों को हौसला बढ़ाते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु डोडे ने कहा कि वास्तव में खेल में कोई हारता नहीं है, बल्कि कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कहा कि हमें खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उपायुक्त ने 600 मीटर के विजेता प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमशः साधना,पल्ली व फूलजहां तथा रोहित कुमार, अजित सिंह व जुलफराज अंसारी को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। समाचार लिखे जाने तक जूनियर के 100 मीटर बालक बालिका वर्ग में क्रमशः कौशल सिंह, सुधाकर कुमार, राजेंद्र कुमार व पलक चांदनी, सोनाली को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 1500 मीटर सीनियर में छोटू कुमार, मनोज कुमार मेहता व उपेन्द्र यादव तथा काजल कुमारी, पूजा कुमारी व मुस्कान कुमारी को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर सीनियर में रंजन कुमार सिंह, हिमेश राम व अंकित सिंह तथा जसींता कुमारी, खुशी कुमारी व बुधनी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में एपीओ जान मुथू, उदय सिंह, राजीव चौबे, संजय त्रिपाठी, कमलानंद दुबे, बीपीओ मनोज तिवारी, मणि पांडेय, ओमप्रकाश कुमार, अनु सिंह, नन्द किशोर कुमार, अर्पण गुप्ता, नीतू कुमारी व पप्पू सिंह समेत कई शिक्षा कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभायी। फुटबॉल व हॉकी खेल जिला स्कूल मैदान में कराया गया।

## हुसैनाबाद : शहर में मच्छरों के प्रकोप से डेंगू की आशंका तेज

➲ शोभा की वस्तु बनी है नगर परिषद की फॉगिंग मशीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में इन दिनों जहरीली मच्छरों की प्रकोप तेज हो गयी हैं जिससे क्षेत्र में डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी बढ़ने की संभावना तेज हो गया हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद में अभी लगातार एक दो माह मलेरिया, टायफाइड, काला ज्वार जैसी जानलेवा बीमारियों की मरीजों काफी तेजी से बढ़ रहे वहीं शहर में मच्छरों की अत्यंत इस बार बढ़ोतरी देखी जा रही हैं।

शहरी क्षेत्रों में कई जगह लगी गंदगी का अंबार तो इस बीमारी को उर्वरक जैसा फायदा पंहुचा रहा हैं। इधर, शहर



के लोगों का कहना है कि हर वर्ष नगर पंचायत के द्वारा मच्छरों के जहरी प्रकोप से बचने के लिए फोकीन मशीन से शहर के विभिन्न गली मोहल्लों में कीटनाशक कैमिकल का धुआं किया जाता था जिससे कुछ राहत मिलती थी लेकिन इस बार नगर के प्रतिनिधि कुंभकर्णी निद्रा में सोए हुए हैं।


## विक्की सिंह ने गोली चलाने के आरोप को बताया निराधार

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के तेंदुई निवासी विक्की कुमार सिंह ने मुखिया पति अरविंद सिंह द्वारा लगाये गये गोली चलाने के आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा है कि उनकी शैक्षणिक क्षमता व सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए मुखिया पति ने मनगढ़ंत तरीके से उनपर आरोप लगाया है, जो बेबुनियाद है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से उचित जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मालूम हो कि तेंदुई गांव निवासी सह पंचायत के मुखिया पति अरविंद सिंह गत 26 नवंबर की शाम कार से एक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान गांव में ही कार पर पीछे से गोली चलाने के मामले में उन्होंने विक्की कुमार सिंह सहित दो अन्य लोगों के विरुद्ध पिपरा थाना में लिखित शिकायत की थी। हालांकि इस घटना में मुखिया पति को शारीरिक क्षति नहीं हुई थी। सूचना के बाद छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच भी की थी।

### महिला डब्बा में सफर करने रहे चार यात्री पकड़ाये



**हुसैनाबाद पलामू।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के निर्देश पर जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन एवं एसआई निशांत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को महिला डब्बा में सफर करने वाले यात्रियों का विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गाड़ी संख्या 03364 में चार व्यक्तियों को आवश्यक रूप से सामान बेचते हुए पकड़ा। इस संबंध में निशांत कुमार ने बताया कि रेलवे बार-बार चेतावनी दे रही है कि महिलाओं एवं विकलांगों की बोगी में सफर करना रेल अधिनियम के तहत अपराध है। इसके बाद भी कुछ यात्री नियम को तोड़ते हैं। मौके पर कई रेल पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### विश्रामपुर : पशु वैक्सीन कैरियर का वितरण



**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को वैक्सीन कैरियर का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम जेएसएलपीएस ने किया था। सीएमपीडीआई के सीएसआर मद से प्राप्त इस वैक्सीन कैरियर का वितरण पशु सखी व आजीविका कृषि सखी के बीच विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, अवकेश खलखो, संतोष कुमार मेहता व राजेश्वर राम ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रबंधक आजीविका के द्वारा वैक्सीन कैरियर के उपयोग विधि को विस्तारपूर्वक बताया गया।

### अवैध ईंट भट्ठा व बालू खनन पर हो कार्रवाई : संदीप



**हरिहरगंज पलामू।** एनसीपी नेता सह विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने उपायुक्त पलामू से पिपरा प्रखंड अंतर्गत चल रहे अवैध ईंट भट्ठा तथा बालू खनन पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा प्रखंड में संचालित कई अवैध ईट भट्ठा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद लगातार ईट बनाने व बेचने की प्रक्रिया जारी है। वहीं अवैध तरीके से बालू खनन कर 3 गुना अधिक दामों पर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। एनसीपी नेता ने कहा कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है परंतु अभी तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि आम लोग अधिक कीमत पर बालू खरीदने को मजबूर है। उन्होंने उपायुक्त पलामू से अवैध ईंट भट्ठा तथा गैरकानूनी तरीके से बालू खनन करने व बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## विश्रामपुर: महाधरना में शामिल हुए दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग

➲ दूसरे दिन भी जारी रहा ग्रामीणों का अनिश्चित कालीन धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के शंखा गांव से गढ़वा तक बाईपास फोर लेन सड़क का निर्माण करा रही शिवालया कंपनी की कार्य प्रणाली से नाराज ग्रामीणों का अनिश्चित कालीन धरना गुरहा कला ग्राम पंचायत के देवी धाम परिसर में दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी इस महाधरना में दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई से बने सड़क के अस्तित्व को बचाने का संकल्प लिया। यहां



बताते चलें कि शिवाल्या कंपनी ने दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर मिट्टी का भंडारण कर उसे अवरूद्ध कर दिया है। जिसके विरोध में ग्रामीण अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हुए हैं।

### जीएलए कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर को पत्नीशोक

**मेदिनीनगर।** नई मुहल्ला स्थित जीएलए कॉलेज के पूर्व प्रो उमेश चंद्र प्रसाद की पत्नी बिमला प्रसाद (85) का देहांत शनिवार को ईलाज के दौरान रांची में हो गया था। आज इनके आवास से निकली शव यात्रा में काफी संख्या में परिवार के सदस्य समेत राजनीतिक व समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। गुरु सिख सभा श्मशान घाट में इनके छोटे पुत्र संजीव ने मुखाग्नि दी। शवयात्रा में पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर, आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, प्रो महेंद्र राम, प्रो राधा रमन किशोर, डॉ आनंद कुमार, जगनारायन महतो आदि थे।

## पैक्स चुनाव : प्रखंडवार नियुक्त किये गये निर्वाचन पदाधिकारी

- जिले के 8 प्रखंडों के 14 पैक्सों में आम निर्वाचन की प्रक्रिया 6 दिसंबर से

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड का चुनाव कराने को लेकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर चुनाव संचालन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ओझा ने बताया कि दिसंबर में जिले के 8 प्रखंडों के 14 पैक्स में विशेष आम सभा के माध्यम से चुनाव कराया जायेगा। चुनाव हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। अलग-अलग पैक्सों में चुनाव कराने को लेकर विभिन्न प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है। पांकी के कोनवाई पैक्स के चुनाव को छतरपुर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सखी चंद्रदास को निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहकारिता पदाधिकारी मुख्यालय के विपिन किशोर कंडुलना को अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है। पांकी के तेतरई पैक्स के चुनाव हेतु पांडु के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मुकेश सिन्हा को निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय के सहकारिता पदाधिकारी को संध्या बारा भुइयां अनुकल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है।

# स्कूलों में बंटी अवशेष राशि



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के बांसडीह खुर्द पंचायत अंतर्गत कोकाडू गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कोकाडू में कक्षा 1 और 2 के छात्रों को कोविड-19 के दौरान आये राशि प्राचार्य ने पूरा वितरण नहीं किया था।

ग्रामीणों की शिकायत और बीडीओ के आदेश पर विद्यालय प्रांगण में प्रखंड प्रमुख प्रेमनी देवी, मुखिया संगीता देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उदय यादव की उपस्थिति में अवशेष राशि का वितरण स्कूली बच्चों के बीच किया। उदय कुमार यादव ने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ खेलवाड़ न करे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। प्रधानाध्यापक और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अगले बार से यह ध्यान दे कि सरकार द्वारा जो राशि बच्चों के लिए आता है वह राशि समय पर वितरण होना चाहिये। मौके पर अभिभावक विनोद सिंह, संजय परहिया, अमरदीप सिंह, उषा देवी उपस्थित थे।




### स्वयंसेवकों को बीडीओ ने किया सम्मानित

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड के पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत बीडीओ ने रामगढ़ प्रखंड के सभी स्वयंसेवकों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित स्वयंसेवकों में धीरज जयसवाल, राहुल सिंह, अखिलेश सिंह, उदय यादव, जितेंद्र चौधरी, राकेश विश्वकर्मा, दिनेश सिंह, गोपाल सिंह, संजय सिंह, गीता देवी, सरिता केरकेट्टा मोहित यादव, पंकज सिंह, बीरेंद्र यादव आदि हैं।

# मेदिनीनगर को विकास की नयी ऊंचाई पर पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है : मनोज

घर-घर पदयात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज है, भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह जनता के बीच आशीर्वाद व समर्थन के लिए पहुंच रहे है। जनता के बीच श्री सिंह अपनी बात को रख रहे है। श्री सिंह ने वार्ड नंबर चार के हाउसिंग कॉलोनी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उन्होंने लोगों से बदलाव की अपील की तथा उनपर भरोसा जताने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि उनका राजनीति मे आने का एकमात्र मकसद जनसेवा है, वे जनता के बीच जाकर हर मुद्दों पर चर्चा कर, मूलभूत सुविधाओं में सुधार की बात कर रहे हैं।



लोगों से समर्थन की अपील करते भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह।

श्री सिंह घर-घर पानी, हर गली सड़क बनवाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि मतदाता साथ में जुड़ कर अपना समर्थन दे रहे है। आज 22 वे दिन भी घर घर यात्रा जारी रहा। भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि यह ऊर्जा जनता की ओर से मिल रहा है, जनता का सकारात्मक ऊर्जा उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। श्री सिंह ने जनता से मेदिनीनगर निगम को अव्वल बनाने के लिए संकल्प लिया। यात्रा में राहुल सिंह, संतोष लाल, गोलू सिंह, अमित रंजन, संजीव तिवारी, रौशन साव, आलोक पांडे, चेतन्य सिंह, राजू प्रसाद गुप्ता, आनंद तिवारी, विवेक तिवारी सहित कई लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह के बच्चों ने जाने सड़क सुरक्षा के नियम

**कतरास।** कतरास पुलिस प्रशासन के सम्मलित प्रयास से सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में विद्यालय बच्चो के लिए सड़क सुरक्षा के नियम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आलम चांद महतो सब इंस्पेक्टर कतरास थाना थे। विद्यालय के कक्षा नवम् की बहनों ने सभी का स्वागत तिलक लगाकर किया एवं श्री अभिमन्यु कुमार विद्यालय प्रभारी प्राचार्य ने सभी अतिथियों का परिचय कराया। सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के नियम बच्चों को बताये गये। सभी बच्चो ने बहुत ध्यान पूर्वक सभी नियमों को जाना। कार्यक्रम मे विद्यालय सचिव विक्रम कुमार राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी एवम समस्त विद्यालय के आचार्य उपस्थित थे।

## चुन्ना यादव के नेतृत्व में पानी की मांग को लेकर माडा का घेराव

**कतरास।** सलानपुर बस्ती के लोगों ने मंगलवार को चुन्ना यादव के नेतृत्व में नगर निगम और माडा के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर उपस्थित जागो संस्था के प्रमुख चुन्ना यादव ने विरोध जताते हुए कहा कि सलानपुर बस्ती 2017 से पीने का पानी नहीं मिल रहा है। यहाँ के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं और विभाग कान में तेल डालकर सोया हुआ है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर सलानपुर बस्ती के लोगों के पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## लोयाबाद में जुआ अड्डा पर छापामारी एक जुआरी गिरफ्तार

**लोयाबाद ।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को मदनाडिह स्थित झाड़ी में चल रहे जुआ अड्डा पर औचक छापेमारी कर मनोज चौहान नामक एक जुआडी को पकड़ा। बाकि जुआडी भागने में सफल रहा। पुलिस मौके से दो टेंपो और एक अपाची मोटरसाइकिल और ताश के पत्ते जब्त किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है ।पकड़ा गया जुआडी को हिदायत दे कर छोड़ दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संगठित गिरोह द्वारा उक्त स्थान पर जुआ अड्डा चलाया जा रहा है जहां पर टेंपो से जुआडी आते हैं जुआ खेलने के लिए। ग्रामीण द्वारा मना करने पर ये लोग मानते नहीं हैं। छापेमारी का नेतृत्व एएसआई सी पी मेहता कर रहे थे। पुलिस की कार्रवाई से जुआ अड्डा का संचालन करने वालों में हडकंप मच गया है।

## कुतुबुद्दीन साह बाबा का सालाना उर्स लंगर में पहुंचे दीपनारायण सिंह

**तोपचांची।** मंगलवार को लेदाटांड में कुतुबुद्दीन साह बाबा का छठा सालाना उर्स लंगर आयोजन किया गया। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह पहुंचे और चादरपोशी कर कुतुबुद्दीन साह बाबा से क्षेत्रवासियों का भला के लिए दुआ मांगें। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गांव में शांति और भाईचारे के साथ मोहब्बत का माहौल बनता है। शांतिपूर्ण ढंग से उर्स लंगर सफल बनाने के लिए खानकाह उर्स कुतबी कमिटी लेदाटांड के सभी सदस्यों को मुबारकबाद देता हूं।

## मिजिल्स-रुबेला टीकाकरण पर कार्यशाला आयोजित

**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी की अध्यक्षता में मिजिल्स एवं रुबेला टीकाकरण विषय पर सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर द्वारा जिला, प्रखंड स्तर से आए प्रतिभागियों को उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया जिसमें प्रत्येक माह में जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियमित प्रतिरक्षण व टीकारोधक बिमारियों पर टास्क फोर्स की बैठक करना है मिजिल्स – रूबेला का नया मामला/आउटब्रेक होने पर अविलम्ब जाँच पड़ताल करना तथा छह माह से पांच साल के बच्चों की सूची बनाना, हेड काउंट सर्वे द्वारा छूटे हुए बच्चों का अविलंब टिकाकरण करवाना है।

# एसएनएमएमसीएच में चूहे ने कुतर डाले दो शव, परिजनों ने किया जमकर हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद ।** राज्य के सबसे बड़े अस्पतालों में गिना जाने वाला एसएनएमएमसीएच में मंगलवार को शव के साथ छेड़छाड़ किए जाने की घटना को लेकर हंगामा हुआ। जिसमें परिजनों का आरोप है कि उनके मृतक के शरीर के साथ छेड़छाड़ कर कुछ अनैतिक कार्य को अस्पताल कर्मियों द्वारा किया गया है। परिजनों का कहना है कि अस्पताल कर्मियों ने बताया है कि शव को चूहे द्वारा काटा गया है। परंतु अहम सवाल यह है कि दो मृतकों के शव को एक निश्चित स्थान पर चुहा द्वारा कैसे काटा जा सकता है, यह अपने आप में संदेहास्पद है। इसी सवाल को लेकर मृतक के परिजन अस्पताल पर आरोप लगा रहे है। मालूम हो कि गौशाला ओपी क्षेत्र के बीआईटी सिंदरी के बारह नम्बर गेट के समिप एक सडक दूर्घटना में बाइक सवार दो युकव में से एक कि मौत हो गई थी। घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि डोमगढ निवासी मो.मफुल आलम के पुत्र 28 वर्षीय अंश अंसारी एवं गौशाला चुडीपट्टी निवासी मो. सिकंदर अली के 22 वर्षीय पुत्र साहिल अली एक पल्सर हंड्रेड टू मोटरसाइकिल संख्या जे एच-15 यू 82 45 पर सवार होकर शहरपुरा गौशाला अटल चौक कि ओर आ रहे थे, इसी क्रम में बीआईटी सिंदरी 12 नम्बर गेट के समिप एफ डी कालोनी की ओर से एक चार पहिया वाहन अचानक मुख्य सडक पर आ गया। बाइक सवार ने अपना नियंत्रण खो बैठा जिसके बाद बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई गंभीर अवस्था में दोनों युवकों के लिए बेहतर इलाज के लिए धनबाद के सरकारी अस्पताल एसएलएनएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसी युवक के शव को चूहे ने कुतर दिया है। वहीं दूसरे युवक का भी दुर्घटना में मृत युवक था जिसका शव को चूहे ने कुतरा है। वही मामले को लेकर परिजनों ने मीडिया को बताया कि मामला संदिग्ध है क्योंकि दोनों शव का लेफ्ट साइड में कमर के ऊपर चूहे ने कुतर दिया, जबकि चूहे ने कपड़े को नहीं कुतरा और ना ही वहां किसी प्रकार का खून गिरा हुआ था, इसलिए पोस्टमार्टम होने के बाद ही पता चल पाएगा क्या मामला है। मामले की जांच होनी चाहिए । मामले को लेकर रक्तदान महादान के सदस्य एवं समाजसेवी अंकित राजगढ़िया ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की यह बहुत बड़ी लापरवाही है।

## जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद जिले में लोगों को आए दिन जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है । चाहे वह जिले का मुख्यालय धनबाद झरिया हो सिंदरी हो निरसा हो कतरास बाघमारा हो महुदा हो या फिर गोमो हो घर से निकलते ही सड़कों पर जाम देखने को मिलता है जिसके कारण अक्सर लोग अपने कार्यस्थल पर पहुंचने में लेट हो जाते हैं ।

बच्चे स्कूल समय पर नहीं पहुंच पाते हैं मरीज हॉस्पिटल समय पर नहीं पहुंच पाता है। इसी जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए धनबाद नगर निगम के द्वारा मंगलवार को जिले के रणधीर वर्मा चौक से लेकर पुलिस लाइन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बताते चलें कि समाहरणालय कार्यालय में हाल ही में सड़क सुरक्षा समिति को लेकर एक बैठक की गई थी । जिसमें बैठक में अतिक्रमण को लेकर मुद्दा छाया रहा, जिसके बाद नगर निगम के द्वारा रणधीर वर्मा चौक से लेकर पुलिस लाइन तक पहले फेज में अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है, ताकि सड़क चौड़ीकरण हो तथा यातायात सुचारू रूप से आवागमन हो। नगर निगम के अधिकारी मो अनीस ने मीडिया को बताया कि अभी हाल ही में सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुख रूप से छाया रहा है । दिन प्रतिदिन लोग सड़क पर धीरे-धीरे अतिक्रमण कर सड़क को छोटा कर दे रहे हैं, जिस वजह से अक्सर नागरिकों का जाम तथा कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस दरमियान नगर निगम के टीम के द्वारा आज पहले फेज में रणधीर वर्मा चौक से लेकर पुलिस लाइन तक अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है और इसके बाद दूसरे फेज में सरायढेला से लेकर बिग बाजार तक अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा ।

## मुखिया के प्रयास से पेटरवार बस पड़ाव का नया आवंटन रुका

**बेरमो /तेनुघाट /पेटरवार।** पेटरवार बस पड़ाव में बने 49 दुकानों को नये सिरे से आबंटन को आस्थगित को लेकर पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सिन्हा, स्वरूप सहाय, समाज सेवी रितेश कुमार सिन्हा, गोपाल प्रसाद के प्रयास से रोकने मे कामयाबी मिल गई है ।

इसी खुशी में बस स्टैंड के सभी दुकानदारों सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने बुंडू पंचायत के मुखिया निहारिका सुकृति को बुके देकर स्वागत व सम्मनित किया। वंही चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने अधिवक्ता स्वरूप सहाय को भी बुके देकर स्वागत किया। मामला के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पेटरवार बस स्टैंड 1995 ई0 में रवि परमार, (भाप्रसे) अनुमंडल पदाधिकार बेरमो, तेनुघाट के देख रेख में नीव रखा गया था। वंही उस समय दस बाई आठ, छः बाई आठ, दस बाई बारह और चार बाई छः का दुकान स्वतः दुकानदारों के द्वारा निर्माण किया गया। किसी दुकानदार ने बीस हजार, किसी ने पचीस हाजर रुपये खर्च कर दुकान बनाया और दुकानदारों के द्वारा समय समय पर दुकान बनाने को लेकर किस्ती में पैसे भी अंचल में जमा किया गया। फिर किसी कारण से बस पड़ाव में बने 49 दुकान का आबंटन का नोटिस पेटरवार के आंचल में भेजा गया। जिसे सुनकर बस पड़ाव के दुकानदारों में हलचल सी मच गई और सभी दुकानदारों ने बुंडू पंचायत के मुखिया निहारिका सुकृति को लिखित आवेदन देकर उसे रोकने की मांग रखी दुकानदारों ने कहा कि हम लोग भूखे मर जायेंगे।

## बड्स गार्डन स्कूल में जिला स्तरीय अंतर स्कूल चैंपियनशिप आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** सहोदया कंपलेक्स धनबाद चैप्टर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अंतर स्कूल बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की कबड्डी चैंपियनशिप मैच बड्स गार्डन स्कूल में भव्य तरीके से प्रारंभ की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक महोदय श्री ढूल्लू महतो उपस्थित थे। इस अवसर पर बड्स गार्डन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं दीप प्रज्वलन एवं भूमि पूजन के साथ मैच प्रारंभ की गई। अन्य अतिथियों में धनबाद सहोदया के चेयरमैन और डीएवी कोयला नगर प्राचार्य श्री एन एन श्रीवास्तव जी, धनबाद के सिटी कोऑर्डिनेटर श्री मदन कुमार सिंह , कार्यक्रम सचिव श्री संजीव कुमार , सचिव श्री शैलेंद्र कुमार सिंह आईएसएल भूली के प्राचार्य,श्रीमती रुणा दुबे, जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य, आतिस बेन ,संत थॉमस स्कूल के प्राचार्य , किड्स गार्डन स्कूल के प्राचार्या श्रीमती स्नेहलता सिन्हा, महर्षी मेही विद्यापीठ के प्राचार्या, आभा मिश्रा जी मौजूद थे। आज बड्र्स गार्डन स्कूल के मैदान में बालक वर्ग की कुल 21 टीम एवं बालिका वर्ग की कुल 13 टीमों के 14 टीमों के बीच जमकर मुकाबला हुआ और जो टीमें कबड्डी के तीसरे चक्र में पहुंची है वह मैच 30 नवंबर को संपन्न होंगे ।30 नवंबर को ही फाइनल मैच भी इसी मैदान में होना है। प्रतियोगिता में सारे मैच के निर्णायक की भूमिका के रूप में धनबाद कबड्डी एसोसिएशन के रेफरी श्री रितेश कुमार , रेशम तारा, मिथिलेश जी एवं उनके टीम संभाल रहे हैं।

## कानून को प्रशासन द्वारा अमलीजामा पहनाने से स्थानीयों को हक मिलेगा : बिनोद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी ।** स्थानीयों व विस्थापित रैयतों को हर्ल सिन्दरी खाद कारखाने में 75 प्रतिशत नियोजन सहित छः सूत्री मांगों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने हर्ल मुख्य गेट पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। मौके पर आए बगोदर विधायक बिनोद कुमार सिंह ने स्थानीय निती के तहत बने झारखंड एक्ट के बारे में कहा कि झारखंड सरकार के कानून को जिला प्रशासन को उसको अमलीजामा पहनाने से स्थानीयों लोगों को हक और अधिकार मिलेगा। भाकपा माले के द्वारा हर्ल गेट पर धरना प्रदर्शन के पूर्व सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, कॉलेज की छात्राओं द्वारा नेहरू मैदान से जुलूस के रूप में निकलकर हर्ल मुख्य द्वार पहुँचा गया। उन्होंने हर्ल को चेतावनी देते हुए कहा कि यह झाँकी है और इस पर अमल नहीं किया गया तो हर्ल का चक्का जाम किया जाएगा। आजादी के 75 वर्षों के बाद कल कारखानों को अपनी जमीन देने वाले के वंशज सड़क पर हैं और कल कारखानों को निजी हाँथों में दिया जा रहा है। अमृत महोत्सव में कल कारखानों को बेचने का काम किया जा रहा है। भाकपा माले के 6 सूत्री माँगों में भारत सरकार का विस्थापन व पुर्नवास नीति के तहत विस्थापितों को अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा व नौकरी में प्राथमिकता दिया जाए। राज्य सरकार के गजट के अनुसार 75 प्रतिशत स्थानीयों को नौकरी दिया जाए। एफसीआई खाद कारखाना को पूर्ण रूप से चालू किया जाय नहीं तो खाली पड़े जमीन को विस्थापित किसानों को वापस किया जाय। सिन्दरी में बद अस्पताल को पुनः चालू किया जाए एवं नगर सहित अगल-बगल गाँवों का सवार्गीण विकास किया जाय। मौजा नंबर 158 के तहत परसबनियाँ गाँव में एफसीआई द्वारा किए गए छाई डंप के रैयतों को जमीन का मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति दिया जाय। कार्यरत ठेका मजदूरों का बकाया वेतन अविलंब भुगतान किया जाय। धरना प्रदर्शन में भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य नागेंद्र कुमार, जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, बलदेव वर्मा, प्रभारी नकुलदेव सिंह, उपेंद्र सिंह, सुधीर महतो, कृष्णा प्रसाद महतो, बिमल कुमार रवानी, सुभाष मंडल, सागर मंडल, आसमान मरांडी, विवेक रवानी, साजन हरिजन, अजरानी देवी सहित सैंकड़ों भाकपा माले कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लंबित आवेदनों का त्वरित करें निष्पादन : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ जिला समन्वय समिति की बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी., जिला भू अर्जन पदाधिकारी विरेंद्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रबला खेस, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम, जिला कल्याण पदाधिकारी सुदीप एक्का आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रगति पर तेजी लाने को संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। वहीं, प्रगति में अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर भी संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समीक्षा करते हुए समस्या के निदान को लेकर अविलंब कार्रवाई करने एवं दिसंबर माह में सभी योजनाओं की प्रगति लक्ष्य अनुरूप शत प्रतिशत करने को कहा। उपायुक्त ने पिछले दिनों दो चरणों में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त विभागवार आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित आवेदन की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन त्वरित करने को कहा। कहा कि इसकी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने निष्पादन लंबित होने के कारणों के संबंध में भी बीडीओ/सीओ एवं विभाग के पदाधिकारियों से पूछा और जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। उपायुक्त ने समन्वय बनाते हुए आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा ।प्री मैट्रिक झ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री फसल राहत योजना योजना की प्रगति का दैनिक प्रतिवेदन प्रतिदिन जिला को समर्पित करने को कहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को योजनाबद्ध कार्य करने का दिशा झ निर्देश दिया। इससे पूर्व उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी. ने विभागवार विस्तार से समीक्षा की और एक सप्ताह में कई विभागों को प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा। विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप राशि खर्च करने को कहा। राशन कार्ड से अयोग्य लाभुकों को ग्रामसभा से पारित कर हटाने के दिशा में कार्य करने को कहा, ताकि जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड बनाया जा सके। बैठक में सभी पदाधिकारीगण सहित बीडीओ /सीओ, एडीपीआरओ एवं अन्य उपस्थित थे।

## सेल के विभिन्न संयत्रों के एम एम विभाग के विभागाध्यक्षों की बैठक आरम्भ

**बोकारो।** बोकारो निवास के कांफ्रेंस हाल में सेल के विभिन्न संयत्रों के सामग्री प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों की दो दिवसीय बैठक आरम्भ हुई। बैठक में अधिशासी निदेशक(सीएमएमजी), सेल कॉर्पोरेट ऑफिस एस जे अहमद, अधिशासी निदेशक(एमएम), बीएसएल ए श्रीवास्तव सहित विभिन्न संयत्रों के एमएम विभाग के विभागाध्यक्ष, मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।बैठक के प्रथम दिन पूर्वाहन भिलाई स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, बोकारो स्टील प्लांट. सलेम स्टील प्लांट, एलॉय स्टील प्लांट तथा चंद्रपुर फेरो प्लांट के अधिकारियों ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सेल के विभिन्न इकाइयों में सामग्री प्रबंधन विभाग की उत्कृष्ट कार्य प्रणालियों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को एक दूसरे से साझा किया।

## एक नजर में

### ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे

**पुटकी।** पूर्व धोषित कार्यक्रम के तहद राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग( ओबीसी) मोर्चा के बैनर तले पुटकी कोलियरी गेट के सामने एनएच 32 धनबाद बोकारो मुख्यमार्ग को धंटो बाधित किया।वही सड़क पर को बाधित कर रहे ।आंदोलन करियो ने बताया कि आज सोमवार को दस सूत्री मांगों को लेकर भारत बंद का आह्वान किया गया था।हमारी मांग ओबीसी आरक्षण व जाती जनगणना,निजी क्षेत्रों में आरक्षण लागू,चुनाव में ईभीएम का विरोध,एमएसपी की गारंटी कानून,एनआरसी/सीसीए/एनपीआर का विरोध,आदिवासीयो को विस्थापित किये जाने का विरोध, मजदूरों के लिये बनाये श्रम कानून वापस ले,आरक्षण क्रियान्वयन अधिनियम बनाये, एसटी/एससी व ओबीसी छात्रों को छात्र बिरिटी बहाल, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल जैसी मांगो को लेकर बंद किया गया।वही पुटकी थाना प्रभारी अल्बिनुस इंदवार ने आंदोलन कर रहे लोगों को समझा कर सड़क जाम को पुनः बहाल कराया।

### लुट का खेल का साक्षी बना सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र

**बेरमो।** सीसीएल पोषक क्षेत्र के चांपी पंचायत के अम्बाटोला मे सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र द्वारा नहर पर बनने वाला पुलिया मे भारी अनियमितता की जानकारी मिली है जिसके अनुसार यह लाखों का कार्य बीना किसी टेंडर के ही अधिकारी अपने चहेते ठेकेदार को अवंटित कर दिया है जो कि सीसीएल के ठेका नियमो के विरुद्ध बताया जाता है। कुछ ठेकेदारों ने अपने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि सीसीएल के सभी नियम कानून की धज्जियाँ सीसीएल के अधिकारियों द्वारा ही उड़ाया जा रहा है। बताया गया कि सीसीएल फिलवक्त बीना ऑनलाइन टेंडर के कोई भी निविदा पास नहीं करती जबकि पिछले दरवाजे से अपने चहेता ठेकेदारों को भरवली तौर पर लाखों का काम सौप देती है और गुपचुप तरीके से बील भी पास हो लाखों लाख का बंदर बांट हो जाता है। इसी तरह के उदहारण के रुप में है अम्बाटोला का यह नवनिर्माणधीन नहर पर बन रही लोहा पुलिया। सुत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार अपनी रसुक और पहुच से सीसीएल के गोदाम से ही पुल मे इस्तेमाल होने वाले लोहे को मुहैया किया है। यानी लोहा सीसीएल और बील ठेकेदार के फार्म के नाम पर समझ सकते है कि क्या सीसीएल के अधिकारियों की मिलीभगत से यह कार्य संभव है कदापि नहीं। हालांकि गांव आवागमन के लिए नहर का यह पुलिया आवश्यक है और सीसीएल का पोषक क्षेत्र होने के कारण इसे बनाने की जवाबदेही निश्चित रूप से सीसीएल की है मगर नियम कानून को ताख पर रख तथा अधिकारियों और ठेकेदारों की गठजोड़ के दम पर इतना बढ़ा भ्रष्टाचार सिधे सिधे सरकारी सम्पत्ति की लुट नही तो और क्या है। हालांकि इस बात की चर्चा गुपचुप तरीके से क्षेत्र के अन्य ठेकेदारों

## पेज एक का शेष

### झारखंड में बढ़ी...

ठंड के मद्देनजर प्रशासन भी तैयारी में लगा है। जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की जा रही है। गरीबों के बीच कंबल वितरण काम भी शुरू कर दिया गया है।

**ठंड का दिखने लगा है असर :** राजधानी रांची सहित कई जिलों में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। लगभग सभी जिलों में ठंड बढ़ने लगी है। कई जिलों में शीत-लहर की स्थिति बनी हुई है। इन गिरते तापमान से अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखंड में ठंड अभी और बढ़ने की संभावना है। ठंडी हवाओं के कारण राज्य में लगातार पारा गिर रहा है। कई जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया है। राजधानी रांची में भी ठंड बढ़ने लगी है।

**कैसा रहेगा मौसम का मिजाज :** मौसम विभाग की मानें तो अगले पांच दिनों में दिन और रात के तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान साफ और मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 30.4 डिग्री चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान डालटनगंज में दर्ज किया गया।

### एक दिसंबर से ...

आरबीआइ के मुताबिक डिजिटल रुपये को जारी करने का काम बैंक करेंगे। फिलहाल चार बैंक भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक देश के चार शहरों में खुदरा डिजिटल रुपया जारी करने का काम करेंगे। बाद में बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक भी इस पायलट प्रोजेक्ट से जुड़ेंगे। हाल ही में आरबीआइ की तरफ से थोक डिजिटल रुपए का चलन शुरू किया गया है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या डिजिटल रुपए का चलन शुरू करने की घोषणा की गयी थी।

अधिक सुरक्षित होगा डिजिटल रुपया----

डिजिटल रुपया आरबीआइ की तरफ से बैंक देंगे, इसलिए यह वैधानिक होगा। पेपर नोट के मुकाबले यह अधिक सुरक्षित होगा। कहीं भी भुगतान कर सकेंगे और जब चाहे इसे नोट के रूप में बैंक में जमा कर सकेंगे, ताकि ब्याज मिल सके।

### विशाल चौधरी ने...

**इडी के गवाह दिया आवेदन :**

उधर ईडी के गवाह विजय हांसदा ने पुलिस के दावे के बाद मंगलवार को कोर्ट में अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन दिया है। हांसदा ने कहा है कि वह बिना भय दबाव के केस लड़ना चाहता है। साहिबगंज जेल में बंद ईडी के गवाह विजय हांसदा ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि उससे जबरन सादे पन्ने पर हस्ताक्षर ले लिया गया था। उसने दावा किया है कि दबाव डालकर उससे कहलाया गया था कि वह केस नहीं लड़ना चाहता है। उनके ओर से कहा गया है कि मेरे द्वारा दर्ज केस बिल्कुल सही है।

### एअर इंडिया-विस्तारा ...

उन्होंने कहा, 'हम एक मजबूत एयर इंडिया बनाने के अवसर से उत्साहित हैं जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर फुल सर्विस और लो-कॉस्ट-सर्विस दोनों प्रदान करेगा। हम सिंगापुर एयरलाइंस को उनकी निरंतर साझेदारी के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

**दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन मार्केट भारत :** भारत का एविएशन मार्केट वर्तमान में दुनिया का तीसरा बड़ा बाजार है। अगले 10 साल में इसके दोगुना होने की उम्मीद है। नई अक सबसे बड़ी इंटरनेशनल और दूसरी सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन (पैसेंजर के मामले में) होगी। अगले 5 साल में फ्लीट साइज को तिगुना करने का प्लान है।

### अगले साल तक...


**कम्युनिटी बेस्ड सौर प्रतिष्ठानों से गांवों को बिजली :** सौर नीति के तहत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और ग्रामीणों को सशक्त करना चाहती है। इसके लिए सभी अड़चनों को करने का कार्य किया जायेगा। जिससे स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, पुलिस स्टेशनों जैसी संस्थागत केंद्रों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही, ग्रामीणों द्वारा उपयोग किए जाने वाले दुकानों एवं कृषि कार्य में सौर ऊर्जा का उपयोग हो सके। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित एमएसएमई को सशक्त करना भी है।

### ओबीसी आरक्षण को...

निकाय चुनाव भी बिना ओबीसी आरक्षण कराने के राज्य सरकार के निर्णय के बाद चौधरी ने अवमाननावाद दायर किया। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि एक तरफ झारखंड सरकार शीर्ष कोर्ट में कहती है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी आरक्षण के संदर्भ में दिये गये निर्णय का अनुपालन करेगी, वहीं दूसरी ओर ओबीसी को आरक्षण दिये बिना नगर निकाय चुनाव कराने का फैसला लेती है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि झारखंड सरकार की मंशा ओबीसी के प्रति ठीक नहीं है। यह एक तरह से न्यायालय का अवमानना भी है।

स्पीड न्यूज

## अध्यात्म के बिना धर्म का अस्तित्व नहीं : भागवत



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि आध्यात्म के बिना धर्म का अस्तित्व नहीं है। सभी धर्मों में आचरण का पालन करना जरूरी बताया गया है। आध्यात्म ही सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। भागवत ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में कहा कि अध्यात्म के बिना धर्म का कोई अस्तित्व नहीं है। सभी धर्मों में आचरण का पालन करना बताया गया है। उन्होने कहा कि आध्यात्म ही सबको साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। अभी तक जितने भी महापुरुष हुए हैं उनका नाम और काम भले ही अलग-अलग रहा हो लेकिन सभी के आधार में आध्यात्म अवश्य रहा। ऐसे लोगों के पथ पर हमें कदम बढ़ाना होगा।

## आंध्र सीएम की बहन को कार समेत क्रेन से खींचा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में तेलंगाना के उट का विरोध करने पर पुलिस ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की बहन को कार समेत उठा लिया। वाकया मंगलवार का है, जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन और वाइएसआर की चीफ शर्मिला रेड्डी टीआरएस के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने शर्मिला की कार को क्रेन से खींच लिया। जिस समय पुलिस क्रेन कार को खींचकर ले जा रही थी, तब शर्मिला रेड्डी कार के अंदर मौजूद थीं।

## पंजाब में बीएसएफ ने ढेर किये दो पाक ड्रोन

**अमृतसर।** भारत-पाक सरहद पर आए दो ड्रोन को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने गिराने में सफलता हासिल की है। खास बात है कि इस बार अमृतसर बॉर्डर पर ड्रोन को मार गिराने वाली 2 महिला बीएसएफ जवान हैं। वहीं, दूसरा ड्रोन तरनतारन के खेमकरण सेक्टर में गिराया गया है।

## पाकिस्तान : मुनीर ने नये सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

**इस्लामाबाद।** जनरल असीम मुनीर ने मंगलवार को देश के पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी में सेना मुख्यालय में आयोजित समारोह में पाकिस्तान के 17वें सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने समारोह में जनरल मुनीर को कमान सौंपी। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक, सैन्य अधिकारी, राजनयिक भी मौजूद थे।

### राष्ट्रपति और उनकी पार्टी के खिलाफ जगह-जगह आंदोलन

# चीन में शी जिनपिंग के खिलाफ बगावत

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी के खिलाफ आजकल जिस तरह के आंदोलन जगह-जगह हो रहे हैं, वे 1989 में थ्यानमेन चौराहे पर हुए भयंकर नरसंहार की याद ताजा कर रहे हैं। पिछले 33 साल में इतने जबर्दस्त प्रदर्शन चीन में दुबारा नहीं हुए।

ये प्रदर्शन तब हो रहे हैं जबकि यह माना जा रहा है कि माओत्से तुंग के बाद शी जिनपिंग सबसे अधिक लोकप्रिय और शक्तिशाली नेता हैं। अभी-अभी उन्होंने अपने आपको तीसरी बार राष्ट्रपति घोषित करवा लिया है लेकिन चीन के लगभग 10 शहरों के विश्वविद्यालयों और सड़कों पर उनके खिलाफ नारे लग रहे हैं।



**कोरोना प्रतिबंध बना कारण**

ऐसा क्यों हो रहा है! सारे अखबार और टीवी चैनल मानकर चल रहे हैं कि ये प्रदर्शन कोरोना महामारी के दौरान जारी प्रतिबंधों के खिलाफ हो रहे हैं। मोटे तौर पर यह बात सही है। चीन में कोरोना की शुरूआत हुई और वह सारी दुनिया में फैल गया लेकिन दुनिया से तो वह विदा हो लिया किंतु चीन में उसका प्रकोप अभी तक जारी है। ताजा सूचना के मुताबिक 40 हजार लोग अभी भी उस महामारी से पीड़ित पाए गए हैं। चीनी सरकार ने इस महामारी का मुकाबला करने के लिए दफ्तरों, बाजारों, कारखानों, स्कूल-कालेजों और लगभग हर जगह कड़े प्रतिबंध थोप रखे हैं। उनकी वजह से बेरोजगारी बढ़ी है, उत्पादन घटा है और मानसिक बीमारियां फैल रही हैं। इसीलिए लोग उन प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन वे अब इससे भी ज्यादा आगे बढ़ गए हैं। वे नारे लगा रहे हैं कि जिनपिंग तुम गद्दी छोड़ो। इसका कारण क्या है? वह कारण महामारी से भी अधिक गहरा है। वह है- चीनी लोगों का तानाशाही से तंग होना। वे अब लोकतंत्र की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए यह संदेश घर-घर पहुंच रहा है।

इस मांग का सबसे ज्यादा असर शिनच्यांग (सिंक्यांग) प्रांत में देखने को मिल रहा है। उसकी राजधानी उरूमची में 10 लोगों की जान जा चुकी है। शिनच्यांग में उइगर मुसलमान रहते हैं। उनकी जिंदगी चीनी हान मालिकों के सामने गुलामों की तरह गुजरती है।

## कॉलेजियम के लिए सुझाये दो नामों पर केंद्र की मुहर

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट के जजों के लिए सुझाए गए दो नामों को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट करके इन जजों को चुने जाने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संतोष गोविंदराव और मिलिंद मनोहर को बॉम्बे हाई कोर्ट में अतिरिक्त जज नियुक्त किया जाता है। सरकार की ओर से इन दो नामों को ऐसे वक्त में मंजूरी दी गई है, जब कॉलेजियम की ओर से सुझाए गए नामों पर फैसले में देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ऐतराज जता चुका है।

## चीन बॉर्डर पर भारत अमेरिका का युद्धाभ्यास

**देहरादून।** उत्तराखंड के औली में चीन बॉर्डर के पास भारत और अमेरिका का मिलिट्री एक्सरसाइज चल रहा है। खास बात ये है कि इस मिलिट्री एक्सरसाइज में रूसी हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। दोनों देशों के सैनिक रूस के एमआइ-17वी-5 हेलिकॉप्टर से एलएसी पहुंचे। एमआइ-17वी-5 दुनिया का सबसे एडवांस ट्रांसपोर्ट हेलिकॉप्टर है। एमआइ-17वी-5 रेस्क्यू मिशन में भी तैनात किया जा सकता है।

# सेना को अब मिला 'अर्जुन' पाक ड्रोन की अब खैर नहीं



एजेंसी


**नयी दिल्ली।** भारत में आतंकी साजिशों के लिए इस्तेमाल होने वाले ड्रोन से निपटने के लिए सेना को अब 'अर्जुन' मिल गया है। ये 'अर्जुन' एक चील है जिसे खास तौर से दुश्मन के ड्रोन नष्ट करने के लिए ट्रेंड किया गया है। इसे भारतीय सेना ने ट्रेंड किया है। उत्तराखंड के औली में भारत और अमेरिका के बीच युद्ध अभ्यास चल रहा है। अर्जुन नाम की इन चीलों की ट्रेनिंग इसी युद्ध अभ्यास में देखने को मिली है। सेना पहली बार दुश्मन के ड्रोन को नष्ट करने के लिए चीलों का इस्तेमाल कर रही है। जानकारी के मुताबिक युद्ध अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने एक स्थिति पैदा की जिसमें एक चील और कुत्ते के जरिए दुश्मन के ड्रोन को खोजा गया और उसे नष्ट किया गया। इसमें कुत्ते की भूमिका ड्रोन की आवाज सुनकर भारतीय सेना को अलर्ट करना था। जबकि चील ने दुश्मन के ड्रोन की लोकेशन पता करके उसे हवा में ही नष्ट कर दिया। सेना अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेना ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए चीलों के साथ-साथ कुत्तों का भी इस्तेमाल कर रही है।

# खड़गे ने पीएम को कहा रावण, भाजपा ने कहा ये सिर्फ पीएम नहीं, गुजरात और देश का अपमान

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात चुनाव के लिए जारी प्रचार में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। बेहरामपुरा में जनसभा के दौरान खड़गे ने कहा- प्रधानमंत्री बोलते हैं कि कहीं और मत देखो। मोदी को देखकर वोट दो। कितनी बार तुम्हारी सूरत देखें? हमने कॉर्पोरेशन चुनाव में तुम्हारी सूरत देखी। एमएलए चुनाव में, एमपी इलेक्शन में सूरत देखी। हर जगह पर, क्या रावण की तरह आपके 100 मुख हैं। मुझे समझ नहीं आता।

## ये सोनिया और राहुल का बयान है : संबित





भाजपा आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने मंगलवार को कहा कि खड़गे गुजरात विधानसभा चुनाव का प्रेशर नहीं सह पा रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रावण कहना घोर अपमान है। सबसे पहले कांग्रेस की चीफ रह चुकीं सोनिया गांधी ने मोदी को मौत का सौदागर कहकर संबोधित किया था। आखिर इन लोगों को क्या मिलता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम को रावण कहा है। इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कांग्रेस की मानसिकता को दशार्ता है। ये सिर्फ मोदी जी का अपमान नहीं, बल्कि पूरे देश और गुजरात का अपमान है। ये सिर्फ खड़गे का बयान नहीं है, बल्कि सोनिया और राहुल का बयान है।

## देश को पहला प्राइवेट रॉकेट लॉन्चपैड मिला

**श्रीहरिकोटा।** देश में रॉकेट छोड़ने के लिए अब तक श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर में मौजूद दो सरकारी लॉन्चपैड का इस्तेमाल किया जाता रहा है। अब यह स्थिति बदलने वाली है। देश को पहला निजी रॉकेट लॉन्चपैड और मिशन कंट्रोल सेंटर मिल गया है। इसे स्पेस स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने बनाया है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चेयरमैन एस सोमनाथ ने इसका उद्घाटन किया है। कंपनी अग्निबाण नाम का रॉकेट भी तैयार कर रही है। इसे नए लॉन्चपैड से इस साल के आखिर तक छोड़ा जा सकता है। यानी अब सतीश धवन स्पेस सेंटर में प्राइवेट लॉन्चपैड को भी ऑपरेट किया जाएगा।

# इजराइली फिल्म मेकर ने कश्मीर फाइल्स को वल्गर कहा

एजेंसी

**पणजी।** गोवा में 53वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (आइएफएफआइ) के समापन समारोह में इजराइली फिल्म मेकर के एक बयान के बाद बवाल मचा हुआ है। दरअसल, नदाव लैपिड (इजराइली फिल्म मेकर) ने सोमवार को द कश्मीर फाइल्स को वल्गर और प्रोपेगेंडा फिल्म बता दिया। लैपिड जब ये बयान दे रहे थे, उस समय मंच पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी मंच पर मौजूद थे। लैपिड के इस विवादित बयान के बाद उन्हें आइएफएफआइ जूरी हेड बनाने वाली कमेटी भी निशाने पर आ गई है। लैपिड का नाम जूरी हेड के लिए जिन्होंने सुझाया था उनमें



करण जौहर, प्रसून जोशी, मनोज मुंतशिर, खुशबू सुंदर, प्रियदर्शन, बॉबी बेदी, हर्षिता भट्ट, निखिल महाजन, रवि कोट्टाराकारा, सुखविंदर सिंह और वाणी त्रिपाठी जैसे दिग्गज शामिल हैं।

**लैपिड को शर्म आनी चाहिए : इजराइली राजदूत**

इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने लैपिड के इस बयान पर उन्हें कड़ी फटकार लगाई। गिलोन ने कहा- भारत की मेजबानी और दोस्ती के बदले लैपिड के बयान पर मैं शर्मिंदा हूं और माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा- लैपिड का बयान असंवेदनशील और अभिमान से भरा हुआ है। आपको शर्म आनी चाहिए।

**अनुपम खेर और अशोक पंडित ने भी विरोध जताया**

लैपिड के बयान पर अभिनेता अनुपम खेर और फिल्म मेकर अशोक पंडित ने भी विरोध जताया है। खेर ने कहा कि भगवान उन्हें सदबुद्धि दें। पंडित ने कहा कि कश्मीर फाइल्स को अश्लील नहीं कहा जा सकता है। उधर फिल्म फेस्टिवल की जूरी ने भी इस बयान से दूरी बना ली है। जूरी ने कहा कि यह लैपिड की निजी राय है।

## राहुल ने महाकाल को किया साष्टांग प्रणाम



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा सातवें दिन उज्जैन पहुंच गई है, राहुल गांधी यहां बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचे। यहां शासकीय पुजारी के आचार्यत्व में उन्होंने भगवान महाकाल का पूजन किया। इसके बाद राहुल सामाजिक न्याय परिसर में सभा को संबोधित करने पहुंचे। मंगलवार सुबह भारत जोड़ो यात्रा सांवेर से शुरू होकर उज्जैन पहुंची। मंगल कलश लिए महिलाओं ने उनका शहर में स्वागत किया। राहुल ने जय महाकाल के साथ अपना संबोधन शुरू किया।

## गुजरात में पहले फेज के चुनाव के लिए प्रचार थमा, वोटिंग कल

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 1 दिसंबर को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया है। पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान होगा, इसके लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस दौरान मोरबी, कच्छ, राजकोट, पोरबंदर और जूनागढ़ जैसी सीटों पर वोटिंग होगी। 19 जिलों में होने वाली वोटिंग में 2 करोड़ से ज्यादा वोटर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे। पहले चरण में बीजेपी और कांग्रेस सभी 89 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी ने 88 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा है। बहुजन समाजवादी पार्टी ने भी 57 प्रत्याशियों टिकट दिया है।

### उलेमाओं के कार्यक्रम में बोले अजीत डोभाल

# शांति का मजहब है इस्लाम




एजेंसी

**जर्कार्ता।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को उलेमाओं के एक कार्यक्रम में कहा कि 'इस्लाम शांति का मजहब है।' उन्होंने कहा कि 'अतिवाद और आतंकवाद इस्लाम के अर्थ के खिलाफ हैं। इस्लाम का अर्थ शांति और कल्याण है'। डोभाल ने कहा कि इस्लाम शांति का मजहब है जो कहता है कि एक इंसान का कत्ल सारी इंसानियत के कत्ल के बराबर है। एनएसए यहां इस्लामी सांस्कृतिक केंद्र में भारतीय और इंडोनेशियाई उलेमाओं के बीच एक विशेष बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान शांति स्थापित करने में इस्लाम की महत्वपूर्ण भूमिका की वकालत करते हुए डोभाल ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे भारत और इंडोनेशिया आतंकवाद और अलगाववाद के शिकार हुए हैं। डोभाल ने कहा, 'सीमा पार और आईएसआईएस से प्रेरित आतंकवाद की घटना अभी भी एक बड़ा खतरा बनी हुई है।'

# अवनीत कौर ने एक बार फिर पोस्ट की बोल्ड फोटोज

एक्ट्रेस अवनीत कौर ने डांस रियलिटी शो से अपने करियर की शुरूआत की थी। अवनीत इस शो में बतौर डांसर आई थी। हालांकि कुछ समय बाद उन्होंने एक्टिंग में अपना डेब्यू किया। अवनीत ने अब टीवी के छोटे पर्दे से लेकर बॉलीवुड के बड़े पर्दे तक अपना नाम और अपनी पहचान बनाई है। हालांकि अब अवनीत को बतौर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के तौर पर देखा



जा रहा था। सोशल मीडिया पर अमृता के करोड़ों फैंस हैं। उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। उनकी एक झलक देखने के लिए फैंस बेताब होते हैं। अवनीत कौर की सीरियल 'अलादीन' में सिद्धार्थ के साथ उनकी जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया। लाखों फैंस उन्हें वापस देखना चाहते हैं। अवनीत कौर जल्द ही नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं।




# पोलैंड के खिलाफ अर्जेंटीना की नजरें एक बार फिर मेस्सी पर

एजेंसी

**दोहा।** लियोनल मेस्सी मौजूदा विश्व कप में पहले ही एक बार अर्जेंटीना के खेवनहार की भूमिका निभा चुके हैं और टीम को बुधवार को पोलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में भी उसने इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिससे कि टीम की नॉकआउट में जगह बनाने की राह आसान हो जाए। अर्जेंटीना में पूजे जाने वाले मेस्सी संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे हैं और वह अपनी ट्रॉफियों के कैबिनेट में इस प्रतिष्ठित खिताब को भी शामिल करना चाहेंगे। मेस्सी विश्व कप के अलावा कर बड़ा खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रोबर्ट लेवानदोवस्की के लिए भी यह संभवतः अंतिम विश्व कप होगा।

ग्रुप सी में टीम की संभावनाओं पर बात करें तो पोलैंड के खिलाफ जीत अर्जेंटीना की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित करेगी। मुकाबला ड्रॉ होने की स्थिति में अर्जेंटीना की टीम या तो पोलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहेगी या फिर सऊदी अरब और मैक्सिको की टीम उसे बाहर कर सकती हैं। अर्जेंटीना की टीम हार के बावजूद नॉकआउट की दौड़ में बनी रह सकती है लेकिन इस शर्मनाक स्थिति का सामना करना टीम के लिए आसान नहीं होगा। अर्जेंटीना को अपने पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ 1-2 की उलटफेर भरी हार का सामना करना पड़ा था और टीम अब 2002 के बाद पहली बार ग्रुप चरण से ही बाहर होने से बचने के लिए चुनौती पेश कर रही है।



सऊदी अरब और मैक्सिको के बीच मुकाबला भी अर्जेंटीना और पोलैंड के बीच होने वाले मुकाबले के साथ ही खेला जाएगा। सऊदी अरब की टीम अगर जीत दर्ज करती है तो नॉकआउट में जगह सुनिश्चित कर लेगी। ड्रॉ के साथ भी उसकी संभावना बनी रहेगी लेकिन तब मामला दूसरे ग्रुप मैच के नतीजों और अगर मगर पर निर्भर करेगा।

## सउदी अरब के खिलाफ मेक्सिको के लिए करो या मरो का मुकाबला

पिछले 44 साल में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए मेक्सिको को विश्व कप फुटबॉल में ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में बुधवार को सउदी अरब को हर हालत में हराना होगा और दूसरे मैच का नतीजा भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार ग्रुप सी में अंकतालिका में सबसे नीचे है। उसे लुसैल स्टेडियम पर कल होने वाला मैच हर हालत में जीतना होगा। मेक्सिको आखिरी बार 1978 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हुआ था। उसे जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम पोलैंड से हार जाए। अगर मेक्सिको जीत जाता है और अर्जेंटीना भी अपना मैच जीत जाता है तो फैसला गोल औसत के आधार पर होगा। मेक्सिको ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं किया है। फॉरवर्ड हेनरी मार्टिन ने कहा, ह्यअगले मैच में हमारे पास ज्यादा मौके नहीं है। हमें हर मौका भुनाना होगा। हम दूसरे मैचों पर निर्भर नहीं रहना चाहते। मेक्सिको और पोलैंड के बीच पहला मैच गोलरहित ड्रॉ रहा था जबकि दूसरे मैच में अर्जेंटीना ने उसे 2.0 से मात दी थी। मेक्सिको 1982 में स्पेन में हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका जबकि 1990 में इटली में विश्व कप में उस पर प्रतिबंध लगा था।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरे वनडे पर भी मंडरा रहे बादल



एजेंसी

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड में पिछले कुछ हफ्तों से हो रही बारिश के चलते टी20 सीरीज और वनडे सीरीज को प्रभावित किया है। रविवार, 27 नवंबर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा एकदिवसीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। तीसरे एकदिवसीय मैच में भी बारिश की संभावना है। शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से पीछे चल रही है। 30 नवंबर को सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। क्राइस्टचर्च के हैगले पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में भी बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार 88 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। बुधवार शाम को तेज बारिश की संभावना जताई जा रही है। तापमान 10 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। दोपहर में खेल होने की संभावना है, वो भी 20-20 ओवर का। बारिश के पूवार्नुमान के चलते मैच में टॉस अहम रोल अदा करेगा। वहीं मैच के दौरान डीएलएस अहम भूमिका निभाएगा।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar- I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran- I | ₹ 60 | | |
| English Grammar- I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran- I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!